# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शनिवार, 30 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 104 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




एशिया हॉकी में भारत ने चीन को 4-3 से हराया

## चार छात्र डूबे, सभी के शव बरामद

**मृतकों में कृष्ण सिंह (17 वर्ष, 12वीं के छात्र) सहित आर्यन कुमार, कृष और आर्यन शामिल**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत मयूराक्षी नदी में स्नान करने गए चार छात्रों की डूबने से मौत हो गई। देर रात से लापता इन छात्रों के शव शनिवार को गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद बरामद किए गए। हादसे से पूरे इलाके में मातम छा गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, दुमका शहर के रहने वाले चारों दोस्त शुक्रवार की शाम घर से निकले थे, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटे। परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की, तभी जामा थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव के लोगों ने नदी किनारे कपड़े और मोबाइल फोन देख पुलिस को सूचना दी। आशंका जताई गई कि चारों छात्र नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गए। शनिवार सुबह सबसे पहले बक्शी बांध इलाके के रहने वाले कृष्ण सिंह (17 वर्ष), जो स्थानीय जिला स्कूल में 12वीं का छात्र था, का शव बरामद किया गया। इसके बाद मसानजोर से बुलाई गई गोताखोरों की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शेष तीन छात्रों—आर्यन कुमार, कृष और आर्यन—के शव भी नदी से निकाल लिए। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि लगातार हो रही बारिश से मयूराक्षी नदी का जलस्तर लगभग 20 फीट तक बढ़ा हुआ है, जिसके चलते गोताखोरों को तलाशी अभियान में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि इसी जगह, जिसे लोग स्थानीय भाषा में मिनी गोवा कहते हैं, वर्ष 2016 में भी छह छात्र डूब गए थे। उस हादसे में पांच शव बरामद हुए थे, जबकि एक छात्र का शव आज तक नहीं मिल पाया। अब एक बार फिर उसी स्थान पर बड़ा हादसा घटित होने से लोगों में दहशत है। जामा थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि "चारों शव बरामद कर लिए गए हैं। गोताखोरों ने कड़ी मेहनत की। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।"

## बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भिड़ंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस नेता मोहम्मद नौशाद द्वारा दरभंगा में मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अभद्र भाषा कहने के बाद बिहार की सियासत गरमा गई है। शुक्रवार को राजधानी पटना में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि भाजपा समर्थक सदाकत आश्रम स्थित कांग्रेस दफ्तर में घुस गए और वहां तोड़फोड़ की। दोनों ओर से लाठी-डंडे चले और पत्थरबाजी हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। गौरतलब है कि बुधवार को महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की सभा में कांग्रेस नेता नौशाद के मंच से पीएम मोदी की दिवंगत माता को गाली दी गई थी। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस ने गुरुवार देर रात आरोपी रिजवी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार सुबह भाजपा कार्यकर्ता कुर्जी अस्पताल से विरोध मार्च निकालते हुए कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान दोनों दलों के समर्थक आमने-सामने हो गए।

## पंचायती राज मंत्रालय के निदेशक व सलाहकार पहुंचे बुंडू, किया निरीक्षण

**ग्राम प्रधानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण**





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** रांची जिले के बुंडू प्रखंड का शुक्रवार को भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के निदेशक विपुल उज्ज्वल और सलाहकार डॉ. रौनक अहमद ने दौरा किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि जेएसएलपीएस की दीदियों ने पारंपरिक गीतों के जरिए अभिनंदन किया। अधिकारियों ने प्रखंड सभागार में चल रहे पेसा एक्ट से जुड़े ग्राम प्रधानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। प्रशिक्षण दे रहीं मास्टर ट्रेनर अंजना देवी और प्रमोद ठाकुर से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान निदेशक विपुल उज्ज्वल ने कहा कि पंचायत स्तर पर सुशासन की कुंजी ग्रामसभा को मज़बूत करना है। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता बेहद ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि जितनी अधिक जनभागीदारी होगी, विकास उतना ही प्रभावी होगा। विशेष रूप से उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने की अपील की। बैठक में ग्राम प्रधानों के कार्यों की समीक्षा की गई। पंचायत प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि सभी ग्रामीण विकास योजनाओं को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष सिर्फ झारखंड जनाधिकार पार्टी ने रखा पक्ष





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड में पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त पांच राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीइओ) के. रवि कुमार ने इन दलों को नोटिस जारी कर 22 अगस्त तक शपथ पत्र और 29 अगस्त को निर्धारित सुनवाई में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को हुई बैठक में केवल रांची स्थित झारखंड जनाधिकार पार्टी के पदाधिकारी ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष पहुंचे और अपने राजनीतिक दल के अस्तित्व को बनाए रखने हेतु पक्ष रखा। वहीं, अन्य चार राजनीतिक दल हजारीबाग की आपका हमारा पार्टी, गिरिडीह की बहुजन सदन मोर्चा, पूर्वी सिंहभूम की झारखंड दिशोम पार्टी और रांची की हम किसान पार्टी के कोई भी प्रतिनिधि सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए। विदित हो कि इन दलों का पिछले कई वर्षों से सक्रियता का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। निर्वाचन आयोग ने इनके पंजीकृत पत्राचार पते पर नोटिस भेजने के साथ-साथ अखबारों में सूचना प्रकाशित कर और सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स पर भी जानकारी साझा की थी। बावजूद इसके, चार दलों की ओर से किसी प्रकार का प्रत्युत्तर नहीं मिला। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय अब प्राप्त जवाबों और आयोग के निर्देशों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगा। संभावना है कि अनुपस्थित दलों के नाम निर्वाचन आयोग की सूची से हटाए जा सकते हैं।

## पटना सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के सिविल कोर्ट को शुक्रवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिसके बाद पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। सूत्रों के अनुसार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भेजे गए ईमेल में लिखा गया है कि कोर्ट परिसर और जजों के चैंबर सहित चार जगहों पर आरडीएक्स-आईईडी लगाए गए हैं। धमकी में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का नाम लिया गया है और चेन्नई का भी जिक्र किया गया है।

## शिक्षक की गोली मारकर हत्या

**दरभंगा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के मनीगाछी प्रखंड के उजान गांव में गुरुवार देर शाम अपराधियों ने एक सरकारी स्कूल के प्रभारी हेडमास्टर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान उजायन पंचायत के सोनपुर मधुपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी हेडमास्टर राजेश कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। वे मूल रूप से मधुबनी जिले के फुलपरास प्रखंड के रहने वाले थे। राजेश कुमार ठाकुर दो वर्ष पहले टीआरई-1 परीक्षा के तहत चयनित होकर बीपीएससी शिक्षक बने थे। हाल ही में उनका ट्रांसफर गृह प्रखंड फुलपरास हुआ था, लेकिन बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का अतिरिक्त प्रभार होने के कारण वे नए विद्यालय में ज्वॉइन नहीं कर पाए थे। जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम राजेश स्कूल से ब्लॉक कार्यालय जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान घात लगाए बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। अपराधियों ने करीब से गोली चलाई, जो उनकी कमर में जा लगी। गंभीर रूप से घायल होकर वे सड़क किनारे गिर पड़े, लेकिन हिम्मत जुटाकर किसी तरह अपने साथी के घर तक पहुंचे और घटना की जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल पंडौल के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर डॉक्टरों ने डीएमसीएच रेफर कर दिया। इलाज के दौरान राजेश की मौत हो गई।


## बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भिड़ंत


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कांग्रेस नेता मोहम्मद नौशाद द्वारा दरभंगा में मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अभद्र भाषा कहने के बाद बिहार की सियासत गरमा गई है। शुक्रवार को राजधानी पटना में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि भाजपा समर्थक सदाकत आश्रम स्थित कांग्रेस दफ्तर में घुस गए और वहां तोड़फोड़ की। दोनों ओर से लाठी-डंडे चले और पत्थरबाजी हुई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। गौरतलब है कि बुधवार को महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान दरभंगा में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की सभा में कांग्रेस नेता नौशाद के मंच से पीएम मोदी की दिवंगत माता को गाली दी गई थी। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस ने गुरुवार देर रात आरोपी रिजवी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार सुबह भाजपा कार्यकर्ता कुर्जी अस्पताल से विरोध मार्च निकालते हुए कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान दोनों दलों के समर्थक आमने-सामने हो गए। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने दफ्तर में घुसकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की और एक ट्रक समेत तीन गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। कांग्रेस सेवादल कार्यालय मंत्री विपिन झा और पूर्व जिलाध्यक्ष परवेज अहमद घायल हो गए। पार्टी ने आरोप लगाया कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही और मंत्री के बॉडीगार्ड भी हमले में शामिल थे। वहीं, मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि कांग्रेस कार्यालय से भाजपा जुलूस पर पत्थरबाजी की गई, जिसमें उनके कई कार्यकर्ता घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं। मंत्री नितिन नबीन ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम और देश का अपमान करना कांग्रेस की आदत बन गई है। कांग्रेस ने पहले से पत्थर जमा कर रखे थे। अब जनता ही चुनाव में वोट की चोट से जवाब देगी। इस घटना ने बिहार की राजनीति को पूरी तरह गरमा दिया है। कांग्रेस ने जहां भाजपा पर सरकारी मशीनरी और पुलिस के दुरुपयोग का आरोप लगाया, वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर देश का अपमान करने का आरोप मढ़ा है। दोनों दलों के बीच तकरार अब चुनावी मुद्दा बनने के संकेत दे रही है।

## सीतामढ़ी में कोरियर बॉय की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** जिले में गुरुवार की रात भूमि विवाद को लेकर एक कोरियर कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राहुल कुमार के रूप में हुई है, जो एक निजी कोरियर कंपनी में कार्यरत था। घटना महिंदवाड़ा थाना क्षेत्र के बलीगढ़ गांव के पास हुई, जहां घात लगाए अपराधियों ने राहुल पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गंभीर रूप से घायल राहुल को तत्काल मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने महिंदवाड़ा के पास मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर आगजनी की। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि मृतक को पहले से जान का खतरा था, जिसकी सूचना थाने को दी गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस लापरवाही के कारण उसकी जान गई। परिजनों का आरोप है कि राहुल का जमीन विवाद को लेकर कुछ लोगों से पुराना विवाद चल रहा था और लगातार उसे धमकी मिल रही थी।

## चार करोड़ की अफीम के साथ चार गिरफ्तार





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**फुलवारीशरीफ।** पटना पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी चोट करते हुए गोपालपुर थाना क्षेत्र के कछुआरा गांव से चार करोड़ रुपये की अफीम समेत भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुकेश कुमार (नालंदा), अजीत कुमार (39 वर्ष, बोकारो, झारखंड), श्रवण कुमार (22 वर्ष, चतरा, झारखंड) और जयराम भारती (26 वर्ष, चतरा, झारखंड) के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक ये सभी लंबे समय से अफीम और डोडा की तस्करी कर पटना, पंजाब और अन्य राज्यों में सप्लाई करते थे। एसटीएफ के नारकोटिक सेल को गुप्त सूचना मिली थी कि हरे रंग के डाला ऑटो से कछुआरा में मादक पदार्थ की बड़ी खेप लाई जा रही है। इस सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) परिचय कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने संदिग्ध वाहन को रोकने की कोशिश की, लेकिन उसमें सवार चारों तस्कर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान अफीम और नगद बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने एक ट्रक और गोदाम की छानबीन कर भारी मात्रा में डोडा, पॉपी हस्क और प्रोसेसिंग मशीन भी जब्त की। इस छापेमारी में पुलिस ने 40.178 किलो अफीम, 2.270 किलो पॉपी हस्क, 88.81 किलो डोडा पति चूर्ण, 6 लाख 62 हजार 900 रुपये नकद, 14 बैंक अकाउंट, लगभग 1.5 करोड़ रुपये के जमीन के कागजात, 40 लाख रुपये का फिक्स डिपॉजिट, दो बाइक, एक ऑटो और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इसके अलावा आरोपित मुकेश कुमार के घर से इलेक्ट्रॉनिक तराजू और अफीम सुखाने के लिए उपयोग की जाने वाली चार हॉर्स पावर की मिक्सिंग मशीन भी जब्त की गई है। एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब चार करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि यह गिरोह झारखंड से अफीम और डोडा मंगाकर पटना के गोदामों में प्रोसेस करता था और फिर इसे पंजाब, हरियाणा सहित अन्य राज्यों में भेजता था। जांच में यह भी सामने आया है कि तस्कर फलों की आड़ में मारूफगंज मंडी से खेप लाते और आगे सप्लाई करते थे। पूछताछ में आरोपत मुकेश कुमार ने स्वीकार किया कि वह पिछले 10 वर्षों से अफीम की तस्करी कर रहा है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि गिरोह का एक ट्रक अफीम लेकर पंजाब के लिए रवाना हुआ था, जिसकी घेराबंदी की जा रही है।




## संक्षिप्त समाचार

### स्टेशन पर होल्डिंग एरिया बनाने को लेकर होगा सर्वे

**भागलपुर, एजेंसी।** दीपावली व छठ की भीड़ को देखते हुए दीपावली के पहले ही भागलपुर रेलवे स्टेशन परिसर में होल्डिंग एरिया बनाया जायेगा। ताकि यात्रियों को भीड़ का सामना करना नहीं करना पड़े। दीपावली व छठ में जाने व आने वाले यात्रियों की भीड़ रहती है। इस भीड़ से बचने के लिए होल्डिंग एरिया में यात्रियों को ठहराया जायेगा। दीपावली व छठ में आने व जाने वाली ट्रेनों के समय यह व्यवस्था होगी कि जिस ट्रेन के जो यात्री होंगे वहीं प्लेटफॉर्म पर रहेंगे। इसके अलावे दूसरे ट्रेन के यात्रियों को होल्डिंग एरिया के पंडाल में ठहराया जायेगा। पिछले साल भी डिवीजन के द्वारा भीड़ को देखते हुए यह व्यवस्था की गयी थी।हालांकि इस दौरान मालदा से एक वरीय के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। क्राउड मेनेजमेंट में कोई दिक्कत नहीं हो इसको लेकर कई चरण में तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि भागलपुर में कई लंबी दूरी की ट्रेनों की आवाजाही होती है। इस वजह से भी इस स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ भारी संख्या में प्रत्येक वर्ष खासकर दीवाली और छठ पूजा के दौरान होती है।

### अध्यक्ष के पहल पर एनजीओ सफाईकर्मी काम पर लौटे

**भागलपुर, एजेंसी।** नगर परिषद सुल्तानगंज, एनजीओ के सफाईकर्मी तीसरे दिन गुरुवार को अपनी हड़ताल खत्म करते हुए काम पर वापस लौट गए। हड़ताल समाप्ति से पूर्व एनजीओ सफाईकर्मी अपने अध्यक्ष रामधनी यादव के आवास पर पहुंचकर अपनी मांगों को पूर्ण कराने का अनुरोध किया। सफाईकर्मी की समस्या सुनकर अध्यक्ष ने एनजीओ प्रतिनिधि से बात करते हुए सफाईकर्मियों को बकाए रुपये के भुगतान करने की बात कही। एनजीओ प्रतिनिधि रामप्रवेश ने मौके पर पहुंचकर सफाईकर्मियों को बताया कि जुलाई तक का भुगतान खाते पर कर दिया गया है। एनजीओ के सकारात्मक पहल एवं सफाईकर्मी के अध्यक्ष रामधनी यादव के आश्वासन पर सफाईकर्मियों ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा की और अपने काम पर लौटे। सफाईकर्मी के अध्यक्ष ने बताया कि एनजीओ द्वारा सफाई मजदूर को भुगतान करने की बात कही गई थी। भुगतान नहीं करने पर सफाई कर्मी हड़ताल पर चले गए थे।

### मुंगेर में 25 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा का पूजन, आकर्षक पंडालों में उमड़ी भीड़

**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर में बुधवार को अलग-अलग जगहों पर गणेश पूजा का आयोजन हुआ। शहर और प्रखंड क्षेत्रों में जगह-जगह गणेश प्रतिमा स्थापित की गई। जिला मुख्यालय में कई आकर्षक पंडाल बनाए गए और मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया।शहर के शादीपुर, तिलक मैदान, गढ़ैया मार्केट, गुलजार पोखर, अंबे चौक, पूरबसराय ढाला समेत 50 से अधिक जगहों पर गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गई। वहीं ग्रामीण इलाकों में भी पूजा का उत्साह देखने को मिला।जमालपुर, बरियारपुर, धरहरा, हवेली खड़गपुर, टेटिया बंबर, तारापुर, असरगंज और संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्रों में भी आकर्षक पंडालों और सजावट के साथ गणेश पूजा की शुरुआत हुई। गणेश पूजा के पहले दिन ही भक्ति जागरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन गाए। छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूजा के दौरान तीन दिनों तक अलग-अलग कार्यक्रम रखे गए हैं। श्रद्धालुओं के लिए हवा का भोग, खिचड़ी का प्रसाद और महाआरती का आयोजन किया जाएगा। गणेश पूजा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद है। एसपी सैयद इमरान मसूद के निर्देश पर पूरे जिले में पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील जगहों पर पुलिस और दंडाधिकारी की मौजूदगी सुनिश्चित की गई। प्रमुख चौक-चौराहों पर जवान तैनात हैं और जहां-जहां प्रतिमा स्थापित है, वहां बाइक सवार पुलिस की गश्ती भी जारी है।

### पैसे लेने के बाद भी नहीं बनाया पीएम आवास योजना का घर, कार्रवाई के लिए अधिकारियों को आदेश

**भभुआ, एजेंसी।** जिले के आवास विहीन लोगों को प्रधान मंत्री आवास योजना से वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 में 9843 आवास बनाने के लिए विभाग से लक्ष्य मिला । विभाग ने 9461 आवास बनाने की स्वीकृति प्रदान की। पीएम आवास बनाने के लिए चयनित लाभुकों प्रथम दूसरी ,तृतीय किश्त की राशि उपलब्ध करा दी। बावजूद राशि लेने के बाद भी अभी तक 2171 लाभुकों के द्वारा आवास का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है। लंबित आवास को पूरा कराने के लिए उप विकास आयुक्त ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवास पूरा कराने के दिशा- निर्देश दिया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए एमआईएस पदाधिकारी सुधीर कुमार पांडेय ने बताया जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 में प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 9843 आवास बनाने को लक्ष्य मिला था। विभाग के द्वारा 9461 आवास बनाने की स्वीकृत प्रदान की गई ।

# मुंगेर में गंगा वॉर्निंग लेवल से ऊपर, घर छोड़ रहे लोग, नालंदा में सड़क पर बह रही नदी

**पटना, एजेंसी।** पटना, मुंगेर में गंगा उफान पर है। मुंगेर में गंगा का जलस्तर वार्निंग लेबल 38.33 से लगभग 59 सेंटीमीटर ऊपर है। बढ़ते जलस्तर के कारण सदर प्रखंड के कुतलुपुर पंचायत अंतर्गत पड़ोड़ा टोला में भीषण कटाव जारी है। करीब 100 घर कटाव की जद में हैं। कटाव के डर से इस टोला के लोग पलायन शुरू कर दिया है। पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह घाट में गंगा खतरे के निशान को पार कर चुकी है। गांधी घाट और हाथीदह में गंगा 2 मीटर ऊपर बह रही है। साथ ही बक्सर में कर्मनाशा नदी का पानी स्टेट हाईवे पर आ गया है। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक पटना, भोजपुर, वैशाली, भागलपुर, खगड़िया, कटिहार, लखीसराय, मधेपुरा और नालंदा जिले के 21 प्रखंडों की 83 पंचायत के 502 गांवों में पानी घुस चुका है।



**32 जिलों में बारिश का अलर्ट :** पटना में शुक्रवार सुबह से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है। गुरुवार को भी पटना में हल्की बूंदाबांदी हुई थी। मौसम विभाग ने बिहार के 32 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले 24 घंटे में कहीं हल्की बारिश होगी। कुछ जिलों में उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है।

मानसून की टर्फ लाइन फिलहाल बिहार के उत्तरी हिस्सों के आसपास सक्रिय है। इसी कारण सीमांचल और उत्तर-पश्चिमी जिलों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। पटना, नालंदा समेत 32 जिलों में 40च्यकिमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा, हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। गुरुवार को कटिहार में तेज बारिश हुई।

**बिहार में अब भी 27 प्रतिशत कम बारिश :** मौसम विभाग ने बताया कि, बिहार में इस समय मानसून कमजोर स्थिति में है, इसलिए बारिश रुक-रुक कर होगी। उत्तर बिहार और सीमांचल जिलों में हल्की बारिश का असर देखने को मिलेगा, जबकि दक्षिणी और मध्य बिहार में बादल तो रहेंगे लेकिन बारिश सीमित होगी। मौसम विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार बिहार में अब भी 27 प्रतिशत कम बारिश है। राज्य में 544 एमएम बारिश हुई है, जबकि 741.1 एमएम होनी चाहिए थी।

**पटना में कैसा रहेगा मौसम :** पटना में अगले 24 घंटे तक हल्की बारिश की संभावना है, लेकिन लगातार बारिश की उम्मीद नहीं है। शाम के समय हल्के बादल छा सकते हैं और कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। गुरुवार की सुबह से ही हल्की धूप और उमस ने लोगों को परेशान किया। दिन चढ़ने के साथ ही तापमान बढ़ रहा। गुरुवार को सबसे ज्यादा नालंदा का अधिकतम तापमान 34 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा।

## बिहार को दो और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जल्द मिलेंगी, एक अयोध्या रूट पर चलेगी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** चुनावी साल में बिहार को जल्द ही दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सुविधा मिलने वाली है। इनमें से एक अयोध्या रूट पर चलाई जाएगी। इससे राजधानी पटना के साथ ही उत्तर बिहार के विभिन्न शहरों से श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या से आना-जाना आसान और सुगम हो जाएगा। दोनों नई प्रस्तावित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें पटना से चलाए जाने की योजना है, जो मुजफ्फरपुर होकर संचालित होंगी। जल्द ही इनका आधिकारिक टाइम टेबल जारी किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, पटना से अयोध्या के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जल्द शुरू होगी। यह ट्रेन पटना से खुलने के बाद पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बापूधाम मोतिहारी, सुगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, सिसवा बाजार, गोरखपुर, बस्ती और अयोध्या धाम होते हुए अयोध्या कैंट स्टेशन तक पहुंचेगी। कुल 565 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन लगभग पौने 8 घंटे में पूरी होगी।

दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन पूर्णिया से पटना के दानापुर के बीच होगा। यह ट्रेन पूर्णिया से खुलकर मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, हसनपुर रोड, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर और पाटलिपुत्र होते हुए दानापुर तक पहुंचेगी। इस ट्रेन की घोषणा बीते दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिल्ली में की थी।

फिलहाल इन दोनों वंदे भारत ट्रेनों की समय सारिणी पर आधिकारिक मुहर नहीं लग सकी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इन सेमी हाई स्पीड ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जा सकती है। मालूम हो कि, उत्तर पूर्व रेलवे पहले से गोरखपुर से एक वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन कर रहा है। यह गोरखपुर से बगहा, बेतिया, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर होते हुए पाटलिपुत्र के बीच चल रही है। शुरुआती दिनों में यात्रियों की कमी थी। अब यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

## हेडमास्टर की हत्या, स्कूल से 200 मीटर दूर मारी गोली, बुलेट लगने के बाद बाइक चलाकर भागे

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में प्रभारी हेडमास्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गुरुवार को स्कूल से करीब 200 मीटर की दूरी पर वारदात हुई है। पहले से घात लगाए बदमाशों ने दो गोली मारी, जो सीने और पेट में लगी। बुलेट लगने के बाद बचने के लिए टीचर ने जख्मी हालत में करीब आधा किमी बाइक चलाई, फिर गिर पड़े। इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उनकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान राजेश कुमार ठाकुर( 35 ) के तौर पर हुई है। प्राइमरी स्कूल मधपुर टोला सोनपुर में पोस्टिंग थी। वो प्रभारी हेडमास्टर और बीएलओ थे। घटना सकतपुर थाना क्षेत्र की है। दरभंगा के स्कूल में गुरुवार को उनका आखिरी दिन था। राजेश ठाकुर का मधुबनी ट्रांसफर हो चुका था।



मृतक के भाई मुकेश कुमार ठाकुर ने कहा -स्कूल की एक महिला शिक्षिका से उनका प्रेम-प्रसंग चल रहा था। उसके पति ने जान से मारने की धमकी दी थी। कहता था इस लड़के को मार देंगे। हमलोगों को इसकी जानकारी नहीं थी। यह बात उनके दोस्तों से पता चली। इसी विवाद में मेरे भाई की हत्या की गई है।

मृतक के दोस्त रामचंद्र महतो ने बताया, शुक्रवार को सोनपुर स्कूल में उनका आखिरी दिन था। मधबुनी ट्रांसफर हो गया था। बीएलओ का कार्य देखने के लिए स्कूल से निकले थे। करीब 200 मीटर की दूरी पर गंगौली वार्ड नंबर 6 स्थित चन्ना झा के पोखर के पास घात लगाए अपराधियों ने उन पर गोली चला दी। गोली सीने और पेट के आसपास लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद भी हिम्मत नहीं हारी। कुछ दूर तक बाइक चलाकर गए। फिर सड़क पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। तुरंत उन्हें पंडौल स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां से डॉक्टरों ने डीएमसीएच रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात मौत हो गई।

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है, एक ईमानदार शिक्षक की खुलेआम गोली मारकर हत्या प्रशासन और पुलिस के लिए चुनौती है। जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए।

राजेश मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र के सुगापट्टी गांव के रहने वाले थे। उन्होंने अभी तक शादी नहीं की थी। चार भाइयों में सबसे बड़े थे। 4 साल पहले बीपीएससी शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे। रोजाना करीब 35 किलोमीटर की दूरी बाइक से तय कर स्कूल आते-जाते थे।

## सुपौल में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में विपक्ष पर हमला, केंद्रीय मंत्री बोले- वोट चोरी की बात बिहार का अपमान



**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल में एनडीए विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। यह सम्मेलन निर्मली के भागीरथ उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद यादव ने की। जबकि संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र ऋषिदेव ने किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने विपक्ष पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को चोरी के वोट से जीतने की बात कहना बिहार की जनता का अपमान है।मंत्री ने दावा किया कि 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए 225 सीटें जीतेगा।

बिहार सरकार के मंत्री नीरज कुमार बबलू ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर तंज कसा। बोले- जो खुद पढ़ाई पूरी नहीं कर पाए, वे बिहार में शिक्षा और विकास की बात करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बिहार में उद्योग, कारखाने और देश का सबसे लंबा पुल बन रहा है। जदयू प्रदेश कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ ने नीतीश कुमार को महिला आरक्षण और पंचायत से जिला परिषद तक नेतृत्व में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सराहा।हम पार्टी की प्रदेश नेता रेखा गुप्ता ने कहा कि यह चुनाव बिहार के भविष्य की दिशा तय करेगा।

लोजपा ( रा ) प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडे ने दिवंगत नेता रामविलास पासवान को याद किया। उन्होंने कहा- कोरोना काल में एनडीए सरकार ने हर गरीब को अनाज दिया। कार्यकर्ता चिराग पासवान के 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' विजन को गांव-गांव तक पहुंचाएं। पूर्व मंत्री अशोक राम ने सरकार की योजनाओं को गिनाया। इनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 से बढ़ाकर 1100 रुपए और उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली शामिल थे। पूर्व विधानसभा उपसभापति हारुन रशीद ने कहा कि विकास के मामले में नीतीश कुमार का कोई मुकाबला नहीं है। जनता काम के आधार पर एनडीए को वोट देगी।सम्मेलन को पूर्व विधायक लखन ठाकुर, उदय गोइत, कार्यक्रम प्रभारी मनीष कुमार यादव, लोजपा जिलाध्यक्ष गौतम कुमार शेखर समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।मंच पर स्थानीय प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिहार में वोटर लिस्ट से 3 लाख नाम और कटेंगे ? चुनाव आयोग भेजेगा नोटिस

**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट से 3 लाख मतदाताओं के नाम और कटने की कगार पर हैं। चुनाव आयोग इन वोटरों को नोटिस भेजेगा। इन मतदाताओं ने वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) के तहत दावा-आपत्ति के दौरान जरूरी दस्तावेज जमा नहीं कराए थे। ऐसे वोटरों से उनकी नागरिकता की पहचान स्थापित करने को कहा जाएगा। ऐसा नहीं करने पर उनके नाम फाइनल वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए जाएंगे और वे आगामी विधानसभा चुनाव में वोट नहीं डाल पाएंगे। इससे पहले एसआईआर के तहत आयोग ने बिहार में करीब 65 लाख मृत, डुप्लीकेट और अन्य जगहों पर शिफ्ट हुए मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए थे।

निर्वाचन विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को जानकारी दी है कि जिन मतदाताओं ने दावा-आपत्ति के दौरान दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं, उन्हें विभिन्न जिलों में नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई है। ऐसे वोटर की संख्या लगभग 3 लाख बताई जा रही है। इनमें बड़ी संख्या में बिहार के सीमावर्ती जिलों के मतदाता भी शामिल हैं।

चुनाव आयोग ने किशनगंज, पूर्णिया, अररिया, सहरसा, मधुबनी, पश्चिमी चंपारण के अतिरिक्त अन्य जिलों में ऐसे करीब 3 लाख मतदाताओं को चिह्नित किया है जिन्होंने सत्यापन के दौरान अपने जरूरी दस्तावेज जमा नहीं कराए। सूत्रों ने बताया कि इन जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम की निगरानी में नोटिस भेजा जाएगा। आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर अभियान के दौरान ये वोटर संदिग्ध हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नाम कटने के बताए कारण :

इधर, सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश पर चुनाव आयोग ने सभी 65 लाख छूटे हुए मतदाताओं के नाम कारण सहित सभी बूथों, प्रखंड, जिला कार्यालयों पर प्रकाशित किया है। इसके साथ ही, शीर्ष अदालत के आदेश पर ही, राज्य में आधार पंजीकरण को भी आवश्यक दस्तावेज में शामिल किया गया है।

## गणपति के साथ जगमगाते श्रीराम के दर्शन को उमड़ रही भीड़

**गया, एजेंसी।** शाम होते ही शहर का आजाद पार्क रंग-बिरंगी रोशनी में नहा उठा। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरा इलाका गणपति की भक्ति में सराबोर हो गया। भव्य पंडाल में बिराजे श्री गणेश भी भव्य प्रतिमा के दर्शन-पूजन को कतार लग गई। पुरुष से ज्यादा महिलाएं की लाइन लंबी रही। मुंबई के लालबाग वाले जैसे श्री गणपति की प्रतिमा की दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने सजावट को निहारा। आजाद पार्क के उत्तर में रंग-बिरंगी रोशनी वाले अयोध्या वाले भव्य मंदिर में प्रभु श्रीराम की जगमगाती प्रतिकृति (कट आउट) को देखने को भीड़ उत्सुक नजर आयी। इसके अलावा गंगा सागर जैसे करीब 40 रंगीन लाइट बेहद आकर्षण का केंद्र बने रहे।

प्रवेश द्वार पर ही लाइटिंग वाली भव्य श्री गणेश की आकृति बेहद मनोरम लगा। दर्शन के अलावा लोग फोटो खींचने, वीडियो व सेफ्ली लेने से लेकर रील बनाते नजर आए। दूसरे दिन 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के गणपति के दर्शन-पूजन किए। पहले दिन बुधवार को करीब 20 हजार श्रद्धालु आजाद पार्क आए। श्री गणेश महोत्सव को लेकर शाम होते ही आजाद पार्क का इलाका मेले में तब्दील हो जा रहा है। दर्शन-पूजन के साथ प्रवचन का लिया आनंद आजाद पार्क में दूसरे दिन गुरुवार की सुबह श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण यज्ञ समिति की ओर से पूरे विधान के साथ श्री गणेश का अभिषेक व पूजन हुआ। आचार्य सुरेंद्र पांडेय व राकेश पांडेय के मंत्रोच्चार के बीच दुग्धाभिषेक और दुर्वाभिषेक से गणपति की आराधना की। समिति के अध्यक्ष शिवकैलाश डालमिया ने बताया कि भव्य पंडाल में बिराजे श्री गणपति की प्रतिमा के दर्शन को दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही लगी है। शाम होते ही भीड़ उमड़ पड़ी। गुरुवार की शाम दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने बगल वाले पंडाल में स्थानीय रामानुज मठ के स्वामी वेंकटेश प्रपन्नचार्ज जी महातराज के प्रवचन का लाभ उठाया। हर दिन सुबह श्री गणेश का विशेष रूप से अभिषेक हो रहा है। उसके बाद सवा मन लड्डू प्रसाद के रूप में बांटे जा रहे हैं। भव्य आयोजन भी होंगे। पूजनोत्सव के मौके पर समिति के अध्यक्ष मुन्ना डालमिया, विनोद जसरायपुरिया, अनिल स्वामी, अनंतधीश अमन, विकास शर्मा सहित लोग मौजूद रहे।

## हर परिवार की एक महिला को 10000 रुपये मिलेंगे, बिहार चुनाव से पहले नीतीश की नई योजना

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले हर परिवार की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान किया है। नीतीश सरकार चुनाव से पहले हर परिवार की एक महिला को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देगी। सितंबर 2025 में यह राशि खातों में ट्रांसफर कर दी जाएगी। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू कर दी है। इस योजना को नीतीश कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को रोजगार के लिए कुल 2 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। पहली किस्त के रूप में महिलाओं को 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।



उन्होंने कहा, हम लोगों ने नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही महिला सशक्तीकरण के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अब महिलाएं अपनी मेहनत से न केवल बिहार की प्रगति में अपना योगदान दे रही हैं बल्कि वे अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही हैं। इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए हमलोगों ने महिलाओं के हित में अब एक महत्वपूर्ण एवं अभूतपूर्व निर्णय लिया है जिसके सकारात्मक दूरगामी परिणाम होंगे।

नीतीश ने बताया कि कैबिनेट की गुरुवार को हुई बैठक में महिलाओं के रोजगार के लिए नई योजना मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की स्वीकृति दी गई। इस योजना का मुख्य लक्ष्य राज्य के सभी परिवारों की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देना है।

इसके लिए इच्छुक महिलाओं से आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। संभावना है कि विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने से पहले महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये ट्रांसफर भी कर दिए जाएंगे। सीएम ने कहा कि सितंबर महीने में बैंक ट्रांसफर शुरू कर दिया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया की जिम्मेदारी ग्रामीण विकास विभाग की होगी। इसमें जरूरत पड़ने पर नगर विकास एवं आवास विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा।सीएम नीतीश ने अपने पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बाद में भी और सहायता दी जाएगी। महिलाओं द्वारा रोजगार शुरू करने के 6 मीने के बाद आकलन करते हुए 2 लाख रुपये तक की राशि आवश्यकतानुसार दी जा सकेगी।

# कोर्ट में बम की धमकी मिलने से हलकान रहे अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** व्यवहार न्यायालय को शुक्रवार को गंभीर धमकी मिली, जिसके बाद पूरे न्यायालय परिसर में हड़कंप मच गया। धमकी ईमेल के माध्यम से न्यायालय के जज को भेजी गई। सूचना मिलने के तुरंत बाद पटना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। वहीं, कोर्ट परिसर को पूरी तरह खाली करवा दिया गया और सभी सुनवाईयां नई तारीख पर स्थगित कर दी गईं।

बम स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया गया और न्यायालय परिसर में विस्तार से तलाशी अभियान चला। हालांकि, तलाशी के दौरान किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला। पटना पुलिस का कहना है कि धमकी किस ओर से और किसने भेजी, इसकी जांच की जा रही है। साइबर सेल और अन्य जांच टीमों की मदद भी ली जा रही है। पुलिस ने कहा कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

धमकी ईमेल में कहा गया है कि बिहार से तमिलनाडु जाने वाले प्रवासी मजदूरों की संख्या बढ़ने से तमिलनाडु की स्थानीय जनसंख्या संरचना प्रभावित हो रही है। धमकी में बताया गया कि चार आरडीएक्स आईईडी न्यायाधीश के कक्ष और परिसर में स्थापित किए गए हैं। इसके साथ ही ईमेल में यह भी दावा किया गया कि यह अभियान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से चलाया जा रहा है और बिहार श्रमिकों को चेन्नई भेजना बंद किया जाए। इस धमकी के बाद पटना व्यवहार न्यायालय की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और पुलिस मामले की गहन जांच में लगी हुई है।

वहीं, पटना व्यवहार न्यायालय के वकील राजन सिंह ने बताया कि यह दूसरी बार है जब पटना सिविल कोर्ट को बम धमकी मिली है।

उन्होंने कहा कि पटना पुलिस से अपील है कि इस मामले को गंभीरता से लें और धमकी देने वाले को तुरंत गिरफ्तार करें। उन्होंने यह भी बताया कि पिछली बार धमकी देने वाले की गिरफ्तारी हुई या नहीं, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

इस बार धमकी मिलने के बाद कोर्ट में अफरातफरी मच गई और हम सभी फौरन अपने-अपने चैंबर से बाहर निकल आए। राजन सिंह ने कहा कि पटना पुलिस कोर्ट में कड़ी सुरक्षा मुहैया कराए।

# गायब किशोर की हत्या से लोगों में उबाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** फूलमलिक पंचायत अंतर्गत खरहट गांव में 12 वर्षीय किशोर मनसुख कुमार की नृशंस हत्या से शुक्रवार को पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गांव निवासी श्यामलाल यादव के इकलौते पुत्र का शव काली स्थान के उत्तर स्थित खेत में क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया। गुरुवार शाम से ही मनसुख लापता था, जिसके बाद परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए साहेबपुर कमाल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।शुक्रवार सुबह खेत में शव मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। शव की स्थिति देखकर लोग सन्न रह गए। किशोर का गला धारदार हथियार से रेता गया था, पेट चीरा हुआ था और जननांग भी काटे गए थे। हत्या की क्रूरता को देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। शव के आस-पास खून के निशान नहीं मिलने से पुलिस को आशंका है कि किशोर की हत्या कहीं और कर शव को खेत में फेंका गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी साक्षी कुमारी व थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी मनीष कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल टीम तथा डॉग स्क्वायड को मौके पर भेजा गया। पुलिस सूत्रों की मानें तो हत्या से पहले अंग निकालने की भी आशंका जताई जा रही है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।इधर, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कोशिश में पुलिस को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। आक्रोशित लोगों ने शव उठाने से रोकते हुए घटनास्थल पर ही जांच की मांग की। हालात को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक ललन यादव, पंचायत प्रतिनिधि सहित कई राजनीतिक दलों के नेता भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी।

# कपड़े की दुकान में लगी भीषण आग

## लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख, घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** महुआ थाना क्षेत्र की मिर्जानगर पंचायत के डोगरा चौक के समीप शुक्रवार की सुबह एक कपड़े की दुकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में करीब 9600 रुपये नगद सहित लगभग 36 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग की घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। अगलगी का कारण बिजली का शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह सुबह महुआ-देसरी मार्ग के डोगरा चौक पर वस्त्र वाटिका नामक कपड़े की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। दुकान से उठती आग की लपटें व धुएं के गुबार को देखकर वहां काफी संख्या में आसपास के लोग जुट गए। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई।

सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से अग्निशमन विभाग की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जबतक आग पर काबू पाया जाता, तब तक दुकान में रखा कपड़ा व अन्य सामान जल कर नष्ट हो चुके थे।



दुकानदार सूरज कुमार, पिता रामकुमार चौधरी, ने बताया कि अगलगी की इस घटना में लगभग 36 लाख रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। अगलगी में दुकान का फर्नीचर, टेबल, काउंटर, कुर्सी, बैटरी, सीसीटीवी कैमरे, पंखे, लाखों रुपये के महंगे कपड़े, नकद 9600 और जरूरी कागजात भी जल कर नष्ट हो गए। कपड़े की दुकान में लगी आग की सूचना पर मोहम्मद इम्तियाज, राजकमल जायसवाल समेत अन्य लोग पहुंचे और उन्होंने गहरी संवेदना व्यक्त की।

# हॉकी महाकुंभ के लिए दुल्हन की तरह सजा राजगीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** हॉकी प्रेमियों का इंतजार शुक्रवार को खत्म हो गया। हीरो मेंस एशिया कप 2025 की मेजबानी के लिए ऐतिहासिक नगरी राजगीर दुल्हन की तरह सज-धज कर तैयार है। विदेशी खिलाड़ियों की आमद ने शहर की रौनक को चार चांद लगा दिए हैं। कहीं खिलाड़ियों के खेल का रोमांच, तो कहीं सुरक्षा बलों की मुस्तैदी झ्र राजगीर फिलहाल पूरी तरह हाकीमय हो गया है।

स्टेडियम और आसपास का इलाका अब किसी अभेद्य किले से कम नहीं। हर कोने पर सुरक्षाकर्मी तैनात दिखे, भारी पुलिस बल की गश्त जारी रही और डॉग स्क्वायड मुस्तैद दिखी। एसपी भारत सोनी खुद स्टेडियम का मुआयना कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए माहौल एकदम सुरक्षित रहे। भारत, मलेशिया, जापान, चीन, कजाखस्तान, चीनी ताइपे ,बांग्लादेश और कोरिया पर सभी की नजरे टिकी है। नीले एस्ट्रो-टर्फ पर बांग्लादेश,मलेशिया,कोरिया,चीन ताइपे के खिलाड़ियों की स्पीड और ड्रिब्लिंग देख दर्शक काफी रोमांचित हो उठे। मौसम भी सुहाना है। आसमान में कभी घिरते बादल तो कभी धूप भी दर्शकों को थोड़ा राहत दे रही है।

हॉकी का मजा जबर्दस्त हो, तो खाने-पीने का तड़का कैसे पीछे रहे। दर्शकों के लिए खास तौर पर फूड कोर्ट बनाए गए हैं। यहां लिट्टी-चोखा, मछली-भात, बिरयानी-कबाब जैसे बिहारी व्यंजन लोगों को ललचा रहे हैं। आयोजकों ने इस बात का पूरा ख्याल रखा है कि मैच देखने के साथ-साथ दर्शक राजगीर के जायके का भी मजा ले सकें।

साइट पर भले ही टिकट सोल्ड दिख रहा हो लेकिन मैदान के अंदर स्कूली बच्चे ही दर्शक बनकर मैच का लुत्फ उठाते दिखे। वही भोजपुरी गाने का तड़का दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कुल मिलाकर, राजगीर ने एशिया कप 2025 की मेजबानी को लेकर अपनी तैयारी पूरी कर ली है। अब सबकी निगाहें महामुकाबले पर टिकी हैं, जहां हाकी का रोमांच अपने चरम पर होगा।

# टैरिफ की जद में आई रेशम नगरी

- 75 करोड़ का माल अटका
- मटका सिल्क का निर्यात बंद

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

***भागलपुर।*** *भागलपुर का रेशमी कारोबार एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय संकट की चपेट में आ गया है। अमेरिका सरकार द्वारा कपड़ों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद यहां के निर्यातक (व्यवसायी) मुश्किल में है। स्थिति यह है कि करोड़ों रुपये का तैयार माल गोदामों में डंप है। बड़े निर्यातकों ने भी दिए गए आर्डर उठाने से हाथ खींच लिया है।*

*बिहार बुनकर कल्याण समिति के पूर्व सदस्य अलीम अंसारी बताते हैं कि भागलपुर से तसर कटिया, कटिया-कटिया, मटका, घिचा, झूड़ी सिल्क आदि कपड़े अमेरिका भेजे जाते थे। वहां इन कपड़ों का इस्तेमाल रेडीमेड गारमेंट्स और फर्निशिंग आइटम्स में होता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में टैरिफ लगने से वहां का बाजार महंगा हो गया है। इसीलिए डिमांड कम हो गयी है। पुराने आर्डर रोक दिए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि जिले में 75 करोड़ रुपये का तैयार माल डंप पड़ा हुआ है।*

*पुरैनी बुनकर समिति के अध्यक्ष अफजल आलम का कहना है कि भागलपुर से मटका सिल्क के बने फर्निशिंग आइटम अमेरिका में काफी पसंद किए जाते थे। लेकिन पिछले एक महीने से कोई शिपमेंट नहीं गया है। अफजल ने बताया कि अमेरिका से डिमांड बंद होने के कारण बुनकरों के अलावा रंगाई, प्रिंटिंग और पैकिंग से जुड़े कारीगर भी बेरोजगारी की कगार पर पहुंच गए हैं।*

*वहीं नया बाजार स्थित सिल्क कारोबारी सुकेश अग्रवाल ने बताया कि अचानक से धागे की बिक्री घट गई है। कारोबार मंदा हो चुका है। चंपानगर तांती बाजार के बुनकर हेमंत कुमार ने बताया कि हाल के कुछ महीने बुनकरों के लिए बहुत कठिन रहे हैं। यहां के बुनकर पीढ़ियों से इस धंधे से जुड़े हुए हैं, लेकिन मौजूदा हालात ने उनके भविष्य को संकट में डाल दिया है। बंग्लादेश की सीमा सील होने के कारण साड़ी, लूंगी, धोती आदि पहले ही डंप हो चुके थे। अब अमेरिका के टैरिफ ने सिल्क उद्योग को संकट में डाल दिया है।*

*उन्होंने कहा कि भागलपुर के बड़े निर्यातक भी इस संकट से जूझ रहे हैं। उनके अनुसार, आर्डर कैंसिल होने से लाखों रुपये का निवेश फंस गया है। कई निर्यातक अब मजदूरों की संख्या कम करने पर विचार कर रहे हैं। हेमंत ने कहा कि एक ओर धागे की कीमत बढ़ रही है, वहीं यहां के कपड़े की कीमत घटने लगी है। ऐसी स्थिति में बुनकर अब यह सोचने को मजबूर हो गए हैं कि वे इस पेशे को छोड़कर कोई दूसरा रोजगार तलाशें। अलीम अंसारी ने कहा, भागलपुर की पहचान ही सिल्क है। अगर यही धंधा चौपट हो गया, तो भागलपुर की शान खतरे में पड़ जाएगी। टैरिफ के कारण कई बुनकर परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।*

*आर्थिक मामलों के जानकार सीए प्रदीप कुमार झुनझुनवाला का कहना है कि अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने से दवा, हीरा और हस्तशिल्प उद्योग भी प्रभावित होने की संभावना है। देश में जो दवा का उत्पादन होता है, उसका 50 प्रतिशत अमेरिका को जाता है। यहां का हीरा 75 प्रतिशत और हस्तशिल्प 64 प्रतिशत का निर्यात अमेरिका को किया जाता है।*

# जिलाध्यक्ष चयन को ले कांग्रेस में हलचल तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस सभी जिलों में जिलाध्यक्षों को बदलने की तैयारी में है। इसके लिए पार्टी के स्तर से तैयारियां कर ली गई है। नई व्यवस्था में विधायकों और यहां तक कि मंत्रियों के लिए भी अपनी पसंद के नेताओं को यह कुर्सी दिलाना आसान नहीं होगा। पूर्व में इस तरह के आरोप लगते रहे हैं कि विधायक अथवा मंत्री ने अपनी पसंद के नेता को जिला अध्यक्ष बनवाने में मदद की।

इसके पीछे लंबी तैयारी होती थी, लेकिन अब कांग्रेस ने जो व्यवस्था की है उसमें जिलाध्यक्षों के चयन में तमाम ऐसे लोगों को किनारे कर दिया गया है।प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के.राजू ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिलाध्यक्षों को बदलने को लेकर हो रही तैयारियों की जानकारी देते हुए यह भी बताया कि हर जिले से छह लोगों के नाम चुनकर पर्यवेक्षक केंद्रीय नेतृत्व को भेजेंगे।

इन्हीं में से जिलाध्यक्ष के लिए किसी एक के नाम पर मुहर लगेगी। यह महज इत्तेफाक हो सकता है कि विधायक या मंत्री इस स्तर पर सेटिंग करने में सफल हो जाएं।

विधायकों की पसंद का जिलाध्यक्ष होने से टिकट की दावेदारी में कोई अड़चन नहीं होती है। अन्यथा पार्टी के जिलाध्यक्ष की रजामंदी के बगैर किसी भी उम्मीदवार के लिए टिकट लेना दूभर हो सकता है।

दर्जनों अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी

हिलसा। नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मलमा गांव में हादसे में नौ लोगों की मौत के बाद स्वजनों से मिलने गए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और हिलसा विधायक पर जानलेवा हमला किया गया। इस मामले में सहायक अवर निरीक्षक कृष्णकांत गिरी के फर्द बयान पर दर्जनों अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार और स्थानीय विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया मृतक के स्वजनों से दुख दर्द बांटने के लिए मलमा गांव गए थे। जब लोगों से मिलजुल कर आ रहे थे, तभी कुछ लोगों ने मंत्री और विधायक को खरी खोटी सुनाने लगे और हमला कर दिया।

# पीएम किसान योजना के नाम पर लाखों की ठगी

## पुलिस ने झारखण्ड से नगदी सहित दो साइबर ठगों को दबोच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** साइबर अपराधियों द्वारा ठगी के नित नए तरीके इस्तेमाल किए जा रहे हैं, जिनके जाल में फंसकर लोग अपने पैसे गवां दे रहे हैं।

ताजा मामला के अनुसार पीएम किसान योजना के नाम पर बक्सर से ठगी किए जाने की घटना सामने आई है, जिसमें एक व्यक्ति को फंसाकर अपराधियों ने 5.5 लाख रुपये का चूना लगा दिया।

छानबीन में जुटी साइबर पुलिस ने ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को झारखण्ड के देवघर से गिरफ्तार करते हुए ठगी के 4.90 लाख रुपये भी बरामद कर लिया।

जानकारी देते साइबर थाना के डीएसपी अविनाश कश्यप ने बताया कि इस मामले में बक्सर के यूसुफ अंसारी ने साइबर थाना में मामला दर्ज कराया था।

आवेदक के अनुसार उनके मोबाइल पर पीएम किसान योजना में निबंधन के लिए एक लिंक आया था।जिसपर क्लिक करते ही मोबाइल का नेटवर्क चला गया और पता चला कि सिम ब्लॉक हो गया है।

इसी क्रम में पता चला कि आधार कार्ड भी ब्लॉक हो गया है। सब कुछ ठीक कराने पर पता चला कि उनके खाते से 5.49 लाख की ठगी हो गई। 26 जुलाई को साइबर



थाना में मामला दर्ज कराने के बाद अनुसंधान के क्रम में ठगी का संचालन झारखंड के देवघर से साइबर गिरोह द्वारा किए जाने की जानकारी मिलते ही छापेमारी की गई। इस क्रम में झारखंड के देवघर जिला के देवीपुर थाना अंतर्गत सिरसिया निवासी मनोज दास और सुभाष दास को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के कब्जे से ठगी के 4.90 लाख रुपये भी बरामद कर लिए गए। साइबर पुलिस की टीम में डीएसपी के नेतृत्व में निरीक्षक रामरतन पंडित, एएसआई शुभम कुमार, श्रीकांत कुमार और चंदन कुमार के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# विधायक ने उठाई टीआरडब्लू स्थापना की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान गुरुवार को जमुआ विधायक मंजु कुमारी ने शून्यकाल में अपने क्षेत्र की बिजली समस्या को लेकर जोरदार आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार ट्रांसफार्मर जलने और मरम्मत में हो रही देरी से आम जनता परेशान हैं। विधायक ने बताया कि वर्तमान में पूरे गिरिडीह जिले में केवल एक स्थान पर ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग की व्यवस्था है। इस कारण जमुआ और देवरी प्रखंड में ट्रांसफार्मर खराब होने पर महीनों तक नए ट्रांसफार्मर नहीं लग पाते। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होती है, किसानों की खेती प्रभावित होती है, छोटे-बड़े व्यवसाय ठप पड़ जाते हैं और अंधेरे का फायदा उठाकर चोर-उचक्कों का आतंक बढ़ जाता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जमुआ विधानसभा क्षेत्र के खरगडीहा में ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप टी आर डब्लू की स्थापना की जाए। मंजु कुमारी ने कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को बिजली संकट से बड़ी राहत मिलेगी।

# गांजे की खेप बरामद

जमुई। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नगर थाना पुलिस ने चंदवारा इलाके स्थित एक घर में छापेमारी कर लगभग चार क्विंटल से अधिक गांजा जब्त किया है। गांजा को बोरियों में भरकर पुलिस ने सील कर दिया है। जिस घर में छापेमारी की गई, वह राजबली सिंह का घर बताया रहा है। मौके से पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस द्वारा उक्त घर से 50 लाख नगदी सहित दो पिस्तौल और भारी मात्रा में गोली बरामद किए जाने की बात भी सामने आ रही है।

नगदी की गिनती के लिए मौके पर मशीन मंगाई गई है। सूत्रों के मुताबिक, राजबली का घर गांजा तस्करी का गढ़ बन चुका था, जहां से माफिया जमुई और लखीसराय जिले में गांजा सप्लाई का धंधा चला रहे थे। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे एसपी विश्वदीप दयाल ने बताया कि गांजा तस्करी में शामिल माफिया की पहचान की जा रही है और उसे पकड़ने के लिए छापेमारी अभियान जारी है।

# वंशावली तथा मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे राजस्व महाअभियान के तहत इन दिनों पूरे प्रदेश में जमाबंदी पंजी दुरुस्त करने का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रथम चरण में राजस्वकर्मी घर-घर जाकर रैयतों और उनके उत्तराधिकारियों के बीच जमाबंदी पंजी की प्रति का वितरण कर रहे हैं। खोदावंदपुर अंचल क्षेत्र में अब तक 50 प्रतिशत से अधिक वितरण कार्य पूरा हो चुका है। खोदावंदपुर अंचल की आठ पंचायतों के तहत कुल 28,479 जमाबंदी दर्ज हैं। इनमें से 16,534 जमाबंदी पंजी प्रतियां लोगों तक पहुंचाई जा चुकी हैं। शेष वितरण भी युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भूधारियों की जमाबंदी को आनलाइन पंजी से मिलाना और उसमें यदि कोई त्रुटि है तो उसका सुधार करना है। साथ ही, जिन जमाबंदी रैयत की मृत्यु हो चुकी है, उनके उत्तराधिकारियों को वंशावली और मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण कराने का अवसर दिया जा रहा है। दाखिल-खारिज की प्रक्रिया और खाता-खसरा रकबा, चौहद्दी संबंधी मामलों का भी निपटारा किया जा रहा है।

हालांकि जमीनी स्तर पर यह अभियान कई पेचीदगियों में उलझा दिखाई दे रहा है। बुधवार को जागरण प्रतिनिधि ने जब विभिन्न शिविरों का जायजा लिया तो कई रैयतों और उत्तराधिकारियों ने कागजात जुटाने में गंभीर कठिनाई की बात बताई।

आलोक कुमार नामक एक उत्तराधिकारी ने बताया कि उनकी जमाबंदी पंजी दादा के नाम पर है। परिवार में कई हिस्सेदार होने के कारण वे आपसी सहमति से अपने नाम पर जमाबंदी कायम कराना चाहते हैं, लेकिन परदादा और दादा का मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं होने से यह संभव नहीं हो पा रहा है।

सरकार ने हाल में आदेश दिया था कि मृत्यु प्रमाण पत्र के अभाव में मुखिया या सरपंच द्वारा प्रमाणित वंशावली स्वीकार की जाएगी। लेकिन कई सरपंचों और पंचायत सचिवों ने इस तरह का कोई स्पष्ट आदेश मिलने से इंकार कर दिया। पंचायत सचिवों के तबादले और नए सचिवों को प्रभार नहीं मिलने की वजह से भी वंशावली सत्यापन का काम अटका हुआ है।

मेघौल निवासी अशोक मिश्रा ने बताया कि उत्तराधिकार के आधार पर नामांतरण कराना चाहते हैं, लेकिन परिवार के अन्य हिस्सेदार सहमति देने को तैयार नहीं हैं। कई परिवारों के हिस्सेदार बाहर राज्यों या विदेशों में रहते हैं, जो इतने कम समय में उपस्थित नहीं हो सकते। ऐसे में सैकड़ों मामलों का निपटारा अधर में लटकने की संभावना है।

खोदावंदपुर की सीओ प्रीति कुमारी ने बताया कि अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिया गया है।

# आधुनिक युग में भी नवादा में फैल रहा अंधविश्वास का अंधेरा

## झाड़फूंक, जादू-टोना के चक्कर में फंस रहे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** यह सच है इंसान चांद व मंगल ग्रह पर पहुंच गए हैं, लेकिन डायन जैसी कुप्रथाओं का आज भी मौजूद होना समाज में अंधविश्वास और वैज्ञानिक प्रगति के बीच एक बड़ी खाई को दर्शा रहा है। जहां तर्क से अधिक डर और गलत सूचनाएं हावी हैं। चांद पर पहुंचना वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धि है, जबकि डायन प्रथा लोगों की अज्ञानता और कमजोर मानसिक स्थिति का प्रतीक है, जो उन्हें अंधविश्वासी का शिकार बना रही है।

हर हाथ इंटरनेट में गोते लगा रहे है, और डायन की कुप्रथा पर नवादा के हिसुआ में हुई घटना लोगों के बीच अंधविश्वास की घटना ने झकझोर दिया, जहां भीड़ ने डायन बताकर एक दंपत्ती को बेरहमी से पिटा पति की मौत और घायल पत्नी की इलाज अस्पताल में चल रहा है। हालांकि घटना के बाद पुलिस 17 लोगों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ में गली हुई है। वहीं पांचू गढ़ मुसहरी गांव में मोहन मांझी के घर छठियारी में बज रहे डीजे बाजा बार-बार हो रहा था बंद, जादू-टोना करने का आरोप लगाकर दंपत्ती की बेरहमी से पिटाई के बाद इस बर्बरतापूर्ण घटना यही नहीं रुकी। दंपती को अर्धनग्न अवस्था में दोनों का सिर मुंडन कर पेशाब पिलाया, जूते-चप्पल का माला पहनाकर देर रात तक टोले में घुमाया। सुबह होते ही मृत पति के साथ पत्नी को भी जिंदा जलाने की तैयारी कर लिया।

गनीमत रही कि पुलिस को भनक लगी तो शमशान के समीप पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया, जख्मी महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

यह घटना एक अनुसूचित टोले की है, जहां यह समाज ईंट-भट्टे पर जाकर अपना पेट पालने को मजबूर रहते हैं। शिक्षा से ये लोग कोसों दूर है, जिससे डायन व जादू-टोना जैसे कुप्रथा से जकड़े हुए हैं।

समाज में सदियों से यह बुराई और जकड़न चली आ रही है। यह ऐसा रोग है, इसने समाज की नींव खोखली कर दी है। खासकर महिलाएं और किशोरियां, झाड़फूंक, जादू-टोना, तंत्र-मंत्र, ओझा-गुणी के चक्कर में पैसे गंवा रही हैं।

हम चांद और मंगल पर मानव जीवन के संभावनाओं को तलाश रहे हैं। वहां आशियाना बसाने के लिए नित्य नई खोजें कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बिल्ली द्वारा रास्ता काटने पर रुक जाना, उल्लू का घर की छत पर बैठने को अशुभ मानना, बाई आंख फड़कने पर अशुभ समझना, मानव बलि देना और भी अनेक ऐसे अंधविश्वास आज भी मौजूद हैं।

वैसे वैज्ञानिक शिक्षा का अभाव लोगों को अंधविश्वासी बनाता है। कुछ लोग अपनी समस्याओं के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहराने के लिए डायन जैसी कुप्रथाओं का सहारा लेते हैं। डायन प्रथा के खिलाफ जागरूकता अभियान और कानूनों के बावजूद, यह आज भी ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में प्रचलित है।

# 15 सितम्बर से पूर्णिया एयरपोर्ट से हवाई जहाज भरने लगेंगे उड़ान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पूर्णिया एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पांच सितंबर तक पूर्ण हो जाएगा। दो दिन बाद यानि एक सितंबर से हवाई यात्रा के लिए बुकिंग भी आरंभ हो जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को पूर्णिया से हवाई सेवा की शुरूआत का शुभारंभ करेंगे। डिप्टी सीएम शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा व बिहार सरकार की मंत्री लेशी सिंह के साथ हवाई अड्डा परिसर पहुंचे थे।

पटना से सीधे हेलीकाप्टर से पहुंचे डिप्टी सीएम व अन्य नेताओं ने सर्वप्रथम हवाई अड्डा परिसर में चल रहे निर्माण कार्य की स्थिति का जायजा लिया और इस संबंध में



जिला प्रशासन व एयरपोर्ट आथोरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया।

बाद में डिप्टी सीएम व अन्य नेताओं ने हवाई अड्डा परिसर में ही प्रशासन व एयरपोर्ट आथिरिटी के साथ समीक्षा बैठक भी की। इसमें डिप्टी सीएम ने पीएम के तय कार्यक्रम के मद्देनजर अपूर्ण कार्य के बाबत सवाल-जबाब भी किया।

इस पर अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि पांच सितंबर तक हर हाल में कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

डिप्टी सीएम के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री ललन सिंह व जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने लिंक रोड के साथ-साथ पार्किंग आदि की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान अधिकारियों के अनुमान व व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने इंतजाम को और दुरुस्त करने का निर्देश भी दिया। बैठक में बिहार सरकार के प्रधान सचिव एस सिद्धार्थ, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, डीजीपी आलोक कुमार के डीएम अंशुल कुमार व एसपी स्वीटी सहरावत भी मौजूद थी।

पूर्णिया से पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन 15 सितंबर से आरंभ हो जाएगा। हवाई उड़ान का शुभारंभ करने 15 सितंबर को पूर्णिया पहुंच रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे हरी झंडी दिखाएंगे।

यह घोषणा शुक्रवार को शहर के कलाभवन में आयोजित एनडीए के सदर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि वंदे भारत को जोगबनी स्टेशन तक विस्तारित करने की दिशा में भी पहल हो रही है।

# मंत्रियों ने किया बिहार पावर कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने पटना में बिहार पावर कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। यह आयोजन राज्य में अपनी तरह का पहला ऊर्जा सम्मेलन है। इसका उद्घाटन ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा, ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह, आईएएस तथा राहुल कुमार, आईएएस, प्रबंध निदेशक, एनबीपीडीसीएल एवं बीएसपीटीसीएल के द्वारा किया गया। बिहार पावर कॉन्क्लेव, आइइइएमए द्वारा विभिन्न राज्यों में शुरू किए गए स्टेट पावर कॉन्क्लेव श्रृंखला का पांचवां संस्करण है जिसका उद्देश्य राज्यों में व्यापारिक संभावनाओं को उजागर करना है। बिहार पावर कॉन्क्लेव में ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा हमने भविष्य में 24,000 मेगावाट थर्मल पावर में निवेश का निर्णय लिया है और नवीकरणीय ऊर्जा, विशेष रूप से सोलर पावर प्रोजेक्ट्स में काफी काम हो रहा है। पंप स्टोरेज तकनीक से बिहार को बहुत लाभ होगा। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बिहार की नई औद्योगिक नीति पर जोर देते हुए उद्योग जगत को निवेश के लिए आमंत्रित किया। यदि आप आंकड़ों को देखें तो हम सड़क, हवाई सेवा, बिजली, अर्थव्यवस्था आदि में कई राज्यों से आगे हैं। हमारे पास 15,000 एकड़ की लैंड बैंक है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि बिहार में निवेश करना अत्यंत लाभकारी होगा, जो हमारे प्रधानमंत्री के 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' के मंत्र पर आधारित है। मनोज कुमार सिंह ने कहा हमने ग्रिड सब स्टेशनों की संख्या में चार गुना वृद्धि देखी है, ट्रांसमिशन क्षमता 19 गुना बढ़ी है, औद्योगिक बिजली खपत में दस गुना और सर्किट नेटवर्क में छह गुना वृद्धि हुई है। बिहार में 74 लाख से अधिक प्रीपेड मीटर लगे हैं। औसत नेट टैरिफ लागत में 15% की कमी आई है। हम देश का एकमात्र राज्य हैं जिसे वित्त विभाग से अग्रिम ऊर्जा सब्सिडी मिल रही है और पिछले 12 वर्षों से हम ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन में अपने संसाधनों से निवेश कर रहे हैं।

# आरबीआई ओम्बड्समैन ने किया वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय रिजर्व बैंक ओम्बड्समैन कार्यालय, पटना ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय लेन-देन से जुड़े जोखिमों के प्रति जागरूक करना, आरबीआई ओम्बड्समैन योजना, 2021 की जानकारी प्रदान करना और उन्हें सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं, स्वचालित मुद्रा मशीन (एटीएम) धोखाधड़ी, प्रतिरूपण घोटालों तथा अन्य साइबर धोखाधड़ियों से बचाव के उपायों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमार राजेश रंजन, मुख्य महाप्रबंधक एवं आरबीआई ओम्बड्समैन, बिहार ने की। इस अवसर पर उप ओम्बड्समैन प्रभाकर झा भी उपस्थित रहे। अपने विस्तृत संबोधन में राजेश रंजन ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक बैंकिंग सेवाओं का एक महत्वपूर्ण वर्ग हैं और उनके लिए जागरूकता व सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि डिजिटल बैंकिंग की सुविधाओं का लाभ उठाते समय सावधानी और जानकारी सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। वरिष्ठ नागरिकों को चाहिए कि वे किसी भी संदिग्ध दूरभाष कॉल, संदेश या कड़ी (लिंक) पर विश्वास न करें और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत संबंधित बैंक से संपर्क करें। उन्होंने आगे बताया कि आरबीआई ओम्बड्समैन योजना, 2021 का उद्देश्य ग्राहकों की शिकायतों का सरल, सुलभ और त्वरित समाधान करना है। इसके अंतर्गत सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां और भुगतान प्रणाली प्रदाता सम्मिलित हैं। साथ ही श्री रंजन ने वरिष्ठ नागरिकों के हित में आरबीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए विभिन्न निर्देशों पर भी प्रकाश डाला। इसमें बचत खातों पर न्यूनतम बैलेंस शुल्क में राहत, उच्चतर ब्याज दरों पर विशेष सावधि जमा योजनाएं, चेक बुक और पासबुक जैसी मूलभूत बैंकिंग सुविधाओं की निशुल्क उपलब्धता, घर तक बैंकिंग सेवाएं (डोरस्टेप बैंकिंग) तथा शिकायतों के निवारण हेतु प्राथमिकता के साथ निपटान जैसी व्यवस्थाएं सम्मिलित हैं।

# बम का इमेल मिलने के बाद पटना सिविल कोर्ट में दहशत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के जिला एवं सत्र न्यायालय में न्यायाधीश के कक्ष में एवं सिविल कोर्ट परिसर में बम रखे जाने की इमेल प्राप्त होने के बाद आज दहशत फैल गई और अदालती कामकाज बंद हो गया। इमेल प्राप्त होने के बाद पटना सिविल कोर्ट के प्रभारी निबंधक ने तत्काल पुलिस को सूचित किया एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं सचिव को सूचना देते हुए सुरक्षार्थ सिविल कोर्ट परिसर खाली करने का अनुरोध किया। साथ ही सभी न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी एवं आम जनों को भी सिविल कोर्ट परिसर से धीरे-धीरे बाहर निकाला गया। किसी भी व्यक्ति का प्रवेश परिसर में बंद कर दिया गया। भगदड़ और अफरा-तफरी का माहौल न बने इसलिए शांतिपूर्वक परिसर को खाली करने का पूरा प्रयास किया गया जिसे सफलतापूर्वक अंजाम भी दिया गया। वकीलों ने भी अपने बैठने की सभी जगह खाली कर दी और सिविल कोर्ट परिसर से बाहर चले गए। अदालती कामकाज पूरी तरह से बंद हो गया। इस बीच पटना पुलिस का बमनिरोधक दस्ता, श्वान दस्ता एवं वरीय पदाधिकारी तत्काल सिविल कोर्ट पहुंचे और चप्पे-चप्पे की तलाशी लेनी शुरू कर दी। भोजनावकाश तक पूरा सिविल कोर्ट परिसर खाली करा लिया गया और जांच की गई।

# टीम भावना और भाईचारे का जीवन मंत्र है खेल : महाप्रबंधक

## एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने उत्साहपूर्वक मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उनकी असाधारण उपलब्धियों ने भारत को विश्व पटल पर पहचान दिलाई जिसके कारण उन्हें 'हॉकी का जादूगर' कहा जाता है। उक्त बातें महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) मैथ्यू ई. कोवूर ने अपने संबोधन में कही। शुक्रवार को केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत 'फिट इंडिया' मुहिम को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से एनटीपीसी, पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के पटना स्थित कार्यालय सह आवासीय परिसर में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) मैथ्यू ई. कोवूर द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'फिट-इंडिया' की शपथ दिलाकर किया गया। श्री कोवूर ने आगे कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हमें मेजर ध्यानचंद जैसी महान विभूतियों के आदर्शों को याद दिलाता है। खेल केवल फिटनेस का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और भाईचारे का जीवन मंत्र है। इस अवसर पर मुख्यालय परिसर में भाषण, शतरंज और तेज चाल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) पवन कुमार पांडेय ने किया। मौके पर सभी विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

# एलआइसी राष्ट्रीय खेल दिवस मनाएगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एलआइसी हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में 29 अगस्त से 31 अगस्त तक राष्ट्रीय खेल दिवस मनाएगा। इस दौरान देश भर के विभिन्न एलआइसी कार्यालय कर्मचारियों को अपनी दिनचर्या में शारीरिक फिटनेस को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु इनडोर और आउटडोर खेल गतिविधियों का आयोजन करेंगे। इस समारोह के अन्तर्गत सभी एलआइसी कर्मचारी 29 अगस्त को फिट इंडिया फिटनेस का शपथ लिया। मुंबई में एलआईसी शारीरिक रूप से सक्रिय और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को बढ़ावा देने के लिए 30 अगस्त को फिट इंडिया वॉकथॉन का भी आयोजन करेगा।

# सीबीआई ने 30 साल पुराना मुकदमा वापस लिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना की एक विशेष अदालत में लगभग 30 साल से लंबित एक मुकदमे को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने वापस ले लिया जिसके बाद अदालत ने 90 वर्षीय एक अभियुक्त को दोष मुक्त कर दिया। सीबीआई की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सुनीता कुमारी की अदालत में यह मुकदमा वर्ष 1995 से लंबित था। इस मुकदमे की प्राथमिकी आर सी 01/ 1995 के रूप में 6 जनवरी 1995 को सीबीआई ने दर्ज की थी। इस मामले में तीन लोगों को अभियुक्त बनाया गया था जिनमें ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के एक विकास पदाधिकारी, एक प्लाइवुड फैक्ट्री के पार्टनर मनोहर शर्मा और एक चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म के पार्टनर को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। आरोप के अनुसार अभियुक्त ने जाली वाउचर के आधार पर बिना खरीद की गई मशीनों का अग्नि बीमा करवा कर बीमा कंपनी को लगभग 8 लाख 50 हजार रूपए का धोखाधड़ी पूर्वक नुकसान करने का प्रयास किया था। जांच के बाद सीबीआई ने इस मामले में 24 जुलाई 1995 को आरोप पत्र दाखिल किया था और एकमात्र अभियुक्त मनोहर शर्मा के खिलाफ 09 मार्च 1998 को भारतीय दंड विधान की धारा 420, 511 और 471 के तहत आरोपों का गठन किया गया था। आरोप पत्र में कुल 18 गवाह बनाए गए थे। सीबीआई ने 17 मार्च 2018 तक 13 गवाहों का बयान अदालत में कलमबंद करवाया था और 12 दस्तावेज भी प्रस्तुत किए थे, लेकिन फिर उसके बाद न तो कोई गवाह अपने पते पर मिल रहा था और न ही अभिलेख पर 12 दस्तावेज ही उपलब्ध थे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश से अभिलेख को पुनर्स्थापित करने का आदेश प्राप्त हुआ था, लेकिन दस्तावेज प्राप्त नहीं हो सके। इसके बाद सीबीआई के अधिकारियों एवं अन्य सक्षम पदाधिकारियों की अनुशंसा के बाद भारत सरकार ने न्यायहित में इस मुकदमे को वापस लिए जाने का निर्णय लिया। भारत सरकार के निर्णय के बाद सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक भावना बिज ने 25 जून 2025 को भारत सरकार के आदेश के आलोक में अदालत में आवेदन दाखिल कर मुकदमा वापस लेने की अनुमति मांगी थी।

# रानी कमलापति, जबलपुर एवं सोगरिया (कोटा) से गया के लिए चलेगी पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पितृपक्ष मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु जबलपुर, रानी कमलापति एवं सोगरिया से गया के मध्य पितृपक्ष स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है-गाड़ी संख्या 01661/01662 रानी कमलापति-गया-रानी कमलापति स्पेशल-गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-गया पितृपक्ष स्पेशल रानी कमलापति से 07, 12 और 17 सितंबर, 2025 को 13.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 05.10 बजे डीडीयू रुकते हुए 09.30 बजे गया पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 01662 गया-रानी कमलापति पितृपक्ष स्पेशल 10, 15 एवं 20 सितंबर, 2025 को गया से 14.15 बजे प्रस्थान कर 17.20 बजे डीडीयू रुकते हुए अगले दिन 10.45 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। गया और रानी कमलापति स्टेशन के बीच यह ट्रेन अनुग्रह नारायण रोड, डिहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, सतना, मैहर, कटनी, दमोह, सागर, बीना, गंज बसोदा एवं भोपाल स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 13 तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे।

# महिलाओं की मेहनत को मिलेगी नई उड़ान

# नीतीश सरकार ने खोला अवसरों का द्वार : राजीव रंजन प्रसाद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जद (यू) राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बयान जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैबिनेट की बैठक में महिलाओं के लिए 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के माध्यम से हर परिवार की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाएगा जिससे वे न सिर्फ आत्मनिर्भर बनेंगी बल्कि बिहार की प्रगति में भी अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने 2005 में सत्ता संभालने के बाद से ही महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और समाज सेवा के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। अब मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से उनकी आर्थिक स्वतंत्रता और भी मजबूत होगी। इस योजना के तहत सभी परिवारों की एक महिला को रोजगार प्रारंभ करने के लिए पहले चरण में 10 हजार रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। राज्य के करीब 2 करोड़ 70 लाख परिवारों की एक-एक महिला को इस राशि की पहली किश्त दी जाएगी। सितंबर 2025 से ही यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके अलावा रोजगार शुरू करने के छह माह बाद मूल्यांकन कर महिलाओं को दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री के लिए गांव से लेकर शहर तक हाट-बाजार विकसित किए जाएंगे जिससे उन्हें बाजार और पहचान दोनों मिल सके।

# मॉरिशस सरकार में मंत्री डॉ ज्योति जीतुन ने की डॉ संजय मयूख से मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मॉरिशस सरकार में वित्तीय सेवा एवं आर्थिक योजना मंत्री माननीय डॉ ज्योति जीतुन ने 'भाजपा को जानें' कार्यक्रम के तहत भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में बिहार विधान परिषद् में भाजपा के मुख्य सचेतक, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संजय मयूख से मुलाकात की और समसामयिक राजनीति पर विस्तृत चर्चा की। डॉ ज्योति जीतुन ने डॉ मयूख से भाजपा के मीडिया विभाग की कार्यप्रणाली को समझा और नए वैश्विक परिदृश्य में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को सराहा। डॉ जीतुन ने भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रोथ को विश्व के आर्थिक विकास की धुरी बताया। डॉ ज्योति जीतुन भोजपुरी बोलती हैं और मॉरिशस में प्रमुख हिंदू नेता के तौर पर उनकी पहचान है। उन्होंने बिहार की संस्कृति से जुड़ाव पर भी चर्चा की और कहा कि भारत-मॉरिशस का संबंध प्रगाढ़ है और मॉरिशस के विकास में बिहारी प्रवासियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# ओवरलोड वाहनों से दुर्घटना होने पर मालिक और चालक दोनों पर होगा मुकदमा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में ओवरलोड वाहनों खासकर ऑटो जैसे छोटे वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर ऑटो, बस जैसे किसी वाहन से ओवरलोडिंग की वजह से दुर्घटना होती है तो वाहन मालिक के अलावा चालक समेत अन्य के खिलाफ बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धारा 105 समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इस धारा में न्यूनतम 10 वर्ष के कारावास का प्रावधान है। यह जानकारी एडीजी (ट्रैफिक) सुधांशु कुमार ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एडीजी ने हाल के महीनों में हुई बड़े ऑटो हादसों का जिक्र करते हुए कहा कि 23 फरवरी को मसौढ़ी में हुए ऑटो हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह 29 मई को डुमरिया में 4, 31 जुलाई को आदर्श नगर में 3 और 23 अगस्त को दनियावां से आगे शाहजहांपुर के पास ऑटो हादसे में 9 महिलाओं की मौत हो गई थी। ये सभी हादसे ओवरलोडिंग के कारण हुई है। इन मामलों की जांच करके बीएनएस की धारा 105 के तहत मामला दर्ज करके सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जहानाबाद में कुछ दिन पहले स्कूल बस में छेद से गिरकर बच्चे की मौत होने का मामला सामने आया है, इस मामले में भी सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय खेल दिवस की भव्य शुरुआत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'एक घंटा, खेल के मैदान में' थीम के अंतर्गत मौलाना मजहरुल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय में पहली बार दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अनवारूल हक अंसारी और अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी मो. जाबिर अंसारी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक और विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ निखिल आनंद गिरि ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधीन सभी कॉलेजों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थीं जिनमें दौड़, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, लूडो आदि खेल प्रतियोगिताओं में सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और कल कुलपति द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। अपने संबोधन में कुलसचिव प्रो अनवारूल हक़ अंसारी ने कहा कि आगे भी खेल और अन्य गतिविधियों का आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाएगा। उन्होंने सभी को खेल दिवस पर शपथ भी दिलवाई। झाझा, जमुई से पधारे अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी मो जाबिर अंसारी ने संबोधन के अलावा युवा खिलाड़ियों को सेल्फ डिफेंस के करतब भी दिखाए।धन्यवाद ज्ञापन फारसी विभाग के प्रमुख डॉ मो जमशेद आलम ने किया। इस अवसर पर संकाय अध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी और अलग अलग संस्थानों से आए सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर इएसआइसी क्षेत्रीय कार्यालय ने किया खेलों का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इएसआइसी क्षेत्रीय कार्यालय, बिहार द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में खेल दिवस समारोह के साथ विभिन्न खेल गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन समारोह के साथ हुई जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा की गई। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यालय में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में इएसआइसी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में बिहार के दौरे पर आए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से भारत सरकार के उप सचिव मदन चौरसिया, डॉ हिमांशु भूषण तथा अन्य अधिकारीगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने मेजर ध्यानचंद की जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों और प्रतिभागियों में खेलों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना, स्वास्थ्य के प्रति सजगता को प्रोत्साहित करना तथा कार्यस्थल पर टीम भावना एवं सकारात्मक ऊर्जा को विकसित करना रहा।

# अहंकार पर विजय पाना ही मार्दव धर्म



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन दस दिवसीय दसलक्षण पर्व के दूसरे दिन आज पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह मंदिर, काली बीबी कटरा, गुरारा दिगम्बर जैन मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में उत्तम मार्दव धर्म की पूजा की गयी। सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक एवं शान्तिधारा की गयी। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि कदमकुआं स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में दसलक्षण पर्व सम्पन्न कराने प्रतिष्ठाचार्य पंडित मनीष जैन शास्त्री आये हैं जिनके सानिध्य में दसलक्षण पर्व की पूजा प्रारम्भ हुई है। साथ ही इस पूजा को संगीतमय बनाने फिरोजाबाद से संगीतकार सेंकी जैन अपने ग्रुप के साथ पधारे हैं। मंत्री ज्ञान पाटनी ने बताया कि यहां पर आज की शांतिधारा का सौभाग्य निर्मल बड़जात्या एवं मनोज बड़जात्या को प्राप्त हुआ। सोनू जैन ने बताया कि कमलदह मंदिर में सुनील छाबड़ा एवं अन्य द्वारा पर्यूषण पर्व की पूजा की जा रही है। वहीं बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मंत्री पराग जैन ने बताया कि कमिटी के अंतर्गत आनेवाले सभी तेरह क्षेत्रों के मंदिरों में भक्ति भाव से पर्यूषण के दूसरे दिन की पूजा हुई। एम पी जैन ने बताया कि दसलक्षण पर्व में मनुष्य की आत्मा के दस गुणों की पूजा की जाती है-जैन पर्यूषण पर्व में आत्मा के दस स्वभाव पर कैसे विजय पाया जाए इसी को बताया जाता है।

# ऑरेलिया ने अनन्या पांडे को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के सबसे पसंदीदा वीमेंस एथनिक वेयर ब्रांड ऑरेलिया ने बॉलीवुड की अभिनेत्री अनन्या पांडे को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही ब्रांड ने अपना हाई-एनर्जी फेस्टिव कैंपेन हैसटैग हमेशा ट्रेंडिंग भी लॉन्च किया है जो आधुनिक भारतीय महिला के लिए तैयार किए गए नए फेस्टिव कलेक्शन को दर्शाता है। यह कलेक्शन पारंपरिक एथनिक वेयर को समकालीन अंदाज और ट्रेंडी डिजाइनों के साथ नए रूप में पेश करता है। इस साझेदारी के साथ ऑरेलिया ने एक ऐसे ब्रांड के रूप में अपनी पहचान को मजबूत किया है जो महिलाओं को हमेशा ट्रेंड में, स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरपूर बनाए रखता है। अनन्या पांडे ने कहा मेरे लिए फैशन का मतलब है कॉन्फिडेंस और अपने स्टाइल को एंजॉय करना और ऑरेलिया इसमें परफेक्ट फिट बैठता है। मुझे इसका एथनिक वेयर बहुत पसंद है क्योंकि ये हमेशा फ्रेश, वाइब्रेंट और ऑन-ट्रेंड लगता है। त्योहारों और शादी के मौसम को ध्यान में रखते हुए ऑरेलिया ने हैसटैग हमेशा ट्रेंडिंग कैंपेन को लॉन्च किया है। ऑरेलिया का नया फेस्टिव कलेक्शन हर मौके के लिए परफेक्ट है।

# राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने की हरित विद्यालय प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा माह जुलाई, 2025 में राज्य में स्थित विद्यालयों में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना अभिवर्धित करने एवं संबंधित विद्यालयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किये जा रहे उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक हरित विद्यालय प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विद्यालयों के लिए पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न क्षेत्रों यथा- ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, उर्जा संरक्षण, इको-क्लब का संचालन, वृक्षारोपण, ग्रीन कवर क्षेत्र, सामाजिक दायित्व के तहत नदी, झील, पोखर, पार्क, ट्रैफिक गोलम्बर आदि का रख-रखाव, सामान्य साफ-सफाई, प्लास्टिक मुक्त परिसर, कागज का जगह ई.डायरी, ई. फाइल का उपयोग, ई.वेस्ट प्रबंधन, सोलर लाइट का उपयोग आदि पर अंक निर्धारित किए गये थे। स्वमूल्यांकन के आधार पर विद्यालयों द्वारा विहित प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन किया जाना था जिसकी अंतिम तिथि 31.07.2025 थी। राज्य के 22 विद्यालयों द्वारा इस प्रतियोगिता हेतु आवेदन किया गया। 01 अगस्त से स्वमूल्यांकन के प्राप्तांक के आधार पर शीर्ष 10 विद्यालयों का सत्यापन राज्य पर्षद् की दो सदस्यीय दल द्वारा किया गया। सत्यापन के पश्चात निम्नांकित 5 विद्यालयों को पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय, कंकड़बाग, पटना- प्रथम, देलही पब्लिक स्कूल, चांदमारी, दानापुर कैंट, पटना- द्वितीय, आर्मी पब्लिक स्कूल, दानापुर कैंट, पटना- तृतीय, सेंट माइकल्स हाई स्कूल, दीघा घाट, पटना- चतुर्थ, नोट्रेडेम एकेडमी, पाटलिपुत्र कॉलोनी, पटना- पंचम। हरित विद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शीर्ष 10 विद्यालयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु किये जा रहे कार्यों की विवरणी संलग्न की गई है।

संपादकीय

# इन्फ्लुएंसर्स को सुप्रीम चेतावनी

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के कंटेंट से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ कहा है, उसे बहुत सावधानी से लेने की जरूरत है। समय रैना समेत पांच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की टिप्पणियों को दिव्यांगों की गरिमा के खिलाफ पाया गया है।इंटरनेट सेंसेशन के इस दौर में जब अपने कंटेंट को वायरल बनाने की इच्छा सब पर हावी होती दिख रही है, इस केस ने यह ध्यान दिलाया है कि हर दूसरे अधिकार की तरह अभिव्यक्ति की आजादी भी अपने साथ जिम्मेदारी लेकर आती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ठीक ही बेहद सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि किसी को भी दूसरों पर, खासकर दिव्यांगों, बीमारों, जैसे कमजोर तबकों पर हंसने की छूट नहीं दी जा सकती। अदालत का यह मानक भी तर्कसंगत कहा जाएगा कि प्रायश्चित के तौर पर की जाने वाली क्षतिपूर्ति होने वाले नुकसान के मुकाबले ज्यादा होनी चाहिए।इसमें दो राय नहीं कि ऑनलाइन कंटेंट से जुड़े मामलों के लिए सरकार की ओर से गाइडलाइन होनी चाहिए। इस सिलसिले में अटॉर्नी जनरल की तरफ से बताया गया कि सभी स्टेकहोल्डर्स से बातचीत की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। लेकिन कोर्ट ने भी माना कि इस तरह की कोई भी गाइडलाइन किसी खास केस की प्रतिक्रिया में आनन-फानन तैयार नहीं की जा सकती और न ही ऐसा किया जाना चाहिए। यह कार्य न केवल मौजूदा परिस्थिति और इससे जुड़े तमाम पहलुओं का बल्कि आने वाले दौर की चुनौतियों का भी ध्यान रखते हुए करना होगा।सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से यह सवाल भी सामने आया कि क्या अभिव्यक्ति की आजादी को कमर्शल और नॉन कमर्शल जैसी दो श्रेणियों में बांटकर देखा जा सकता है। ध्यान रहे, संविधान की ओर से सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति का एक जैसा अधिकार दिया गया है। इसके साथ जुड़ी पाबंदियां भी सबके लिए समान हैं। यहां तक कि मीडिया या मीडियाकर्मियों को भी अलग से कोई अधिकार नहीं दिया गया है। ऐसे में इस पर विचार करना होगा कि क्या किसी की अभिव्यक्ति को इस आधार पर अलग तरह से देखा जाना चाहिए कि वह कमर्शल कंटेंट की श्रेणी में आता है या नहीं।पिछली सुनवाई की रोशनी में देखा जाए तो स्पष्ट हो जाता है कि इस मामले में अनुच्छेद 19 के तहत मिले अभिव्यक्ति के अधिकार और अनुच्छेद 21 के तहत मिले गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार दोनों पर विचार करना है। जाहिर है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शीर्ष अदालत कैसे दोनों के बीच संतुलन साधते हुए आगे बढ़ती है।

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित वार्षिक व्याख्यानमाला केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। संघ सरचालक मोहन भागवत ने इन व्याख्यानों में जिस स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, उन्होंने संघ की विचारधारा के प्रति व्याप्त भ्रांतियों का निवारण करने के साथ-साथ भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था।**


# विश्वगुरु बनने की नई इबारत लिखता भागवत का उद्बोधन

(ललित गर्ग )

हिंदुत्व को लेकर जो भ्रांतियाँ फैलाई जाती रही हैं, उन्हें भी भागवत ने तार्किक ढंग से दूर किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी संकीर्ण परिभाषा का नाम नहीं है। यह कोई धर्म विशेष की पूजा-पद्धति या संप्रदाय नहीं है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के शताब्दी वर्ष पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित वार्षिक व्याख्यानमाला केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। संघ सरचालक मोहन भागवत ने इन व्याख्यानों में जिस स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, उन्होंने संघ की विचारधारा के प्रति व्याप्त भ्रांतियों का निवारण करने के साथ-साथ भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है,नए मनुष्य का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है।

हिंदुत्व को लेकर जो भ्रांतियाँ फैलाई जाती रही हैं, उन्हें भी भागवत ने तार्किक ढंग से दूर किया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी संकीर्ण परिभाषा का नाम नहीं है। यह कोई धर्म विशेष की पूजा-पद्धति या संप्रदाय नहीं है। हिंदुत्व भारतीय जीवन दृष्टि है, वह व्यापक सांस्कृतिक धारा है, जिसमें करुणा, समरसता, सेवा, अहिंसा, सत्य और आत्मानुभूति का सम्मिलन है। हिंदुत्व सबको जोड़ता है, किसी को अलग नहीं करता। यह भारत की आत्मा है और इसी आत्मा के बल पर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्राप्त हो सकती है। इस स्पष्ट व्याख्या ने उस संदेह को भी दूर किया कि संघ का हिंदुत्व राजनीतिक या सत्ता प्राप्ति का साधन है। वास्तव में यह संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में बांधने वाली दृष्टि है, जिसमें भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। दूसरे दिन के वक्तव्य में भागवत ने और गहराई से विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पंचकर्म की चर्चा करते हुए कहा कि जैसे आयुर्वेद में पंचकर्म शरीर की शुद्धि का साधन है, वैसे ही समाज की शुद्धि और पुनर्निर्माण के लिए भी पंचकर्म आवश्यक है। उन्होंने पांच आयाम बताए- चरित्र निर्माण, संगठन निर्माण, समरसता, गरीब का उत्थान और आध्यात्मिक जागरण। यह पांचों पहलू किसी भी समाज के स्थायी स्वास्थ्य और विकास के आधार हैं। केवल राजनीतिक सुधार या आर्थिक प्रगति से राष्ट्र महान नहीं बनता, बल्कि तब




बनता है जब व्यक्ति का चरित्र शुद्ध हो, समाज संगठित हो, उसमें समरसता हो, कमजोर वर्ग को उत्थान मिले और राष्ट्र का जीवन उच्च आध्यात्मिक मूल्यों से संपन्न हो।

विशेष रूप से गरीब आदमी के उत्थान पर भागवत का जोर उल्लेखनीय था। उन्होंने कहा कि भारत तभी सशक्त होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और अवसर पहुंचे। यह विचार महात्मा गांधी के 'अंत्योदय', विनोबा भावे के 'सर्वोदय' और दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' की पुनर्स्मृति कराता है। आधुनिक भारत की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास के लाभ समाज के सभी तबकों तक समान रूप से नहीं पहुंचते। अमीर-गरीब की खाई बढ़ती जा रही है। यदि इस खाई को नहीं भरा गया, तो राष्ट्र की प्रगति अधूरी रह जाएगी। भागवत का दृष्टिकोण यह है कि राष्ट्र तभी महान बन सकता है जब उसका सबसे कमजोर नागरिक भी गरिमा और सम्मान के साथ जीवन जी सके। धर्मों की एकता पर उनका दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण था। भारत का इतिहास यही बताता है कि यहां विविधता में एकता की परंपरा रही है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन- सभी धर्म इस भूमि पर फले-फूले हैं और सभी का मूल संदेश करुणा, सेवा और मानवता रहा है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब धर्म को सत्ता की राजनीति से जोड़ा जाता है। भागवत का कहना था कि यदि हम धर्मों के मूल्यों को देखें तो उनमें कोई टकराव नहीं है। सबका आधार प्रेम, सत्य और सेवा है। यही साझा आधार भारत को एक ऐसा समाज बनाने में सक्षम है, जो विश्व के लिए अनुकरणीय हो।

भागवत के विचार निश्चित रूप से भारत की सांस्कृतिक परंपरा और संघ की कार्यप्रणाली को नई स्पष्टता देते हैं, लेकिन यहां यह प्रश्न भी उठता है कि इन विचारों को व्यवहार में उतारने की राह कितनी सरल है? समाज की जटिलताओं, जातीय और धार्मिक तनावों, राजनीतिक स्वार्थों और आर्थिक विषमताओं के बीच नया मनुष्य बनाना एक दीर्घकालिक साधना है। आलोचक कहते हैं कि संघ के पास विचार तो हैं, लेकिन उनकी जड़ें अभी तक समाज के सभी वर्गों तक गहराई से नहीं पहुँची हैं।

विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों में संघ के प्रति संदेह आज भी विद्यमान है। इसलिए केवल वक्तव्यों से नहीं, बल्कि ठोस और पारदर्शी कार्यों से यह भरोसा पैदा करना होगा कि संघ का हिंदुत्व वास्तव में सर्वसमावेशी है। इसी तरह गरीब के उत्थान और धर्मों की एकता की बातें विचारणीय हैं, किंतु यह भी देखना होगा कि क्या संघ और उससे जुड़े संगठन इस दिशा में ठोस योजनाएं और परिणाम दे पा रहे हैं? आलोचक यह प्रश्न उठाते हैं कि विकास की मुख्यधारा में गरीबों की स्थिति सुधारने में सामाजिक संगठनों से अधिक भूमिका सरकार की रही है। अतः यदि संघ इन बिंदुओं को अपनी कार्ययोजना का मूल बनाए, तो उसे केवल नैतिक आह्वान से आगे बढ़कर व्यावहारिक नीतियां और कार्यक्रम तैयार करने होंगे। तभी यह दृष्टि प्रभावी सिद्ध होगी और भारत सचमुच उस दिशा में बढ़ सकेगा, जिसकी परिकल्पना व्याख्यानमाला में की गई।

आज की वैश्विक परिस्थितियों पर दृष्टि डालें तो भागवत के विचार और भी प्रासंगिक हो उठते हैं। दुनिया हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ से त्रस्त है। पर्यावरण संकट दिन-प्रतिदिन गंभीर होता जा रहा है। मानसिक तनाव और आत्मकेंद्रित जीवन-शैली ने मानव को भीतर से खोखला कर दिया है। इन परिस्थितियों में भारत ही वह देश है, जो एक वैकल्पिक जीवन-दर्शन दे सकता है। भारत के पास भौतिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक समृद्धि की धरोहर है। यही धरोहर भारत को विश्वगुरु बनने की पात्रता प्रदान करती है। संघ की शताब्दी वर्ष की यह व्याख्यानमाला केवल संघ के स्वयंसेवकों के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश और विश्व के लिए एक संदेश है। यह संदेश है-नए मनुष्य का निर्माण करना, गरीब को उठाना, धर्मों को जोड़ना, समाज में समरसता स्थापित करना और हिंदुत्व की व्यापक जीवन दृष्टि के आधार पर विश्व को दिशा देना। यह केवल भाषण नहीं, बल्कि एक संकल्प है। यदि भारत को सचमुच विश्वगुरु बनना है, तो यह संकल्प पूरे समाज का होना चाहिए।

संघ को लेकर लंबे समय से यह आरोप लगाया जाता रहा है कि उसकी विचारधारा संकीर्ण है, वह केवल बहुसंख्यक समाज का प्रतिनिधित्व करता है, उसमें अल्पसंख्यकों के लिए कोई स्थान नहीं है। भागवत के इन वक्तव्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि संघ का दृष्टिकोण न तो संकीर्ण है और न ही बहिष्कृत करने वाला। संघ का हिंदुत्व सर्वसमावेशी है, जिसमें सभी धर्म और सभी आस्थाएं स्थान पा सकती हैं।

इसका उद्देश्य सत्ता की राजनीति नहीं, बल्कि समाज का नैतिक और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण है। संघ की शताब्दी का यह अवसर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि आज भारत का भविष्य एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर आर्थिक प्रगति, तकनीकी उपलब्धियां और वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा है, तो दूसरी ओर आंतरिक चुनौतियां भी हैं-सामाजिक असमानता, जातीय तनाव, धार्मिक विद्वेष और मूल्यहीन राजनीति।

# नेपाल में नए नक्शे को लेकर निशाने पर ओली सरकार

**कूटनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि नए मानचित्र के बारे में न केवल पड़ोसी देशों, बल्कि संयुक्त राष्ट्र को भी औपचारिक जानकारी न देना नेपाल की खुद की कमजोरी है। उनके मुताबिक, किसी भी देश को अपने मानचित्र में बदलावों के बारे में संबंधित पक्षों को सूचित करना होता है।**

(पुष्परंजन)

नेपाल इस बार भारत से कम और चीन से ज्यादा नाराज है। दरअसल, चीन ने उस नक्शे को मान्यता दी है, जिसमें लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी को भारत का हिस्सा माना गया है।

जाहिर है, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से नेपाल का विपक्ष सवाल कर रहा है कि आपने चीन को 'चुच्चे मानचित्र' यानी नया नक्शा क्यों नहीं भिजवाया था? रह गया।

लोगों ने जब नेताओं और नौकरशाहों को कठघरे में खड़ा करना शुरू किया, तब अपनी खाल बचाने के लिए ओली सरकार बयान देने लगी कि चीन ने नए मानचित्र की अनदेखी की है, जिसे 1816 की सुगौली संधि के आधार पर संसद ने मंजूरी दी थी।

कूटनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि नए मानचित्र के बारे में न केवल पड़ोसी देशों, बल्कि संयुक्त राष्ट्र को भी औपचारिक जानकारी न देना नेपाल




यह 18 मई, 2020 की बात है, जब नेपाल का राजनीतिक मानचित्र संसद से पारित किया गया था। तत्कालीन सरकार ने नेपाल की सीमा में कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा को शामिल करते हुए नए मानचित्र में नेपाल के 335 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को शामिल किया था, जिससे कुल क्षेत्रफल 147,181 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 147,516 वर्ग किलोमीटर हो गया। मगर इस नए मानचित्र को चीन और भारत के साथ साझा करना ओली सरकार भूल गई। इस बीच 28 अगस्त, 2023 को चीन के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने अपना 'मानक मानचित्र, 2023 संस्करण' जारी किया। उसमें पुराने मानचित्र को ही स्वीकृति दी गई, जिसमें लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी को भारत का हिस्सा माना गया था। नेपाली विदेश मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि उन्हें चीन के नए नक्शे के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं थी। यह बयान जिस भी नेपाली नागरिक ने सुना, अपना माथा पीटकर की खुद की कमजोरी है। उनके मुताबिक, किसी भी देश को अपने मानचित्र में बदलावों के बारे में संबंधित पक्षों को सूचित करना होता है। अब वे पूछ रहे हैं, क्या नेपाल सरकार ने मानचित्र में बदलावों और नए मानचित्र के अनुसार प्रतीकों, चिह्नों को बदलने जैसे संविधान संशोधन के बारे में मित्र देशों को सूचित किया था? अगर किया था, तो उसने इसे मॉनिटर किया या नहीं? नेपाली विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता सेवा लम्साल का कहना है कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र और पड़ोसी देशों को इस नक्शे के बारे में लिखा था या नहीं?

बहरहाल, 2 नवंबर, 2019 को भारत ने लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी को शामिल करते हुए एक नया नक्शा जारी किया था, जिसका नेपाल में कड़ा विरोध हुआ था। उसके अगले साल 8 मई, 2020 को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिपुलेख लिंक रोड का उद्घाटन किया।

# जियो-पॉलिटिकल लव ट्रेंगल- क्या एक रूस, एक भारत और एक चीन के स्वप्न से बनेगी बात?

**आए दिन बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच जियो-पॉलिटिकल लव ट्रेंगल के दृष्टिगत एक रूस, एक भारत और एक चीन के अघोषित स्वप्न यक्ष प्रश्न समुपस्थित है। देखा जाए तो प्रथम-द्वितीय विश्वयुद्ध के प्रणेता रहे अमेरिका-यूरोप की कुचक्री नीतियों के प्रतिरोध स्वरूप बन रहे यूरेशियाई ब्लॉक यानी रूस-चीन-भारत के समूह और उसके प्रस्तावित आरआईसी त्रिकोण के सम्मुख यह मौलिक सवाल समुपस्थित है कि क्या इस त्रिकोण के बिना उनके विश्वव्यापी भविष्य और उनकी सफलता दोनों संदिग्ध रहेगी।**

(कमलेश पांडे)

ऐसे में संयुक्त राज्य अमेरिका और दो दर्जन देशों से अधिक की सदस्यता वाले यूरोपीय संघ में शामिल नाटो देशों के अंतरराष्ट्रीय तिकड़मों से निपटने के लिए जरूरी है कि रूस, भारत, चीन तीनों अपना-अपना विस्तार करें। खुद को उम्मीद से ज्यादा मजबूत बनाएं।

आए दिन बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच जियो-पॉलिटिकल लव ट्रेंगल के दृष्टिगत एक रूस, एक भारत और एक चीन के अघोषित स्वप्न यक्ष प्रश्न समुपस्थित है। देखा जाए तो प्रथम-द्वितीय विश्वयुद्ध के प्रणेता रहे अमेरिका-यूरोप की कुचक्री नीतियों के प्रतिरोध स्वरूप बन रहे यूरेशियाई ब्लॉक यानी रूस-चीन-भारत के समूह और उसके प्रस्तावित आरआईसी त्रिकोण के सम्मुख यह मौलिक सवाल समुपस्थित है कि क्या इस त्रिकोण के बिना उनके विश्वव्यापी भविष्य और उनकी सफलता दोनों संदिग्ध रहेगी।

ऐसा इसलिए कि वर्तमान अमेरिकी सनक और हनक के प्रतिक्रिया स्वरूप अब भारत ने गुटनिरपेक्षता के बजाए रूस के साथ चीन की ओर जिस तरह से अपना झुकाव प्रदर्शित किया है, वह अमेरिका-यूरोप के मित्रगत समझ और उन पर आधारित तिकड़मों को तो करारा जवाब है ही, साथ ही भारत अपनी गुटनिरपेक्ष नीतियों से इतर भी एक नया और ठोस संकेत दे रहा है, जिसे समझने की जरूरत है।

मसलन, यह कि अपने दूरगामी राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए भारत किसी भी विकसित देश के धौंसपट्टी में नहीं आएगा और इसकी भरपाई के लिए घोर शत्रु से भी हाथ मिलाने में नहीं हिचकिचाएगा। अमेरिका यदि पाकिस्तान-बंगलादेश को भारत के खिलाफ भड़कएगा तो भारत भी अब चुप नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक रणनीतिक पलटवार ऑपरेशन सिंदूर की भांति करेगा।

ऐसे में संयुक्त राज्य अमेरिका और दो दर्जन देशों से अधिक की सदस्यता वाले यूरोपीय संघ में शामिल नाटो देशों के अंतरराष्ट्रीय तिकड़मों से निपटने के लिए जरूरी है कि रूस, भारत, चीन तीनों अपना-अपना विस्तार करें। खुद को उम्मीद से ज्यादा मजबूत बनाएं। इस दृष्टि से भारत के सदाबहार दोस्त सोवियत संघ में



शामिल रहे रूस और अन्य चौदह देशों के अलावा, तुर्किये, सीरिया, मिश्र, सऊदी अरब आदि के उसमें मिलने से ही एक वृहत रूस या रूसी परिसंघ का सपना पूरा होगा। लिहाजा इस क्षेत्र में नाटो की बढ़ती दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं।

इसी प्रकार भारत को उसके पड़ोसी देशों, यथा- पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, ईरान, इराक, म्यांमार, नेपाल, तिब्बत, भूटान, श्रीलंका, मालदीव के अलावा भी थाईलैंड, कम्बोडिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, मलेशिया आदि देशों को भारत में मिलाने के नैतिक प्रयत्न जारी रखने होंगे, क्योंकि इससे ही एक भारत का सपना पूरा होगा। वहीं, इस क्षेत्र में अमेरिका या चीन के बढ़ती दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं।

ठीक इसी तरह से चीन के विस्तार के लिए ताइवान, उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, जापान, लाओस, वियतनाम आदि देशों को उसमें मिलाना जरूरी है, जिससे एक चीन का सपना जल्द पूरा होगा। लेकिन यहां पर भी अमेरिका या जापान के बढ़ते दखल से भविष्य में मामले उलझ सकते हैं। इस नजरिए से देखा जाए तो ये तीनों इतने वृहत भौगोलिक पॉलिटिकल ब्लॉक हैं, जिन पर रूस, भारत और चीन की पकड़ मजबूत होने से उनके संयुक्त रणनीतिक एजेंडे को बल मिलेगा। इसलिए यदि इनके एजेंडे में यह विषय शामिल नहीं है तो अविलंब कर लीजिए। इससे तीनों देशों का ही भला होगा। लेकिन एक दूसरे के भौगोलिक, आर्थिक और सैन्य हितों का सम्मान कीजिए, अन्यथा मित्रतापूर्ण भाव कटुता में तब्दील हो जाएगी।

लिहाजा यदि संभव हो तो इसी आधार पर अपनी रणनीतिक समझदारी भी विकसित कर लीजिए और एक-दूसरे के पैर को खींचना बन्द कर दीजिए। यदि आप तीनों ऐसा कर पाए तो नाटो या जी-7 पर एससीओ या ब्रिक्स देश समूह चौबीस घण्टे भारी पड़ेंगे। लेकिन यह काम इतना आसान भी नहीं है। इसके लिए पुतिन, मोदी और जिनपिंग को थोड़ा बहुत त्याग करना होगा, थोड़ा दिल बड़ा करके पड़ोसियों की मानसिकता को बदलना या जीतना होगा, थोड़ा धैर्य पूर्वक कदम बढ़ाना होगा।

वहीं, निकट भविष्य में यदि भारत-रूस के प्रभाववश इजरायल का भी इस त्रिकोण को साथ मिल गया तो यह सोने पर सोहागा वाली स्थिति होगी। इससे अरब व यूरोप के उन हिस्सों पर भी भारत-रूस की पकड़ मजबूत होगी, जिन पर इजरायल की धाक जमेगी। यदि वह यरूशलेम-इंग्लैंड एक्सप्रेस-वे विकसित कर लेता है तो यह उसके लिए बहुत सुकून की बात होगी। यह स्थिति अमेरिका-रूस दोनों के लिए सुखद होगी।

यदि इस नजरिए से नई दिल्ली-मॉस्को एक्सप्रेस-वे और नई दिल्ली-बीजिंग एक्सप्रेस-वे, नई दिल्ली-सिंगापुर एक्सप्रेस-वे और नई दिल्ली-यरूशलेम एक्सप्रेस-वे बना दिया जाए तो इसके और बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। इसी तरह से रूस के मास्को-बीजिंग एक्सप्रेस-वे, मास्को-इस्ताम्बुल (तुर्किये) एक्सप्रेस-वे, मॉस्को-बर्लिन एक्सप्रेस-वे, मॉस्को-पेरिस एक्सप्रेस-वे के सपने देखे जाएं तो यह उसके लिए बेहतर हो सकता है।

रही बात चीन की तो उसके लिए बीजिंग-इस्ताम्बुल (तुर्किये) एक्सप्रेस-वे, टोकियो एक्सप्रेस वे-वॉटर वे, चीन-लाओस एक्सप्रेस-वे से उसके कारोबार में भी इजाफा हो सकता है। लेकिन क्या ऐसा करना आसान है? जवाब होगा- शायद हां भी और नहीं भी।

## उपायुक्त ने सामान्य/विधि/उच्च न्यायालय/मानवाधिकार से संबंधित बैठक की, दिए जरूरी दिशा-निर्देश



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सभी विभागों से संबंधित लंबित वादों की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज समाहरणालय सभागार में सामान्य/विधि/उच्च न्यायालय/मानवाधिकार से संबंधित बैठक की।

बैठक में सभी विभागों से संबंधित लंबित वादों की विस्तृत समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में विभागवार बारी-बारी समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने लंबित वादों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि वे मामलों का ससमय निष्पादन कराने हेतु शपथ पत्र दायर करके त्वरित रूप से कार्रवाई करें। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब संज्ञान में देने की बात कही, ताकि त्वरित तरीके से उसका हल निकाला जा सके। मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, विधि शाखा, जिला उप रजिस्ट्रार, सभी अंचलाधिकारी, गिरिडीह जिला, सामान्य शाखा, विधि शाखा के प्रधान सहायक समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित था।

# साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आमजनों की शिकायतों को पारदर्शी ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया।

आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने जमीन विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, राशन, शिक्षा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

साथ ही भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों पर अंचलाधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रत्येक मामले में फोन पर संबंधित अधिकारी से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और पारदर्शी ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने।

## फसल कटनी के निमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, श्री जितेंद्र कुमार दुबे की उपस्थिति में कृषि वर्ष 2025-26 में सम्पादित किये जाने वाले फसल का सीसीइ एग्री ऐप्प एवं डीजीसीइएस के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग सम्पादित किये जाने के निमित्त प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

जिसमें गिरिडीह जिला अन्तर्गत सभी 13 प्रखण्ड/अंचल के प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एवं अंचल निरीक्षक के साथ-साथ बजाज अलीज जनरल इन्शुरन्स सीओ. एलटीडी के प्रतिनिधि श्री राजेन्द्र सिंह भी सम्मिलित हुए। सीसीइ एग्री ऐप्प एवं डीजीसीइएस के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग के महत्व एवं कटनी प्रयोग कैसे सम्पादित किया जायेगा, के बारे में ऐप्प के माध्यम से जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, गिरिडीह के द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही, उपस्थित सभी प्रखण्ड/अचल स्तरीय प्रयोगकताओं को निदेश दिया गया कि फसल कटनी प्रयोग किसी भी परिस्थिति में ऑफलाईन स्वीकार्य नहीं होगा। हर हाल में ऑनलाईन ही फसल कटनी प्रयोग सम्पादित किया जायेगा। इस हेतु दिनांक 06.09.2025 तक अपने नाम के सामने आवंटित ग्राम में जाकर प्लॉट का चयन करते हुए फॉर्म 1 भरना सुनिश्चित करेंगे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए प्रभारी बने डॉ. धर्मनाथ ठाकुर

**चौपारण(हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जिम्मेदारी अब डॉ. धर्मनाथ ठाकुर को सौंपी गई है। उन्होंने पूर्व प्रभारी डॉ. फरहाना महफूज से औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया।प्रभारी का कार्यभार संभालते ही डॉ. ठाकुर के सामने कई बड़ी चुनौतियाँ हैं।

चौपारण क्षेत्र जीटी रोड पर आए दिन होने वाले सड़क हादसों का गवाह है,जहाँ घायल व्यक्तियों के त्वरित और बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके अलावा अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ की कमी, परिसर में गंदगी और अव्यवस्था जैसी समस्याएँ भी लंबे समय से मरीजों और ग्रामीणों की परेशानी का कारण बनी हुई हैं।

## नेकपुरा से थाना मोड़ तक सड़क निर्माण की मांग, विधायक ने मुख्यमंत्री को दिया आवेदन



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन जमुआ की विधायक मंजु कुमारी ने सदन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर नेकपुरा से असको होते हुए थाना मोड़, देवरी तक सड़क निर्माण की मांग की विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखित आवेदन सौंपते हुए कहा कि यह सड़क अत्यंत व्यस्त, संकीर्ण एवं जर्जर अवस्था में है, जिससे ग्रामीणों को आए दिन जाम, दुर्घटना और आवागमन की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने मांग की कि इस पथ को ग्रामीण कार्य विभाग से हस्तांतरित कराकर शीघ्र चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्य कराया जाए मुलाकात के दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री को जमुआ विधानसभा क्षेत्र की अन्य जनहित संबंधी समस्याओं से भी अवगत कराया विकास कार्यों को लेकर सक्रिय रहने और क्षेत्र की समस्याओं को लगातार सरकार के समक्ष उठाने के लिए विधायक मंजु कुमारी के इस प्रयास पर क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त किया।

### संक्षिप्त समाचार

## टोटो चालक की मौत से आक्रोश, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर धरना देकर रोड जाम

**चौपारण/हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुढ़वा महादेव मंदिर के समीप गुरुवार की शाम एक टोटो चालक गंभीर अवस्था में पाया गया था। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां



डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से टोटो चालकों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। शुक्रवार को टोटो चालकों ने सामूहिक हड़ताल करते हुए डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक पर धरना प्रदर्शन कर रोड जाम कर दिया। अचानक जाम से आवागमन ठप हो गया और आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से बातचीत शुरू की। देर शाम तक वार्ता जारी रही।

## सत्र 25 -26 का क्लब पद स्थापना समारोह संपन्न

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट का होटल इव्यांन पैलेस (ऑर्बिट 2) टुंडी रोड, बरवाडीह, गिरिडीह के प्रांगण में सत्र 25 -26 का 6वे. क्लब पद स्थापना समारोह संपन्न की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला 322 ए के जिला पाल तथा मुख्य अतिथि पीएम जेएफ लायन संजय कुमार,प्रथम उप जिला पाल एमजेएफ लायंन शुभ्रा मजूमदार, पूर्व जिला पाल पीएमजेएफ लायन माधव लखोटिया, पूर्व जिला पाल ढटखत्रऋलायन सिद्धार्थ मजूमदार, क्लब पद स्थापना समारोह में अध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद, सचिव लायन सुदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष लायन गुंजन कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष लायन सुनील कुमार, लायन राहुल कुमार एवं लायन डॉ सुमन कुमार, संयुक्त सचिव लायन डॉक्टर दीपक कुमार, सह कोषाध्यक्ष लायन विकास गुप्ता, क्लब एडमिनिस्ट्रेशन ऑफीसर लायन धर्म प्रकाश, मेंबरशिप चेयरपर्सन लायन उदय भदानी, क्लब सर्विस चेयरपर्सन लायन अमरनाथ मंडल ,पी आर ओ- लायन राहुल बर्मन, लायन तमर- लायन मसरूर आलम सिद्दीकी, लायन ट्विस्टर -लायन राहुल प्रसाद, क्लब निदेशक -लायन टखत्रऋडॉक्टर संजय कुमार सिंह, लायन राजेश गुप्ता ,लायन डॉक्टर ज्ञान प्रकाश ,लायन अरुण कुमार साव को चयन किया गया।

## श्री कबीर ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा वस्त्र वितरण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्री कबीर ज्ञान मंदिर ट्रस्ट द्वारा सदगुरु मां के पावन जन्मोत्सव, भाद्र शुक्ल चतुर्थी के उपलक्ष में में विभिन्न जरूरतमंद बस्तियों में कई चरणों में वस्त्र वितरण किया जा रहा है इसी क्रम के पांचवें चरण में "मां ज्ञान कौशलम" की बहनों के बीच दोझ्रदो सेट नए वस्त्रों का वितरण किया गया बताया गया कि श्री कबीर ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान से परम वंदनीय सतगुरू मां द्वारा "मां ज्ञान कौशलम" का संचालन किया जा रहा है जिसमें हजारों बहनों के द्वारा निशुल्क ब्यूटीशियन, कंप्यूटर कोर्स, सिलाई कोर्स, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स का प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है इस अवसर पर सद्गुरु मां ने कहा कि* "मां ज्ञान कौशलम" के संचालन से बहनों को प्रशिक्षण प्रदान कराया जा रहा है, जिससे बहनें स्वावलंबी होकर आत्मनिर्भर होंगी। ट्रस्ट परिवार "खुशियां बांटो" के संकल्प के तहत अलग-अलग सेवा प्रकल्प में संलग्न है। मानवता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। सदगुरु मां ने आगे कहा जिस प्रकार से कबीर ज्ञान मंदिर द्वारा 721 यूनिट रक्तदान कर रक्तदान महायज्ञ को सफल किया है इस प्रकार विभिन्न सेवा प्रकल्प भी सतत संचालित है सद्गुरु मां ने मानवता के महायज्ञ में निस्वार्थ भाव* से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं आभार व्यक्त किया। और कहा की रक्तदान केवल चिकित्सकिय प्रक्रिया नहीं है, प्रत्युत यह मानवता का उत्सव है। यह वह क्षण है, जब आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी के दिल में धड़कने लगता है।

## लोक अदालत का आयोजन आज, तैयारी पूरी

**■ मामले निस्तारण को ले 11 पीठों का हुआ गठन**

**मेदिनीनगर (पलामू )/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में 30 अगस्त शनिवार को 10.30 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने दी।

उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया है । वही एक हेल्प डेस्क भी बनाया गया है । पीठ संख्या एक में कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास व अधिवक्ता वीणा मिश्रा करेंगे । पीठ संख्या दो में पीडीजे व सभी जिला व सत्र न्यायाधीश के कोर्ट से सम्बंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नंबर 6 राजकुमार मिश्रा व अधिवक्ता अमिताभ चंद्र सिंह करेंगे । पीठ संख्या तीन में विद्युत विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम अखिलेश कुमार व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय करेंगे । पीठ संख्या चार में आपराधिक मामले का निस्तारण सी जे एम मनोरंजन कुमार व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे करेंगे । पीठ संख्या पांच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज सीनियर डिवीजन सौरभ कुमार गौतम व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह करेंगे। पीठ संख्या छह में चेक बाउंस से संबंधित मामले का निस्तारण सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि शंकर पांडेय व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह करेंगे। पीठ संख्या सात में सभी सिविल जज जूनियर डिवीजन के कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन निर्भय प्रकाश व अधिवक्त वीर विक्रम बक्स राय करेंगे। पीठ संख्या आठ में चेक बाउंस से संबंधित मामले का निस्तारण रश्मि चंदेल न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी व अधिवक्ता संतोष तिवारी करेंगे।

## चौपारण में खेलो झारखंड : बच्चों की प्रतिभा देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

**चौपारण (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड खेल मैदान में आयोजित चार दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के दूसरे दिन बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया। अंडर-14, 17 और 19 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने विभिन्न खेलों में दमखम दिखाते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरही सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सर्किल इंस्पेक्टर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लखेल हमें टीम वर्क सिखाते हैं। कबड्डी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां एकजुट होकर खेलना ही जीत की कुंजी है। अनुशासन से ही पढ़ाई और खेल दोनों में सफलता पाई जा सकती है।वहीं थाना प्रभारी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ह्लनशा आपका कैरियर और जीवन दोनों बर्बाद कर देता है, इसलिए खेल और शिक्षा के जरिए अपनी पहचान बनाएं और अपने प्रखंड व स्कूल का नाम रोशन करें।मंच का संचालन शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने किया। मौके पर शिक्षक सुरेंद्र कुमार दास, मो. कैसर आलम, कमलेश कुमार कमल, मृत्युंजय सिंह, डॉ. प्रदीप साहू, विजय कुमार, शशिकांत शर्मा, गीता कुमारी, निशु कुमारी, संगीता कुमारी, गुलाब साव, अजय यादव, बद्दी उजमा, बीपीएम मो. आरिफ अंसारी, बीआरसी कर्मी विष्णुनाथ रविदास, गिरधारी महतो, दीपक भारती, शशि कुमार, रूपलाल रविदास, पवन कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विष्णुगढ़ पांच दिवसीय गणेश महोत्सव के दूसरे दिन बच्चों ने डांस व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को किया मंत्र मुग्ध

**विष्णुगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विष्णुगढ़ के देवी मंडप स्थित सार्वजनिक गणपति मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव पूजा के दूसरे बाल नृत्य प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चो ने अपने प्रतिभा अनुरूप बेहतर प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।



बाल नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन पूजा कमिटी के सचिव नीतीश कुमार के द्वारा किया गया, जिसका साथ सन्नी कुमार ने बखूबी से निभाया। कार्यक्रम के पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा ग्रुप डांस का शानदार प्रदर्शन किया गया। वही नन्हे मुन्ने बच्चो ने डांस में अपना भी जलवा बिखेर कर दर्शकों को झूमने और ताली बजाने पर मजबूर किया। कार्यकम के बीच में विष्णुगढ़ डीएमटी क्लब के सदस्यों द्वारा, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से संबंधित एक अदभुत नाटक प्रस्तुत किया गया। टीम की अगवाई कर रही कुमकुम कुमारी ने नाटक के द्वारा बताया कि बेटियां घर की सम्मान होती है, तो फिर क्यों छीन लेते हैं उनके जीने का अधिकार। रानी कुमारी ने इस नाटक के माध्यम से समाज को आईना दिखाया कि अगर बेटियां ही नहीं रहेगी, तो बहू कहां से लाओगे, दुनिया आगे कैसे बढ़ेगी, एक घर में बेटा पैदा होता है, तो सभी के चेहरे पर खुशियां छाई होती है, लेकिन वही अगर बेटी पैदा होती हैं, तो चेहरे पर मायूसी छा जाती है। समाज में आज भी बेटी को बोझ मानते हैं, प्रधानमंत्री द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया गया था और कहा भी जाता हैं कि बेटियां घर की लक्ष्मी होती हैं, तो फिर बेटी को बोझ क्यों माना जाता हैं, उनके जन्मदिन पर मायूसी क्यों छा जाती है। इस दौरान दर्शको में एक सन्नाटा छा गया, और सबकी आखों में आसूं भर आए , नाटक के अंत में तालिया बजा कर सभी को सम्मान दिया गया साथ ही मेडल एवं पढ़ाई की सामग्री देकर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि आज दैनिक जीवन में बेटियों को घर और समाज में बोझ समझ कर पैदा होते ही मार दिया जाता हैं, बेटियां आज कही भी सुरक्षित नहीं है, घर से बाहर निकलने बाद उसके साथ रेप जैसे घिनौने घटना के अंजाम देने बाद कुर्रता से मार दिया जाता है, दहेज के लिए के जिंदा जलाया जाता है। जबकि वही बेटियां आज बोझ नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र में अव्वल स्थान पर है, आज बेटियां देश में ही नहीं विदेशों में अपना परचम लहरा रखा है, जिसपर हमे उस पर गर्व हो रहा है, इसलिए बेटियो को बचाना और शिक्षा देना हमारी भी जिम्मेवारी बनती है। कार्यक्रम में डीएमटी क्लब के सदस्यों एवं गणमान्य लोगो द्वारा बच्चों के प्रोत्साहन के लिए मेडल एवं पढ़ाई की सामग्री देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## पलामू सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्रभारी प्राचार्य रोहित को बदल डीइओ ने करूणा शंकर को बनाया प्राचार्य



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने परीक्षा फल के प्रकाशन में लापरवाही व घोर अनियमितता संबंधित प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित होने के बावजूद पूर्व के प्राचार्य रहे करुणा शंकर तिवारी को पुणः जिला स्कूल सह सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का प्रभारी प्राचार्य बना दिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने ज्ञापांक 1118, दिनांक 8 अगस्त 2025 के कार्यालय आदेश के माध्यम से स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक रोहित कुमार तिवारी को प्रभारी पद से हटा दिया। उन्होंने वरीयता के आधार का उल्लेख करते हुए स्नातकोत्तर प्रशिक्षित पीजीटी संस्कृत शिक्षक करुणा शंकर तिवारी को प्रभारी प्राचार्य बनाते हुए प्राचार्य के रूप में दायित्व का निर्वहन के लिए प्राधिकृत किया है।

जानकारी के अनुसार करुणा शंकर तिवारी से भी वरीय शिक्षक उक्त स्कूल में कार्यरत हैं। बावजूद डीईओ ने किन परिस्थितियों में वरीय दूसरे शिक्षक प्रफुल्ल चंद्र मिश्रा के रहते करूणा शंकर तिवारी को प्रभारी प्राचार्य बनाया है, यह विचारणीय है। करुणा शंकर तिवारी पर प्राचार्य रहते सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शैक्षणिक सत्र 2023 -24 में नामांकन के लिए 30 मई 2023 को आयोजित प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल प्रकाशन के पश्चात परीक्षा में पाई गई त्रुटि व आपत्ति से संबंधित शिकायत व परिवाद पत्र प्राप्त हुए थे। प्राप्त शिकायत व परिवाद पत्र पर पलामू के तत्कालीन उपायुक्त ने पत्रांक 380 गोपनीय, दिनांक 11 जून 2023 के द्वारा त्रिस्तरीय जांच समिति गठित कर मामले की जांच कराई थी। उप विकास आयुक्त के पत्रांक 124 गोपनीय दिनांक 19 मार्च 2023 का पत्र के साथ संलग्न जांच समिति के संयुक्त हस्ताक्षर से प्राप्त जांच प्रतिवेदन में प्रभारी प्राचार्य करुणा शंकर तिवारी के द्वारा परीक्षा फल के प्रकाशन में लापरवाही व घोर अनियमितता संबंधित प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया था। इसके पश्चात तत्कालीन उपायुक्त ने करुणा शंकर तिवारी को प्रभारी प्राचार्य से कार्य मुक्त करते हुए रोहित कुमार तिवारी को प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य के लिए प्राधिकृत किया था। प्रभारी प्राचार्य रोहित कुमार तिवारी ने अपने कार्यकाल में स्कूल के बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक किया। यही कारण है कि 2025 में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के नाम को उंचा करते हुए परीक्षार्थी मैट्रिक व इंटर की हुई परीक्षा में पूरे राज्य के 80 एक्सीलेंस स्कूल में स्टेट टॉपर बने थे। 2025 में दसवीं की सीबीएसई परीक्षा में टॉप टेन में पांच परीक्षार्थी पलामू जिला स्कूल के थे।

# जिला सप्तशक्ति संगम एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में शुक्रवार को जिला सप्तशक्ति संगम एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि शालिनी बैशिख्यार,प्रांत संयोजिका रंजना सिंह, सह संयोजिका किरण राय,जिला संयोजिका स्वाति सिन्हा,विभाग प्रमुख ब्रजेश सिंह एवं प्रधानाचार्य आनंद कमल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यशाला का उद्घाटन किया।



मंच संचालन शालिनी राज,अतिथि परिचय निशा श्रेष्ठ,आभार प्रधानाचार्य ने किया।मौके पर बहनों द्वारा हम ही मातृ शक्ति हैं मधुर गीत प्रस्तुत किया गया।कार्यशाला में उपस्थित मातृशक्ति के बीच प्रश्नोत्तरी किया गया।विषय प्रवेश कराते हुए ब्रजेश सिंह ने कहा कि देश और विश्व की वर्तमान परिस्थितियों और चुनौतियों के समाधान में माता की भूमिका अहम है। भारतीय महिला के भीतर अनेक ऐसे अंतर्निहित गुण विद्यमान है। संयुक्त परिवार,सामूहिक जीवन पद्धति,आहार-विहार में प्रकृति की अनुरूपता,परंपराएँ एवं पर्व,पर्यावरण के प्रति व्यावहारिक आचरण आदि विषयों पर भारतीय महिला अपना दायित्व ही नहीं,अपितु अपना धर्म समझना चाहिए। कहा कि विद्या भारती द्वारा पूरे देश में 15000 सप्तशक्ति संगम की योजना बनी है। प्रांत संयोजिका ने कहा कि हम महिलाओं को नैसर्गिक गुणों को अपनाना चाहिए।स्त्री की शक्तियां,सूक्ष्म और सौम्य होती है जिससे वह घटनाओं को उसकी इच्छानुसार मोड़ सकती है।संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ के द्वारा निर्धारित पंच प्राण को घर-घर तक पहुंचाना है। किरण राय ने कहा कि यदि एक बेटी शिक्षित होती है तो दो परिवार शिक्षित होता है।हम माताओं को अपनी शक्ति का आभास करना है ताकि हमारा समाज सुसंस्कृत होकर आगे बढ़े। शालिनी बैशखियार ने कहा कि महिलाएं किसी भी समाज का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। वर्तमान में द्रुत गति से पाश्चात्य संस्कृति अपनाने वाली महिलाओं से आग्रह होगा कि वह पाश्चात्य संस्कृति को छोड़कर अपने बच्चों में भारतीय संस्कृति का समावेश करे। सर्वप्रथम हमें स्वयं का विकास करना होगा,उसके बाद परिवार बच्चे एवं समाज का विकास करना है।संघ के पंच प्राण नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता,पर्यावरण संरक्षण,कुटुंब प्रबोधन और स्वदेशी को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य माताएँ ही कर सकती हैं। कार्यशाला में 70 दीदी के साथ-साथ समिति उपाध्यक्ष सतीश्वर प्रसाद सिन्हा,प्रधानाचार्य जीतन पंडित,प्रमोद कुमार गुप्ता,उपेंद्र कुमार राय,अर्जुन प्रसाद आर्य, अशोक कुमार मंडल,अरुण कुमार एवं पुरुषोत्तम कुमार उपस्थित हुए।

## ट्रंप टैरिफ से भारत की अर्थव्यवस्था को तगड़ा झटका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेफरीज के ग्लोबल स्ट्रैटेजिस्ट क्रिस वुड ने चेतावनी दी है कि डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए कड़े टैरिफ (शुल्क) भारत की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर डाल सकते हैं। वुड का कहना है कि अगर ये ड्रेकोनियन टैरिफ लंबे समय तक जारी रहते हैं, तो भारतीय अर्थव्यवस्था को लगभग 55 से 60 अरब डॉलर तक का झटका लग सकता है। इसका सीधा असर भारत के निर्यात, रोजगार और विदेशी निवेश पर पड़ सकता है, जिससे कई सेक्टर्स को नुकसान उठाना पड़ सकता है। वुड ने अनुमान लगाया है कि यह नुकसान खासकर उन क्षेत्रों को होगा, जो अमेरिका को निर्यात पर निर्भर हैं। जैसे कि- टेक्सटाइल, जेम्स एंड ज्वेलरी और इंजीनियरिंग गुड्स। उन्होंने यह भी कहा कि टैरिफ बढ़ने से भारतीय कंपनियों की प्रतिस्पर्धा क्षमता घट जाएगी। जहां पहले भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में सस्ते और आकर्षक माने जाते थे। वहीं अब बढ़े हुए शुल्क के कारण इनकी कीमतें बढ़ जाएंगी। इससे अमेरिकी खरीदार अन्य देशों से सामान आयात करना पसंद कर सकते हैं। इसके अलावा, यह कदम भारत में निवेश और रोजगार दोनों पर दबाव डाल सकता है। निर्यात घटने से कई उद्योगों में नौकरियों पर असर पड़ेगा और विदेशी निवेशक भी भारत में निवेश करने से हिचक सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार को ऐसे हालात में नई नीतियां और राहत पैकेज लाने होंगे, ताकि नुकसान को कम किया जा सके और उद्योगों को सपोर्ट मिल सके।

## विजय केडिया का ओम इंफ्रा पर बड़ा दांव, खरीद रखे हैं 24 लाख शेयर

**मुंबई, एजेंसी।** विजय केडिया का इस छोटकू शेयर पर बड़ा दांव, खरीद रखे हैं 24 लाख शेयर, रॉकेट सा उड़ा स्टॉक दिग्गज निवेशक विजय केडिया के पोर्टफोलियो में शामिल ओम इंफ्रा लिमिटेड के शेयरों में शुक्रवार को रॉकेट सी तेजी आई है। ओम इंफ्रा के शेयर शुक्रवार को बीएसइ में 9 पर्सेंट से ज्यादा के उछाल के साथ 114.05 रुपये पर पहुंच गए हैं। विजय केडिया का ओम इंफ्रा पर बड़ा दांव है। इसके अलावा, क्वांट म्यूचुअल फंड के पास भी इस स्मॉलकैप कंपनी के 39 लाख से ज्यादा शेयर हैं। ओम इंफ्रा के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 196.90 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 94 रुपये है। विजय केडिया के पास ओम इंफ्रा लिमिटेड के 2400000 शेयर हैं। कंपनी में उनकी हिस्सेदारी 2.49 पर्सेंट है। विजय केडिया ने अपनी इनवेस्टमेंट फर्म केडिया सिक्योरिटीज लिमिटेड के जरिए ओम इंफ्रा पर दांव लगाया है। केडिया के अलावा, क्वांट म्यूचुअल फंड के पास ओम इंफ्रा के 39,12,619 शेयर हैं। क्वांट म्यूचुअल फंड की ओम इंफ्रा में 4.06 पर्सेंट हिस्सेदारी है। शेयरहोल्डिंग का यह डेटा जून 2025 तिमाही तक का है। ओम इंफ्रा लिमिटेड के शेयर पिछले 5 साल में 535 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। सिविल कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी के शेयर 28 अगस्त 2020 को 17.59 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 29 अगस्त 2025 को 114.05 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले 3 साल में ओम इंफ्रा लिमिटेड के शेयरों में 207 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। हालांकि, पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों में तेज गिरावट आई है। ओम इंफ्रा लिमिटेड के शेयर पिछले एक साल में 38 पर्सेंट से अधिक लुढ़क गए हैं।

# उर्जित पटेल आईएमएफ में संभालेंगे जिम्मेदारी

### 2016 में भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर बने, 2018 में दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल तीन साल की अवधि के लिए होगा। वे केवी सुब्रमण्यन की जगह लेंगे। केवी सुब्रमण्यन की सेवाएं सरकार ने उनके तीन साल के कार्यकाल से छह महीने पहले ही समाप्त कर दी थीं। यह समाप्ति 30 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी।

आदेश में कहा गया, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अर्थशास्त्री और आरबीआई के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को आईएमएफ में कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक रहेगी, जैसा कि 28 अगस्त, 2025 को जारी एक सरकारी आदेश में कहा गया है।

आईएमएफ का कार्यकारी बोर्ड सदस्य देशों या देशों के समूहों की ओर से चुने गए 25 निदेशकों से बना होता



है। भारत चार देशों के निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा है, जिसके सदस्य बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान हैं। इस नियुक्ति से पहले उर्जित पटेल एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट बैंक में निवेश संचालन (क्षेत्र 1) के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। बीजिंग स्थित इस बहुपक्षीय वित्त पोषण संस्थान के अनुसार, पारिवारिक स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने जनवरी 2024 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।उर्जित पटेल ने 2016 में रघुराम राजन के बाद भारतीय रिजर्व बैंक के 24वें गवर्नर का पदभार संभाला था। दिसंबर 2018 में केंद्रीय बैंक की ओर से सरकार को लाभांश हस्तांतरण के मुद्दे पर सरकार के साथ विवाद के बीच उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

**डिप्टी गवर्नर के रूप में भी काम किया:** भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर का पद संभालने से पहले उर्जित पटेल ने डिप्टी गवर्नर के रूप में काम किया। उन्होंने मौद्रिक नीति, आर्थिक नीति अनुसंधान, सांख्यिकी एवं सूचना प्रबंधन, जमा बीमा, संचार और सूचना के अधिकार जैसे विभागों का कार्यभार संभाला।

### 1963 में जन्मे उर्जित पटेल

1963 में जन्मे उर्जित पटेल ने 1998 से 2001 तक वित्त मंत्रालय के सलाहकार के रूप में भी काम किया। उन्होंने सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में भी कई कार्यभार संभाले, जिनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज,आईडीएफसी लिमिटेड, एमसीएक्स लिमिटेड और गुजरात राज्य पेट्रोलियम निगम शामिल हैं।

### 1990 में येल विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी

पटेल ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और 1986 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से एमफिल की उपाधि हासिल की। उन्होंने 1990 में येल विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी पूरी की। इसके बाद वे आईएमएफ का हिस्सा बन गए। वे 1990 से 1995 तक अमेरिका, भारत, बहामास और म्यांमार के डेस्कों को कवर करते हुए वहीं कार्यरत रहे।

### एक समान कारोबार में एनबीएफसी की सहायक कंपनियां नहीं कर सकेंगी व्यापार

# योजना लाने पर काम कर रहा आरबीआई



**मुंबई एजेंसी।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की सहायक इकाइयां अब समान कारोबार में शामिल नहीं हो पाएंगी। आरबीआई जल्द ही इस तरह की योजना लाने पर काम कर रहा है। बैंकों के लिए यह नियम पहले से ही लागू हैं। अब एक ही कारोबार में दो कंपनियों के शामिल होने के टकराव को रोकने के लिए एनबीएफसी को भी इस दायरे में लाया जाएगा। सूत्रों ने बताया, आरबीआई कुछ एनबीएफसी के साथ इस प्रस्ताव पर चर्चा कर रहा है। दिशानिर्देश जल्द जारी होने की उम्मीद है। केंद्रीय बैंक इस क्षेत्र में संभावित उथल-पुथल के प्रति सतर्क रहा है। उसने एनबीएफसी को चेतावनी दी है कि वह बेतहाशा कर्ज बांटने वाली कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा। आरबीआई को चिंता है कि ज्यादा ग्राहक लाने के लिए नकली कारोबार जैसी प्रथा जटिल ऋण संरचना को जन्म दे सकती है। इससे जोखिम बढ़ सकते हैं। सूत्रों ने बताया, आरबीआई का नया निर्देश मुख्य रूप से बड़ी गोल्ड फाइनेंस कंपनियों को प्रभावित कर सकता है। इसके बाद ही एचडीएफसी और एक्सिस जैसे कई बैंकों को अपनी उपभोक्ता ऋण सहायक कंपनियों को खरीदने के लिए साझेदारों की तलाश करनी पड़ी है।

### 7600 करोड़ की यूनिट का उद्घाटन, भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा का बड़ा मील का पत्थर

# भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत टैलेंट तैयार करने पर दे रहा जोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को जल्द ही अपना पहला सेमीकंडक्टर चिप मिल जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के पहले सेमीकंडक्टर चिप को देश को समर्पित करेंगे। वैष्णव ने गुजरात के साणंद जिले में सीजी सेमी प्राइवेट लिमिटेड की उन्नत आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट सुविधा का उद्घाटन किया।

वैष्णव ने कहा, यह यूनिट सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड ने अमेरिका की रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स और थाईलैंड की स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर करीब 7,600 करोड़ रुपये के निवेश से लगाई है। इस परियोजना को भारत सेमीकंडक्टर मिशन से 50



वित्तीय सहयोग भी मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा का बड़ा मील का पत्थर है। मैंने माइक्रोन, कैन्स और धोलेरा के प्लांट्स भी देखे हैं। सभी जगह तेजी से काम हो रहा है। यह सपना अब हकीकत बनता दिख रहा है। भारत सेमीकंडक्टर मिशन सिर्फ फैक्टरियों पर नहीं, बल्कि टैलेंट तैयार करने पर भी जोर दे रहा है।

वैश्विक स्तर पर 2032 तक लगभग 10 लाख विशेषज्ञों की कमी होने का अनुमान है। इस गैप को भरने के लिए भारत ने 270 विश्वविद्यालयों से साझेदारी की है, जहां छात्रों को दुनिया के सबसे एडवांस्ड चिप डिजाइन टूल्स उपलब्ध कराए गए हैं। वर्ष 2025 में ही छात्रों ने 12 लाख डिजाइन घंटे पूरे किए और 17 संस्थानों ने चिप डिजाइन कर उसे उत्पादन के अंतिम चरण तक पहुंचा दिया।

**2021 में शुरू हुई थी सेमीकंडक्टर योजना:** केंद्र सरकार ने दिसंबर 2021 में 76,000 करोड़ रुपये की सेमीकंडक्टर योजना शुरू की थी। अब तक चार बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी मिल चुकी है। इनमें धोलेरा (असम) और साणंद (गुजरात) शामिल हैं। जल्द ही इनसे 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश और करीब 7 करोड़ चिप प्रतिदिन उत्पादन क्षमता हासिल होगी। सरकार ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के तहत चार और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनमें से दो ओडिशा में और एक-एक आंध्र प्रदेश और पंजाब में होंगी।

## यात्री वाहनों की बिक्री एक से 4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमानः इक्रा

**मुंबई।** घरेलू यात्री वाहन उद्योग में चालू वित्त वर्ष 2025-26 में थोक बिक्री में एक से चार प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) द्वारा स्थिर पेशकश और जीएसटी दर में संभावित कटौती से चुनिंदा क्षेत्रों में मांग को समर्थन मिलने की उम्मीद है। केंद्र ने गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) के समक्ष पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय जीएसटी संरचना के साथ-साथ कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर का प्रस्ताव रखा है।

## बोर्ड मीटिंग से पहले प्राइवेट बैंक आरबीएल के शेयरों में धमाका

**मुंबई, एजेंसी।** बोर्ड मीटिंग से पहले आज प्राइवेट सेक्टर के बैंक आरबीएल के शेयरों में आज धूम-धड़ाका देखने को मिल रहा है। यह शेयर 5 चढ़कर 263.70 पर पहुंच गया। यह इसके 52-हफ्ते के उच्चस्तर 272.90 के काफी करीब है, जो 18 जुलाई, 2025 को छुआ था। इस तेजी की मुख्य वजह आज होने वाली बोर्ड मीटिंग है, जिसमें फंड जुटाने की योजना पर विचार किया जाना है।

आज सुबह 10:37 बजे तक, आरबीएल बैंक के शेयरों की काफी अधिक मात्रा में खरीद-फरोख्त हुई। एनएसइ और बीएसइ पर कुल 34.6 मिलियन शेयरों का व्यापार हुआ, जो कंपनी के कुल इक्विटी का 5.7 है। यह आम दिनों के मुकाबले दोगुना से भी ज्यादा है।

बैंक की बोर्ड मीटिंग आज यानी 29 अगस्त, 2025 को होनी है। इसमें बैंक फंड जुटाने के प्रस्तावों पर विचार करेगा। दरअसल, पिछले साल अगस्त 2024 में हुई बैंक की एजीएम में शेयरधारकों ने 3,500 करोड़ क्यूआइपी के जरिए और 3,000 करोड़ डेब्ट सिक्योरिटीज के प्राइवेट प्लेसमेंट के जरिए जुटाने की मंजूरी दी थी, लेकिन यह मंजूरी एक साल बाद एक्सपायर हो गई और बैंक ने इसके तहत कोई भी फंड नहीं जुटाया।

# पहली तिमाही में आरबीआई के अनुमान से ज्यादा रह सकती है वृद्धि दर

### खपत और मांग से तय होगा भविष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ने की रफ्तार चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में आरबीआई के 6.5 फीसदी के अनुमान से ज्यादा रह सकती है।वहीं, अन्य एजेंसियों ने वृद्धि दर इससे ज्यादा रहने का अनुमान लगाया है।इक्रा ने पहली तिमाही के लिए 6.7 फीसदी का अनुमान दिया है। एसबीआई




रिसर्च का अनुमान 6.8 से 7 फीसदी तक का है। रॉयटर्स के सर्वे के मुताबिक, पहली तिमाही की अर्थव्यवस्था की रफ्तार 6.7 फीसदी रह सकती है।

सरकार पहली तिमाही के जीडीपी के आंकड़े शुक्रवार को शाम पांच बजे जारी करेगी।अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ लागू होने के बाद पहली तिमाही के मजबूत आंकड़ों से बाजार पूरे वित्त वर्ष की तस्वीर देखने की कोशिश करेगा। जीडीपी आंकड़ों में खास नजर निजी खपत और मांग पर होगी। वर्तमान स्थिति में यह देखना जरूरी होगा कि भारत ने निजी खपत और मांग के मोर्चे पर कैसा प्रदर्शन किया है। ऊंचे टैरिफ की वजह से घटते निर्यात के बीच अब घरेलू मांग एवं खपत ही अर्थव्यवस्था की मजबूत वृद्धि का समर्थन कर सकती है।

सरकारी पूंजीगत खर्च में सालाना 52 फीसद की उल्लेखनीय वृद्धि ने पहली तिमाही में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया है। इस खर्च ने नौकरियों के सृजन, बुनियादी ढांचे के विकास, सीमेंट, स्टील और इंजीनियरिंग सामानों की मांग को प्रोत्साहित किया है। केंद्र सरकार का पूंजीगत खर्च 2.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है। यह वृद्धि निजी क्षेत्र की निवेश में कमी को संतुलित करने में महत्वपूर्ण रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में खपत में उछाल से शहरी मांग की कमजोरी संतुलित होने की उम्मीद है। अनुकूल मानसून और रिकॉर्ड फसल उत्पादन से ग्रामीण आय बढ़ी है, जिससे एफएमसीजी, कृषि उपकरण और ग्रामीण खुदरा क्षेत्र में तेजी आ सकती है। पहली तिमाही टैरिफ से ज्यादा प्रभावित नहीं हुई है, इसलिए अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन मजबूत रह सकता है। दूसरी तिमाही से पूरा असर होगा।इससे 2025-26 में वृद्धि दर घटकर 6.3 से 6.5 फीसदी के बीच रह सकती है।

# बचत खाता खोलने को जरूरी नहीं है स्थानीय पते का सबूत, आरबीआई का नहीं है ऐसा कोई नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आपके पास स्थानीय पते का कोई सबूत नहीं है, तो भी बैंक में बचत खाता खोल सकते हैं। हालांकि, निजी और सरकारी बैंकों की मनमानी ये है कि वे इन खातों को नहीं खोलते हैं। आरबीआई का ऐसा कोई नियम नहीं है, जिसमें बचत खाता खोलने के लिए स्थानीय पते का सबूत जरूरी हो। बैंकों की मनमानी का फायदा पेमेंट्स बैंक उठा रहे हैं और करोड़ों खाते खोल रहे हैं। दरअसल, एक से दूसरे शहर जाने पर नौकरीपेशा वालों को कभी-कभी बैंक खाता खोलने की जरूरत होती है। लेकिन, बैंक ऐसे लोगों से स्थानीय पते का सबूत मांगते हैं, जो अधिकतर के पास नहीं होता है। पेइंग गेस्ट या दोस्तों-रिश्तेदार के यहां रहने वाले लोगों के पास स्थानीय पते का सबूत नहीं होता है।



इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड जैसे राज्यों से बड़े पैमाने पर ग्रामीण आबादी काम के लिए दूसरे शहरों में जाती है। इन लोगों को बैंक खातों की जरूरत होती है। लेकिन, दिक्कत यह है कि किसी भी शहर में बैंक खाता खोलने के लिए उनसे स्थानीय पते का सबूत मांगा जाता है।बैंकों की इस मनमानी से नौकरीपेशा हो या दिहाड़ी मजदूर, सबको परेशानी होती है। इस बारे में आरबीआई के सूत्रों ने बताया, केंद्रीय बैंक का ऐसा कोई भी नियम नहीं है। कोई भी व्यक्ति जो भारत का निवासी है एवं वह किसी और शहर में जाता है, तो उसके मूल शहर के आधार कार्ड या किसी अन्य दस्तावेज के आधार पर बचत खाता खोल सकते हैं। इंडसइंड बैंक के नए एमडी राजीव आनंद ने कहा, पता कहीं का भी हो, हम खाता खोल सकते हैं। लेकिन, पते के सबूत के लिए जो आवश्यक दस्तावेज हैं, उसकी जरूरत होती है। ठ एयरटेल पेमेंट्स बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी ए. गणेश कहते हैं।

### मारुति सुजुकी के चेयरमैन आरसी भार्गव ने बताया फॉर्मूला

# रोजगार भी बढ़ेगा और रिस्क भी कम होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव ने गुरुवार को कहा कि छोटी कारों को लाने की जरूरत है जिन पर कम टैक्स लगे। ऐसा करने से आबादी के एक बड़ा हिस्से को एक विकल्प मिल पाएगा। इससे वे रिस्की दोपहिया वाहनों से पैसेंजर वीइकल (कारों) की ओर शिफ्ट हो सकेंगे। मारुति सुजुकी की 44वीं एनुअल जनरल मीटिंग में बोलते हुए भार्गव ने बताया कि समय के साथ एमिशन और सेफ्टी के नियमों में बदलाव आने से एंट्री-लेवल कारों की कीमत बढ़ गई हैं। इससे कई संभावित खरीदारों के लिए वे महंगी हो गई हैं। भार्गव ने कहा कि यह देखते हुए कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा पर्सनल ट्रांसपोर्टेशन के लिए दोपहिया वाहनों पर निर्भर है। इन वाहनों में ज्यादा रिस्क और असुविधा है। ऐसे में उन कारों को




लाने पर विचार करने की जरूरत है जो स्कूटर मालिकों को एक विकल्प दे सकें। उन्होंने बताया कि 1950 के दशक में जापान ने केई कारों को लाकर ऐसी ही समस्या का हल निकाला था। मारुति इंडिया के चेयरमैन ने कहा कि 2018-19 में यह तय किया गया था कि भारत में यूरोपीय सेफ्टी और एमिशन स्टैंडर्ड्स लागू किए जाएं। उन्होंने कहा कि यही वजह रही कि छोटी कारों में गिरावट और कार इंडस्ट्री में ओवरऑल धीमापन आया। उन्होंने कहा कि निचले तबके के कई लोग, जो दोपहिया वाहन खरीद रहे हैं और उनका उपयोग कर रहे हैं, वे अधिक कीमत वाली सुरक्षित कारें खरीदने में असमर्थ हैं। भार्गव ने कहा, हमारा मानना है कि हमें इस स्थिति को इस तरह संतुलित करने की जरूरत है कि दोपहिया वाहन चलाने वाले लोग सुरक्षित कारों की तरफ जा सकें, क्योंकि सुरक्षा की दृष्टि से दोपहिया वाहन सबसे अधिक जोखिम भरे होते हैं। उन्होंने कहा कि स्मॉल कार कैटगरी के रिवाइवल से कार उद्योग की समग्र वृद्धि तेजी से हो सकती है।

### रोजगार के मौके

उन्होंने कहा, छोटी कारों को बढ़ावा देने पर ज्यादा उद्योग लगेंगे और रोजगार के ज्यादा मौके बनेंगे। मुझे लगता है कि इन सब की जरूरत है, खासकर ऐसे समय में जब बाकी क्षेत्रों में हुनरमंद लोगों की कमी जैसी परेशानियां सामने आ रही हैं। हमें पूरे भारत की स्थिति को बेहतर बनाने में अपना योगदान देना होगा।''

# अडानी-अंबानी अब आसमान में दिखा रहे अपनी रुतबा और दौलत का जलवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दो बड़े उद्योगपति गौतम अडानी और मुकेश अंबानी अब आसमान में भी अपनी रुतबा और दौलत का जलवा दिखा रहे हैं। अडानी ने 1000 करोड़ रुपये का बोइंग 737 मैक्स 8 बीबीजे बिजनेस जेट खरीदा है, जबकि अंबानी पहले से ही इसी सीरीज का मैक्स 9 जेट रखते हैं। दोनों जेट अपनी-अपनी खूबियों के साथ न सिर्फ हवाई सफर को 5 स्टार होटल का अनुभव देते हैं , बल्कि कारोबार की दुनिया में इन दिग्गजों की शान का प्रतीक भी बन चुके हैं।



रिपोर्ट के अनुसार, अडानी के पास जितने जेट हैं, उसमे यह सबसे महंगा है। यह भारत से लंदन तक बिना रुके जा सकता है। इसके साथ ही अमेरिका और कनाडा तक एक बार ईंधन भरने के बाद पहुंचने में सक्षम है। यह जेट अहमदाबाद आ चुका है। उनके पास कनाडा, ब्राजील और स्विस सीरीज के भी जेट मौजूद हैं।

**स्विट्जरलैंड में कराया इंटीरियर:** अडानी ने बोइंग से 737 मैक्स 8-बीबीजे सीरीज के जेट का इंटीरियर का काम स्विट्जरलैंड में कराया। यानी जेट के अंदर की सजावट पर ही 35 करोड़ रुपये खर्च कर दिए हैं। इंटीरियर के काम करने पर दो साल का समय लग गया। इसमें प्रीमियम लाउंज, कॉन्फ्रेंस रूम, सुइट बेडरूम, लग्जरी बाथरूम जैसी सुविधाएं हैं।

**मुकेश अंबानी के पास पहले से मौजूदः** रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी के पास 737 बीबीजे सीरीज का ही मैक्स 9 जेट हैं। उन्होंने यह 24 अगस्त 2024 को खरीदा था। हालांकि बोइंग 737 मैक्स 200 सीटर विमानों का प्रयोग एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा, स्पाइसजेट कंपनियां भी करती हैं। यह देश में यह पहला ऐसा जेट है और इसकी अनुमानित लागत 1,200-1,400 करोड़ रुपये है।



# सुशांत के साथ निशानची बनाना चाहते थे अनुराग कश्यप

डायरेक्टर अनुराग कश्यप की नई फिल्म निशानची 19 सितंबर 2025 को थिएटर्स में रिलीज होने वाली है। फिल्म में एक्टर विनीत कुमार सिंह मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म रिलीज से पहले, अनुराग कश्यप ने बताया कि उन्होंने यह फिल्म पहले दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत को ऑफर की थी, लेकिन सुशांत ने उन्हें जवाब देना बंद कर दिया, जब उन्होंने दो बड़ी फिल्में दिल बेचारा और ड्राइव साइन कर ली थीं। बातचीत में कश्यप ने कहा, एक्टर्स को फिल्म में रुचि थी, लेकिन बात किसी के साथ नहीं बनी। मैंने कहा मैं इसे सही तरीके से बनाऊंगा। यह वही फिल्म थी, जिसे मैं कभी सुशांत के साथ बनाना चाहता था, लेकिन फिर उन्हें दो बड़ी फिल्में दिल बेचारा और ड्राइव मिल गईं। फिर मेरी फिल्म पीछे चली गई। फिर उन्होंने जवाब देना बंद कर दिया, तो मैं आगे बढ़ गया। फिल्म उनके साथ 2016 में घोषित हुई थी।

### सुशांत ने 'हंसी तो फंसी' छोड़ YRF का ऑफर स्वीकारा था

कश्यप ने 2020 में कहा था कि सुशांत ने हंसी तो फंसी छोड़ दी थी क्योंकि उन्हें YRF और धर्मा प्रॉडक्शंस से ऑफर मिले थे। उन्होंने कहा था, YRF ने उन्हें कहा, हम तुम्हें डील देंगे। तुम शुद्ध देसी रोमांस कर सकते हो। सुशांत, जो मेरे ऑफिस में मुकेश छाबड़ा और हमारे साथ बैठते थे, उन्होंने YRF साइन किया और हंसी तो फंसी छोड़ दी क्योंकि उन्हें YRF का वेलिडेशन चाहिए था। यह हर एक्टर के साथ होता है, इसलिए मैं कोई रंजिश नहीं रखता। अनुराग कश्यप ने यह भी कहा था, सालों पहले, 2016 में, फिल्म एम.एस. धोनी रिलीज होने से पहले, मुकेश, सुशांत के पास गए और बोले- 'अनुराग ने एक स्क्रिप्ट लिखी है, जिसमें यूपी से जुड़े किरदार के लिए एक्टर चाहिए। धोनी रिलीज हुई, हिट हो गई और उसके बाद सुशांत ने मुझे कभी फोन नहीं किया। मुझे बुरा नहीं लगा, मैं आगे बढ़ गया और मैंने मुक्केबाज बनाई।



# मैं फुटेज के लिए फेक बनकर नहीं खेलूंगी

बिग बॉस 19 शुरू हो चुका है। इसमें पहली प्रतिभागी के रूप में अशनूर कौर की एंट्री हुई। शो में कदम रखने से पहले अशनूर ने बातचीत की, जिसमें उन्होंने अपने फैसले, रिस्क्स, सलमान खान से मुलाकात और घर के अंदर की चुनौतियों को लेकर खुलकर बातें कीं।

**बिग बॉस जॉइन करने के पीछे आपकी मोटिवेशन क्या रही?**

सच कहूं तो बिग बॉस जॉइन करने का मोटिवेशन बस इतना था कि मैंने हमेशा खुद को चैलेंज किया है। इतने वर्षों से टीवी और फिल्मी दुनिया में रही हूं, लेकिन कभी रियलिटी शो नहीं किया और बिग बॉस से बड़ा कोई प्लेटफॉर्म नहीं है। यहां लोग आपको बिना मेकअप, बिना फिल्टर देखेंगे। मुझे लगा अगर कुछ नया ट्राई करना है तो क्यों न सबसे बड़ा और सबसे मुश्किल शो चुना जाए।

**आप बचपन से इंडस्ट्री का हिस्सा रही हैं। क्या आपको लगता है कि यह अनुभव गेम में आपकी मदद करेगा?**

बिल्कुल। बचपन से ही अलग-अलग नेचर और माइंडसेट वाले लोगों से डील किया है। मुझे जल्दी समझ आ जाता है कि सामने वाला इंसान कितना रियल है और कितना फेक। बिग बॉस में यही सबसे बड़ा हथियार है। बहुत से लोग यहां नकली बनकर टिकने की कोशिश करते हैं, लेकिन मेरा अनुभव मुझे एक्सपोजर देगा कि मैं उन्हें तुरंत पकड़ लूं।

**कई एक्टर्स को लगता है कि रियलिटी शो में उनकी इमेज खराब हो सकती है। क्या आप इस रिस्क के लिए तैयार हैं?**

देखिए, अगर किसी को अपनी इमेज खोने का डर है, तो उन्हें इस शो में आना ही नहीं चाहिए। मैं जानती हूं कि लोग कैमरे पर मुझे वैसे ही देखेंगे, जैसी मैं असल में हूं। अगर कोई मेरी इमेज को खराब कहेगा तो वो उनकी सोच की गंदगी होगी, मेरी नहीं। मुझे अपने ऊपर पूरा भरोसा है और मैं दूसरों की तरह फेक साइड नहीं दिखाने वाली।

**अक्सर बिग बॉस का घर लोगों का छुपा हुआ पहलू बाहर ले आता है। क्या आप तैयार हैं कि दर्शक आपके नए साइड्स देखें?**

हां और मैं चाहती भी हूं कि लोग मेरा हर साइड देखें। रियलिटी शो का असली मकसद यही है। लेकिन फर्क इतना है कि मैं ड्रामा या फेक इमोशन्स से लाइमलाइट नहीं बटोरूंगी। अगर गुस्सा करूंगी तो असली होगा, अगर रोऊंगी तो असली होगा। मुझे नकली बनकर जीना आता ही नहीं।

### क्या आपका सेलेब्रिटी स्टेटस बाकी कंटेस्टेंट्स को आपके खिलाफ कर सकता है?

हो सकता है और मुझे पूरा यकीन है कि कुछ लोग तो शुरुआत से ही यही ट्राई करेंगे। लेकिन यही तो गेम है। स्टार होना हमेशा आसान नहीं होता क्योंकि लोग आपको गिराने के मौके ढूंढते हैं। अगर किसी को लगता है कि मैं सिर्फ अपनी फेम की वजह से यहां तक आई हूं, तो मैं उन्हें गलत साबित कर दूंगी।




# तेजा सज्जा की मिराई की नई रिलीज डेट तय

फिल्म हनुमान से रातोंरात प्रसिद्धि हासिल कर चुके एक्टर तेजा सज्जा अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म मिराई को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म हनुमान के बाद प्रशंसकों को उनकी आगामी फिल्म मिराई से काफी उम्मीदें हैं। लेकिन मिराई के लिए तेजा के फैंस को थोड़ा और इंतजार करना होगा।

### मिराई की नई रिलीज डेट तय

तेजा सज्जा की नई सुपरहीरो फिल्म मिराई की रिलीज डेट बदल गई है। यह फिल्म पहले 5 सितंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 12 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। इसका ट्रेलर 28 अगस्त, 2025 को रिलीज होगा। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित मिराई एक एक्शन-एडवेंचर फंतासी फिल्म है। इस फिल्म को पीपल मीडिया फैक्ट्री ने बनाया है। फिल्म में तेजा सज्जा के साथ मांचू मनोज मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जबकि रितिका नायक, जयराम, जगपति बाबू, श्रिया सरन, राजेंद्रनाथ जुत्शी और पवन चोपड़ा सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### मिराई और दे कॉल हिम ओजी में हो सकती है टक्कर

फिल्म पवन कल्याण की दे कॉल हिम ओजी और तेजा सज्जा की फिल्म मिराई में कड़ी टक्कर हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ये दोनों फिल्में आसपास रिलीज होंगी। फिल्म मिराई में भारी वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया है। इसका संगीत गौरा हरि ने दिया है, जो पहले हनुमान में भी तेजा के साथ काम कर चुके हैं।

# अनीत पड्डा ने साइन की अपनी दूसरी फिल्म




'सैयारा' फेम अनीत पड्डा जल्द एक और लव स्टोरी में नजर आएंगी। बैंड बाजा बारात फेम डायरेक्टर मनीष शर्मा अनीत को लेकर एक रोमांटिक फिल्म बनाने वाले हैं। अनीत की इस फिल्म को यशराज फिल्म्स ही प्रोड्यूस करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो अनीत को उनकी नई फिल्म के लिए कास्ट कर लिया गया है। इस फिल्म के प्री-प्रोडक्शन काम भी शुरू हो चुका है। अनीत को ये रोमांटिक फिल्म पंजाब पर आधारित होगी। वहीं, फिल्म की शूटिंग साल 2026 की पहली छमाही में शुरू की जाएगी। फिल्म में अनीत के अपोजिट कौन होगा, इसे लेकर कोई जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। अनीत ने मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' से अहान पांडे के साथ अपना डेब्यू किया। इससे पहले वो एक-दो प्रोजेक्ट में साइड रोल और कई कमर्शियल का चेहरा रह चुकी थीं। लेकिन 'सैयारा' ने उन्होंने रातों-रात फेमस कर दिया।


# ऋतिक रोशन की किराएदार बनीं गर्लफ्रेंड सबा आजाद


ऋतिक रोशन ने अपनी सी-फेसिंग अपार्टमेंट गर्लफ्रेंड सबा आजाद को किराए पर दिया है। इसके लिए सबा आजाद को हर महीने किराए के रूप में 75 हजार रुपए चुकाने होंगे, हालांकि ब्रोकर की मानें तो जिस लोकेशन में अपार्टमेंट है वहां का किराया 1-2 लाख के बीच है। रिपोर्ट में ब्रोकर के हवाले से बताया गया है कि मुंबई के जुहू वर्सोवा लिंक रोड में स्थित 3 बीएचके अपार्टमेंट का किराया करीब 1-2 लाख है। सबा आजाद ने 4 अगस्त 2025 को इसका लाइसेंस एग्रीमेंट बनवाया है, जिसके लिए उन्होंने 1.25 लाख रुपए डिपॉजिट किए हैं।

### 97.5 करोड़ में ऋतिक रोशन ने खरीदा था



ऋतिक रोशन ने अक्टूबर 2020 में मन्नत बिल्डिंग में 2 सी फेसिंग अपार्टमेंट खरीदे थे। जिनकी कीमत तब 97.5 करोड़ रुपए थी। पहला अपार्टमेंट 27,534.85 वर्गफीट में फैला हुआ है, जिसके लिए ऋतिक ने 67.50 करोड़ रुपए चुकाए थे। जबकि दूसरे अपार्टमेंट का एरिया 11,165 वर्गफीट है, जिसे एक्टर ने 30 करोड़ में खरीदा था। रिपोर्ट के मुताबिक, ऋतिक ने ये फ्लैट्स समीर भोजवानी नाम के बिल्डर से खरीदे थे। 2 अपार्टमेंट्स के साथ उन्हें 6500 वर्गफीट के ओपन टु द स्काई टैरेस, 10 पार्किंग स्लॉट और एक्सक्लूसिव लिफ्ट भी मिली है। 2023 में ऋतिक रोशन ने इस घर में रिनोवेशन करवाया था। तब खबरें थीं कि ऋतिक जल्द ही गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ यहां शिफ्ट होने वाले हैं। हालांकि, अब यहां सिर्फ सबा आजाद रहेंगी।





# सूरज बड़जात्या की हर फिल्म में प्रेम ही क्यों है हीरो?

**अपनी फिल्मों में परिवार और रिश्तों के प्यार दुलार को सबसे ऊपर रखने वाले सूरज बड़जात्या इन दिनों टीवी शो मनपसंद की शादी के कारण चर्चा में हैं। बातचीत में उन्होंने इस पर बात की। साथ ही प्रेम का किरदार गढ़ने के लिए सलमान खान को भी क्रेडिट दिया।**

**सूरज बड़जात्या की हर फिल्म में प्रेम ही क्यों है हीरो?**

वक्त के साथ सिनेमा का स्वरूप खूब बदला है। पौराणिक कथाओं, देशभक्ति सिनेमा, रोमांटिक फिल्मों से होते हुए अब मौजूदा वक्त में एक्शन फिल्मों और पर्दे पर खून-खराबा दिखाने का ट्रेंड सा चल पड़ा है। लेकिन इन सब के बीच, एक प्रोडक्शन हाउस और डायरेक्टर ऐसे हैं, जिन्होंने भारतीय परिवारों की सादगी भरी कहानियों को कहने का बीड़ा उठाया है और इसे सफलता के साथ पेश भी कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं सूरज बड़जात्या की, जिन्होंने सिनेमा को प्रेम दिया। उनकी फिल्मों में शादी-ब्याह एक अहम कड़ी रही है। हम आपके हैं कौन, विवाह, एक विवाह ऐसा भी जैसी अपनी ज्यादातर फिल्मों को शादी के इर्द-गिर्द केंद्रित करने वाले फिल्मकार सूरज बड़जात्या अब छोटे पर भी शो मनपसंद की शादी लेकर आए हैं।

**आपकी ज्यादातर फिल्में-शोज का केंद्र शादी होती है। इसकी क्या वजह है? शादी रूपी संस्था को क्यों जरूरी मानते हैं?**

यह संयोग ही है कि मेरी फिल्में और शोज विवाह पर केंद्रित होती हैं। मैं खुद कई बार सोचता हूं कि ऐसा कैसे हो गया, शायद इसलिए क्योंकि हम परिवार की कहानियां बनाते हैं और शादी का रिश्ता परिवार का सबसे बड़ा आधार है। इस रिश्ते की जो पवित्रता है, उसकी अहमियत उम्र और अनुभव बढ़ने के साथ पता चलती है। घर में पति-पत्नी का रिश्ता खुशहाल हो तो बच्चे यानी भावी पीढ़ी भी खुशहाल होती है और अभी तो सारी जद्दोजहद यही है कि बच्चे खुशहाल हों। ये सारी चीजें सोच-समझकर बनाई गई हैं, तो इस प्रथा पर सवाल उठाने के बजाय इसे एक अलग नजरिए से देखना चाहिए।

**आज की युवा पीढ़ी का जोर शादी के बजाय साथ रहने यानी कंपैनियनशिप पर है। फिल्म इंडस्ट्री में ही करण जौहर, एकता कपूर जैसे फिल्मकार बिना शादी भी बच्चे और परिवार का सुख भोग रहे हैं?**

देखिए, अपवाद तो होते ही हैं। शादी करना या न करना व्यक्ति की निजी पसंद है, पर आप भारत की कहानी देखें, तो तो 80-90 पर्सेंट घरों में यही सुनेंगे कि शादी की उम्र हो गई है, अभी तक शादी नहीं हुई। कभी समाज की बंदिशें, तो कभी परिवार का दबाव, बच्चे बता भी नहीं पाते कि उन्हें कैसा पार्टनर चाहिए। हमने एक साल रिसर्च किया कि छोटे शहरों में यूथ कैसी शादी चाहते हैं? हमने पाया कि युवा पीढ़ी चाहती है कि वे अपने पार्टनर को अपनी पसंद से परखें और आश्वस्त हों कि वे उनकी लिस्ट में फिट बैठते हैं या नहीं। शादी में अक्सर कहते हैं कि कॉम्प्रोमाइज तो करना ही पड़ता है, मगर समझौता क्यों करना पड़े। इस शो मनपसंद की शादी में हम ये सारी चीजें दिखा रहे हैं कि खानदान और कुंडली मिलना काफी नहीं है। बच्चों को अपने मन का साथी ढूंढने की आजादी होनी चाहिए।

**आज के समय में इन पारिवारिक मूल्यों की कहानियों को प्रासंगिक बनाना कितनी बड़ी चुनौती है?**

बहुत बड़ी चुनौती है, पर उसकी का मजा है। मुझे लगता है कि जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, यह हमारी जिम्मेदारी हो जाती है कि अगर हमने यह सफर देखा है, हम उसकी खूबियां जानते हैं तो उसे बताएं, वरना कौन बताएगा। आज हमारी भाषा-संस्कृति की समझ कितने लोगों को है? कितनों को पता है कि राखी क्यों मनाई जाती है? ये चीजें कौन बताएगा? बेशक इसे रेलवेंट बनाना चुनौती है, पर मैं ये नहीं सोचता कि दुनिया कहां जा रही है? या जेन ज़ी को पसंद आएगा या नहीं? मैं ये सोचता हूं कि हमें यह बनाना है और चीजें लौटकर आती हैं। अब नए कलाकारों वाली लव स्टोरी फिल्म सैयारा इतनी चली, क्योंकि आदित्य चोपड़ा और मोहित सूरी ने ये सोचा कि हमें जो बनाना है, हम बनाएंगे। मार्केटिंग के हिसाब से नहीं सोचा। पहले जो फिल्में हिट हुई, इसीलिए हुईं कि उन्होंने मार्केटिंग के बजाय क्रिएशन को तवज्जो दी। यही सिनेमा की जीत है।

**फिल्म ऊंचाई के अलावा आपकी फिल्म में हीरो का नाम हमेशा प्रेम रहा है। इसके पीछे क्या राज है?**

यह किरदार मैंने और सलमान भाई ने मैंने प्यार किया के वक्त सोचा था। वह ऐसा लड़का है, जो फैमिली बॉय है। चाची, बुआ सबके साथ हंसता-बोलता है। उसका दिल साफ है। अभी दुनिया की ऊंच-नीच उसने देखी नहीं है। इत्तेफाक से उसका नाम हमने प्रेम रखा, पर उसे जो प्यार और पॉपुलैरिटी मिली, उसमें बहुत सारा क्रेडिट सलमान भाई का है। फिर, बाकी लड़कों में भी वह अच्छाई थी, तो उन्हें भी प्रेम नाम दिया।



# सीएम नीतीश कुमार ने किया ट्रॉफी का अनावरण

## भारत का चीन से पहले मैच में सामना



**राजगीर, एजेंसी।** बिहार के राजगीर में हॉकी एशिया कप का शानदार आगाज हो चुका है। भारतीय हॉकी टीम का सामना पहले मैच में चीन से हो रहा है। बिहार के राजगीर में हॉकी एशिया कप का शानदार आगाज हो चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ट्रॉफी का अनावरण किया। भारतीय हॉकी टीम का सामना पहले मैच में चीन से हो रहा है। भारत और चीन को पूल ए में जापान और कजाखस्तान के साथ रखा गया है जबकि पूल बी में पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया, मलेशिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै हैं। भारतीय टीम

**गोलकीपर** – सूरज करकेरा, कृशन बी पाठक।

**डिफेंडर** –हरमनप्रीत सिंह (कप्तान) , अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह।

**मिडफील्डर** – मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह।

**फॉरवर्ड** – मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह।

### चीन की टीम

चेन चोंगकोंग (कप्तान), ओ शू, चेन किजुन, गाओ जीशेंग, चेन चेंगफू, मेंग युआनफेंग, ली पेंगफेइ, लू युआंलिन, मेंग दिलहाओ, शू जीबिन, दू शिंहाओ, झांग शियाओजिया, ओ शुझ्र, मेंग नान, लिन चांगलियांग, गुओ शियाओलोंग, वांग वेइहाओ, वांग केइयू, ओ यांग, चेन बेनहाइ।

यूएस ओपन 2025:

# पिछले 11 साल में अमेरिकी ओपन महिला युगल में पहला मैच जीती वीनस, ओसाका तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराया। 45 वर्ष की वीनस और लैला का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 14 बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स ने अपनी छोटी बहन सेरेना के बिना पिछले 14 साल में पहली बार अमेरिकी ओपन महिला युगल मैच जीता। वहीं, जापान की नाओमी ओसाका 2021 के बाद पहली बार अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई जिन्होंने हैली बापटिस्टे को 6-3, 6- 1 से हराया।लैला फर्नांडिज के साथ मिलकर उन्होंने छठी वरीयता प्राप्त एन किचेनोक और एलेन पेरेज की जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराया। 45 वर्ष की वीनस और लैला का दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया। वीनस एकल वर्ग के पहले ही दौर में हार गई थी। वह 2022 के बाद पहली बार यहां युगल वर्ग में खेल रही है।



### ओसाका अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में

ओसाका ने अपने चारों ग्रैंडस्लैम हार्डकोर्ट पर जीते हैं जिनमें दो अमेरिकी ओपन और दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन शामिल है। वह 2020 में आखिरी बार यहां खिताब जीती थी जिसके बाद 2021 में तीसरे, 2022 में पहले और 2024 में दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। इस साल विंबलडन में तीसरे दौर में बाहर होने के बाद ओसाका ने कोच पैट्रिक मूराटोग्लू से अलग होने का फैसला किया और अब नए कोच टोमाज विक्टोरोवस्की के साथ हैं जो इगा स्वियातेक की टीम में रह चुके हैं।

# जिम्बाब्वे के विकेटकीपर ब्रेंडन टेलर ने रचा इतिहास



### सबसे लंबा वनडे करियर

| खिलाड़ी | डेब्यू | कब तक खेले | अवधि | मैच |
|---|---|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर (भारत) | 18 दिसंबर 1989 | 18 मार्च 2012 | 22 वर्ष 91 दिन | 463 |
| सनथ जयसूर्या (एशिया/श्रीलंका) | 26 दिसंबर 1989 | 28 जून 2011 | 21 वर्ष 184 दिन | 445 |
| ब्रेंडन टेलर (ZIM) | 20 अप्रैल 2004 | 29 अगस्त 2025* | 21 वर्ष 132 दिन | 206 |
| जावेद मियांदाद (पाकिस्तान) | 11 जून 1975 | 9 मार्च 1996 | 20 वर्ष 272 दिन | 233 |
| क्रिस गेल (आईसीसी/वेस्टइंडीज) | 11 सितंबर 1999 | 14 अगस्त 2019 | 19 वर्ष 337 दिन | 301 |
| सीन विलियम्स (ZIM) | 25 फरवरी 2005 | 21 दिसंबर 2024 | 19 वर्ष 300 दिन | 162 |
| शोएब मलिक (PAK) | 14 अक्टूबर 1999 | 16 जून 2019 | 19 वर्ष 245 दिन | 287 |
| अरविंदा डी सिल्वा (श्रीलंका) | 31 मार्च 1984 | 18 मार्च 2003 | 18 वर्ष 352 दिन | 308 |
| मुशफिकुर रहीम (BAN) | 6 अगस्त 2006 | 24 फरवरी 2025 | 18 वर्ष 202 दिन | 274 |
| जैक्स कैलिस (अफ्रीका/आईसीसी/दक्षिण अफ्रीका) | 9 जनवरी 1996 | 12 जुलाई 2014 | 18 वर्ष 184 दिन | 328 |
| शाहिद अफरीदी (एशिया/आईसीसी/पाकिस्तान) | 2 अक्टूबर 1996 | 20 मार्च 2015 | 18 वर्ष 169 दिन | 398 |

## अब सचिन तेंदुलकर और सनत जयसूर्या का रिकॉर्ड तोड़ने पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर भ्रष्टाचार के कारण निलंबन के बाद लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सफल वापसी करते हुए बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। 39 वर्षीय टेलर को श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में जिम्बाब्वे की प्लेइंग 11 में मौका मिला। इसके साथ ही वह तीसरे सबसे लंबे वनडे करियर वाले खिलाड़ी बन गए। अब वह केवल मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और सनत जयसूर्या से पीछे हैं। टेलर ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा लगाए गए साढ़े तीन साल के प्रतिबंध को पूरा किया। वह 2021 के बाद अपना पहले मैच अगस्त की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट के दौरान खेले। इसके साथ ही टेलर 21वीं सदी में डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में सबसे लंबे टेस्ट करियर वाले खिलाड़ी बन गए थे।

**21वीं सदी में सबसे लंबा वनडे करियर** – हरारे में शुक्रवार (29 अगस्त) को चार वर्षों में अपना पहला एकदिवसीय मैच खेलने वाले टेलर के नाम 1 जनवरी 2001 के बाद वनडे में डेब्यू करने वाले बल्लेबाजों में सबसे लंबे एकदिवसीय करियर का रिकॉर्ड हो गया। 21वीं सदी में बल्लेबाज के तौर पर उनका सबसे लंबा वनडे करियर हो गया है।

### टेलर ने जावेद मियांदाद को छोड़ा पीछे

टेलर ने 20 अप्रैल 2004 को श्रीलंका के खिलाफ बुलावायो में अपने वनडे करियर की शुरुआत की थी। ??टेलर ने इस सदी में डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में सबसे लंबे वनडे करियर के मामले में हमवतन सीन विलियम्स (19 वर्ष 300 दिन) को पीछे छोड़ दिया। दाएं हाथ के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पाकिस्तान के दिग्गज जावेद मियांदाद (20 वर्ष 272 दिन) को पीछे छोड़ते हुए सर्वकालिक शीर्ष 3 में भी जगह बनाई।

### क्या तेंदुलकर-जयसूर्या को छोड़ा पीछे

दिलचस्प बात यह है कि पुरुष वनडे क्रिकेट में सबसे लंबे करियर के मामले में अब केवल सचिन तेंदुलकर (22 वर्ष 91 दिन) और सनथ जयसूर्या (21 वर्ष 184 दिन) ही टेलर से आगे हैं। 1989 के बाद से केवल तेंदुलकर का टेलर से लंबा टेस्ट करियर रहा है, जिन्होंने 24 वर्ष और 1 दिन में 200 टेस्ट मैच खेले हैं।

डायमंड लीग फाइनल

# नीरज चोपड़ा को जूलियन वेबर ने पछाड़ा

## 91.51 मीटर थ्रो के साथ जीता खिताब




**ज्यूरिख ।** ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल करने से चूक गए। नीरज चोपड़ा दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर 91.51 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे।

नीरज चोपड़ा से डायमंड लीग फाइनल में शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद थी। लेकिन, अपने आखिरी प्रयास में 85.01 मीटर भाला फेंककर वह दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा के छह में से शुरुआती पांच प्रयासों में दो थ्रो वैध रहे जबकि तीन फाउल रहे। अपने आखिरी प्रयास में उन्होंने 85.01 भाला फेंक केशोर्न वॉलकॉट को पछाड़ दूसरा स्थान हासिल किया। वॉलकॉट तीसरे स्थान पर रहे। पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 82.06 मीटर के थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे। चोपड़ा का यह प्रदर्शन उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 90.23 मीटर से कम है। विजेता जूलियन वेबर ने पहले ही प्रयास में 91.37 मीटर का थ्रो फेंका। इसके बाद 91.51 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने अपना स्थान पक्का कर लिया। ये वेबर का नया रिकॉर्ड है। चोपड़ा ने जून में पेरिस में 88.16 मीटर के प्रयास के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करके डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। 2022 में ज्यूरिख में 88.44 मीटर का थ्रो फेंककर नीरज ने खिताब जीता था, जबकि 2023 और 2024 में भी वे फाइनल में पहुंचे लेकिन खिताब हासिल करने से चूक गए थे। डायमंड लीग 2024 में खिताब जीतने से सिर्फ 1 सेंटीमीटर से पीछे रह गए थे। उन्हें ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से मात मिली थी, जिन्होंने 87.87 मीटर का थ्रो किया था। जैवलिन के विश्व चैंपियन रह चुके नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीता था। जैवलिन में देश के लिए पदक जीतने वाले वह पहले एथलीट रहे थे। पेरिस ओलंपिक में भी उनसे स्वर्ण की उम्मीद थी। लेकिन, वह चूक गए थे। इसके बाद डायमंड लीग में उनसे शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद जताई जा रही थी। पेरिस ओलंपिक के बाद अपना कोच बदलने वाले नीरज के खेल में तकनीकी कमी नजर आई और वह ज्यूरिख में भी शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सके।

# अश्विन दूसरे खिलाड़ियों के लिए रास्ता खोल रहे हैं : आकाश चोपड़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज खिलाड़ी आर अश्विन ने बुधवार को आईपीएल से संन्यास ले लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर आईपीएल से संन्यास की घोषणा की। संन्यास के ऐलान के साथ ही अश्विन ने दूसरी टी20 लीग में खेलने के संकेत दिए थे। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि क्या अब दूसरे भारतीय क्रिकेटर भी अन्य टी20 लीग खेल सकेंगे? आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल से संन्यास के बाद कहा कि वह दुनिया भर की विभिन्न लीगों में खेलेंगे। वह एक नई राह बना रहे हैं। उनके इस कदम से क्या अन्य भारतीय क्रिकेटरों के दुनिया की दूसरी क्रिकेट लीगों में खेलने का रास्ता खुल सकता है? आकाश ने कहा कि अश्विन का आईपीएल करियर शानदार रहा है। वह जिस लीग में खेलना चाहेंगे, उन्हें चुन लिया जाएगा और वह बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि आईपीएल की नवीनता और आकर्षण को बनाए रखने के लिए बीसीसीआई ने यह नियम बनाया है कि भारतीय क्रिकेटरों को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लेना पड़ेगा। आर अश्विन के आईपीएल से संन्यास लेने के बाद ही यह चर्चा चली कि वह अगले साल द हंड्रेड में खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

बता दें कि अंबाती रायडू सीपीएल और दिनेश कार्तिक साउथ अफ्रीका20 लीग में खेल चुके हैं। आईपीएल में अश्विन 2008 से 2025 के बीच चेन्नई सुपर किंग्स, राइजिंग पुणे सुपर जाइंट्स, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे हैं। पंजाब किंग्स के वह कप्तान भी रहे हैं। 220 आईपीएल मैचों की 98 पारियों में 833 रन बनाने वाले अश्विन ने 187 विकेट लिए हैं। आईपीएल इतिहास के वह पांचवें सफलतम गेंदबाज हैं।

अश्विन ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। आर अश्विन का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट बेहद यादगार रहा है। 2010 से 2024 के बीच 106 टेस्ट में 537 विकेट, 116 वनडे में 156 विकेट और 65 टी20 में 72 विकेट उनके नाम दर्ज हैं। टेस्ट क्रिकेट में अश्विन एक बल्लेबाज के रूप में भी सफल रहे हैं। 6 शतक और 14 अर्धशतक की मदद से उन्होंने 3,503 रन बनाए हैं।

# प्रिंस नहीं राजा हैं शुभमन गिल

- इस रिकॉर्ड में सचिन और विराट को भी पछाड़ा, निकले सबसे आगे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर, दोनों ही वनडे क्रिकेट के इतिहास दो सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं. सचिन ने वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं. वहीं कोहली ने वनडे में सबसे ज्यादा शतक जड़े हैं. भारत के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल भी अब इसी रास्ते पर चल रहे हैं. गिल ने अपने शुरुआती 55 वनडे मैचों में रनों के मामले में कोहली और सचिन को पीछे छोड़ दिया है.

**गिल का 55 वनडे मैचों के बाद प्रदर्शन** – गिल ने भारत के लिए अब तक 55 वनडे मैच खेले हैं. गिल वनडे में भारतीय टीम के उपकप्तान हैं. गिल ने इस दौरान 55 मैचों में 59.04 की औसत से 2775 रन ठोक डाले हैं. गिल ने वनडे में 8 शतक भी जड़ दिए हैं. गिल ने भारत के लिए कई मौकों पर शानदार प्रदर्शन किया है.

**कोहली का 55 वनडे मैचों के बाद प्रदर्शन** – कोहली ने 55 वनडे मैचों के बाद 42.9 की औसत से 2059 रन बनाए थे. कोहली ने इस दौरान 5 शतक भी जड़े थे. कोहली आज वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं.

**सचिन का 55 वनडे मैचों के बाद प्रदर्शन** – सचिन ने अपने शुरुआती 55 वनडे मैचों के बाद सिर्फ 31.76 की औसत से 1556 रन बनाए थे. इस दौरान सचिन के बल्ले से एक भी शतक नहीं निकला था. लेकिन सचिन आज वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं.

### विराट-सचिन नहीं सबसे आगे निकल चुके हैं गिल

गिल शुरुआती 55 वनडे मैचों में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सचिन और विराट से ही नहीं, बल्कि सभी से आगे निकल गए हैं. इससे पहले ये रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज हाशिम अमला के पास था. अमला ने 55 मैचों में के बाद 55.37 की औसत से 2713 रन बनाए थे. वहीं अब ये रिकॉर्ड गिल के पास है. गिल ने 55 मैचों के बाद 2775 रन बनाए हैं ।

# रोहित का 13 सितंबर को बेंगलुरु में फिटनेस टेस्ट

## यो-यो के साथ ब्रोंको टेस्ट भी देना होगा; अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज



**नई दिल्ली, एजंसी।** टीम इंडिया के वनडे कप्तान रोहित शर्मा का 13 सितंबर को बेंगलुरु में के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई के इस स्टार खिलाड़ी को यो-यो टेस्ट के अलावा ब्रोंको टेस्ट से भी देना होगा। वह दो-तीन दिन तक सीओई में रहेंगे। इस दौरान रोहित नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज की तैयारी के लिए यहीं प्रैक्टिस करेंगे। 11 से 15 सितंबर तक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के ग्राउंड-1 पर दलीप ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इसलिए रोहित का फिटनेस टेस्ट सेंटर के एक अलग मैदान पर होगा। ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ खेल सकते है रोहित-कोहली रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित और विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ वनडे सीरीज में खेल सकते हैं।

# बिना शादी के 3 बच्चे....

## ● अब 44 की उम्र में चौथी बार फिर ● मां बनने जा रहीं है यह स्टार खिलाड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस की मशहूर पूर्व टेनिस स्टार अन्ना कुर्निकोवा एक बार फिर लाइमलाइट में हैं. 44 साल की उम्र में उन्होंने चौथी प्रेग्नेंसी की खबर देकर अपने फैन्स को हैरान कर दिया है. वह और उनके लंबे समय से पार्टनर, मशहूर स्पैनिश सिंगर एनरिके इग्लेसियस (50), अपने चौथे बच्चे का स्वागत करने वाले हैं.

### सेहत को लेकर उठे सवाल, अब आई राहत

कुछ महीने पहले अन्ना को व्हीलचेयर और प्रोटेक्टिव बूट में देखा गया था. उस दौरान उनकी तबीयत को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई गईं, लेकिन अब उनके प्रेग्नेंट होने की पुष्टि के बाद फैन्स को राहत मिली है. स्पैनिश मैगजीन ने दावा किया है कि कुर्निकोवा इस वक्त प्रेग्नेंसी के मिड–फेज में हैं और पूरी तरह स्वस्थ हैं.

- **पहले से तीन बच्चों की मां** – अन्ना और एनरिके के पहले से ही तीन बच्चे हैं, दो जुड़वां बच्चे लूसी और निकोलस, जो 7 साल के हो गए हैं और छोटी बेटी मैरी, जो 5 साल की है. हाल ही में मियामी में उन्हें बच्चों को मार्शल आर्ट्स क्लास के लिए ले जाते हुए देखा गया था, जिससे यह साफ हुआ कि वह एक सेहतमंद और एक्टिव लाइफ जी रही हैं.
- **खेल और शोहरत की चमक** – अन्ना सिर्फ 14 साल की थी, जब उन्होंने इतनी कम उम्र में प्रोफेशनल टेनिस में कदम रखा था. भले ही सिंगल्स में वह ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी नहीं जीत पाई थी, लेकिन मार्टिना हिंगिस के साथ जोड़ी बनाकर उन्होंने 1999 और 2002 में ऑस्ट्रेलियन ओपन डबल्स खिताब अपने नाम किया था. कोर्ट पर उनकी पावर गेम और बाहर उनकी ग्लैमरस पर्सनैलिटी ने उन्हें हमेशा खबरों में बनाए रखा.
- **ग्लैमर वर्ल्ड की क्वीन** – 2002 में उन्हें दुनिया की सबसे सेक्सी महिला के रुप में चुना गया था, जहां उन्होंने ब्रिटनी स्पीयर्स और जेनिफर लोपेज जैसी दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया था. 2010 में उन्हें अब तक की सबसे सेक्सी टेनिस खिलाड़ी भी करार दिया गया था.
- **चोटों ने बिगाड़ा करियर** – लगातार चोटों ने उनका करियर छोटा कर दिया. 1997 से 2001 के बीच वह कई बार स्ट्रेस फैक्चर और गंभीर चोटों से जूझती नजर आई थी. आखिरकार 2003 में केवल 21 साल की उम्र में उन्होंने प्रोफेशनल टेनिस को अलविदा कह दिया था.
- **एनरिके से रिश्ता और आलीशान लाइफ** – 2001 में एनरिके के हिट गाने म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी. वहीं से उनका रिश्ता शुरू हुआ और तब से दोनों एक साथ हैं. कपल पिछले दो दशकों से मियामी में रह रहा है. हाल ही में दोनों ने बे प्वाईट इलाके में 6.5 मिलियन डॉलर का नया घर खरीदा है, जिसमें पांच बेडरूम और लग्जरी सुविधाएं मौजूद हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन में आई खराबी, स्टेशनों पर लगी यात्रियों की भारी भीड़



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो के केंद्रीय सचिवालय से विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के बीच तकनीकी खराबी के चलते मेट्रो सेवाएं प्रभावित हुई हैं। स्कूल और ड्यूटी टाइम के दौरान आई खराबी के चलते येलो लाइन के कई स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ लग गई है। हौज खास इंटरचेंज स्टेशन पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। येलो लाइन रूट मेट्रो में आई खराबी का असर ब्लू लाइन रूट पर भी पड़ने लगा है, जिससे हजारों यात्रियों को असुविधा हुई। डीएमआरसी ने शुक्रवार को अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर एक पोस्ट कर बताया, विश्वविद्यालय और सेंट्रल सेक्रेट्रिएट स्टेशनों के बीच ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जबकि नेटवर्क के अन्य सभी कॉरिडोर पर सामान्य नॉर्मल हैं। कई यात्रियों ने शिकायत की कि जीटीबी नगर से विश्वविद्यालय तक की दूरी जो आमतौर पर कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती है, मेट्रो लाइन में आई खराबी के कारण लगभग 50 मिनट तक बढ़ गई है। कई लोगों ने कहा कि देरी के कारण उन्हें समय पर ऑफिस और स्कूलों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। डीएमआरसी ने कहा कि सेवाएं धीरे-धीरे सामान्य हो रही हैं और प्रभावित सेक्शन पर सुचारू संचालन बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

### उपराष्ट्रपति चुनाव: तमिलनाडु में राधाकृष्णन को गिने-चुने वोट





**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति चुनाव में अब दो सप्ताह भी नहीं बचे हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अपना-अपना समर्थन बढ़ाने में जुटे हैं। हालांकि, संसद के आंकड़ों में दोनों उम्मीदवारों को अपने गृह राज्यों में समर्थन के लाले पड़े हुए हैं। विपक्षी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी का तो अपने गृह राज्य आंध्र प्रदेश में खाता खुलना तक मुश्किल है, जबकि एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को अपने गृह राज्य तमिलनाडु में गिने-चुने वोट ही मिल सकते हैं। संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के आंकड़ों में एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का चुनाव जीतना लगभग तय है। हालांकि, दोनों उम्मीदवार एनडीए व इंडिया गठबंधन के बाहर के दलों का समर्थन जुटाकर अपना-अपना आंकड़ा बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे रोचक आंकड़ा दोनों उम्मीदवारों के गृह राज्य के हैं। बी. सुदर्शन रेड्डी का गृह राज्य आंध्र प्रदेश है। यहां पर लोकसभा की 25 और राज्यसभा की 11 सीट हैं। लोकसभा में एनडीए के 11 व वाईएसआरसीपी के चार सांसद हैं। राज्यसभा में वाईएसआरसीपी के सात एवं एनडीए के चार सांसद हैं। वाईएसआरसीपी पहले ही एनडीए का समर्थन करने की घोषणा कर चुकी है। यानी यहां के सभी सांसदों के वोट राधाकृष्णन को मिलने की संभावना है। वहीं, सुदर्शन रेड्डी का खाता खुलने की स्थिति नहीं है। तमिलनाडु, जहां से सीपी राधाकृष्णन आते हैं, वहां इसके विपरीत स्थिति है। वहां पर लोकसभा के सभी 39 सांसद इंडिया गठबंधन के हैं। राज्यसभा में 18 सांसदों में अन्नाद्रमुक के चार एवं एक निर्दलीय को छोड़कर बाकी सभी इंडिया गठबंधन के साथ हैं। ऐसे में तमिलनाडु के अधिकतम पांच सासंदों का ही समर्थन राधाकृष्णन को मिल सकता है।

डीपीसीसी ने जारी किए निर्देश

# यमुना में प्रतिमा विसर्जन करने पर लगेगा 50 हजार का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
यमुना नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने एक बार फिर से प्रतिमा विसर्जन को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें यमुना में मूर्ति विसर्जन करने पर 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है।

दिल्ली में गणेश उत्सव और दुर्गा पूजा के बाद यमुना में प्रतिमा विसर्जन की प्रवृत्ति रही है। लेकिन, इससे यमुना में होने वाले प्रदूषण को देखते हुए लगभग छह साल पहले रोक लगा दी गई थी। उत्सव का समय नजदीक आने के साथ ही एक बार फिर से इसे लेकर दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।

डीपीसीसी ने कहा है कि प्रतिमाओं का निर्माण प्राकृतिक मिट्टी से ही किया जाना चाहिए। पीओपी सामग्री से प्रतिमाओं का निर्माण नहीं होना चाहिए। स्थानीय निकाय की ओर से कृत्रिम तालाब का निर्माण किया जाएगा, जहां प्रतिमा का विसर्जन किया जा सके। डीपीसीसी ने दिल्ली की सीमाओं पर



भी निगाह रखने को कहा है ताकि प्रतिबंधित सामग्री वाली प्रतिमाओं को बाहर से लाया नहीं जा सके।

बता दें कि, दिल्ली की भाजपा सरकार ने हाल ही में अगले दो वर्षों के भीतर यमुना नदी का पुनरुद्धार करने के लिए एक व्यापक 45-सूत्रीय ऐक्शन प्लान शुरू किया है, जिसमें जल-मल उपचार और नदी में बहने वाले नालों को रोकने की चुनौतियों से निपटने के लिए कई एजेंसियों की भागीदारी होगी। सीएम रेखा गुप्ता द्वारा अनुमोदित इस योजना को मुख्य रूप से दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यमुना सफाई एवं पुनरुद्धार के लिए चल रही परियोजनाओं तथा नई योजनाओं एवं परियोजनाओं को 10 कार्य मद के अंतर्गत विशिष्ट समय-सीमाओं के साथ एक साथ रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी ऐक्शन प्लान को जून महीने की शुरुआत में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई दिल्ली जल बोर्ड की बैठक में मंजूरी दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में मुख्य रूप से जलमल उपचार प्रबंधन, नालों को बंद करना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, तूफानी जल प्रबंधन और यमुना नदी में प्रवाह बढ़ाना जैसे प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, यमुना नदी के कुल प्रदूषण में दिल्ली का योगदान 76 प्रतिशत है, जबकि इसकी लंबाई में दिल्ली का हिस्सा मात्र दो प्रतिशत है। तीन एसटीपी- कोरोनेशन पिलर, यमुना विहार और ओखला (मलजल शोधन संयंत्र) एसटीपी- से नदी में प्रवाह बढ़ाने के लिए डीजेबी को एक संवहन प्रणाली बनानी होगी। अधिकारियों ने बताया कि नदी में प्रवाह बनाए रखने के लिए उपचारित पानी को वापस नदी में डालना अनिवार्य है। इस काम की समयसीमा सितंबर 2026 है। उन्होंने दावा किया कि ओखला एसटीपी एशिया में इस तरह का सबसे बड़ा एसटीपी है।

## बदरपुर टोल से सफर करना होगा महंगा, 1 सितंबर से बढ़ेंगे रेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-फरीदाबाद रूट पर सफर अब महंगा होने जा रहा है। बदरपुर फ्लाईओवर टोल प्लाजा पर एक सितंबर से बढ़ा हुआ शुल्क देना होगा। कार और जीप के लिए 1 रुपये अतिरिक्त टोल टैक्स लगेगा। सिर्फ एक बार गुजरने वाली कार के लिए शुल्क में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। कॉमर्शियल और भारी वाहनों के लिए दो-दो रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

बढ़े हुए टोल की नई दरें 31 अगस्त की रात 12 बजे से लागू हो जाएंगी। मासिक पास की दरें भी 16 रुपये से 48 रुपये तक बढ़ाई गई हैं। कार जीप के मासिक पास बनाने के लिए शुल्क बढ़ोतरी के कारण टोल प्लाजा पर मासिक पास बनाने का काम स्थगित कर दिया गया है। शनिवार से दोबारा मासिक पास बनाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में देशभर में फास्टैग वार्षिक पास सुविधा की शुरुआत की है। फास्टैग वार्षिक पास राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर लगभग 1,150 टोल संग्रह बूथ पर लागू है। इससे उपयोगकर्ता 3,000 रुपये के एकमुश्त भुगतान पर एक साल में 200 टोल प्लाजा पार कर सकते हैं। इस वार्षिक पास की शुरुआत 15 अगस्त को हुई थी। इस सुविधा को देशभर में राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के बीच जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। यह पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए मान्य है। यह राजमार्गयात्रा ऐप या एनएचएआई वेबसाइट के जरिये एकमुश्त भुगतान के दो घंटे के भीतर सक्रिय हो जाता है।

## दिल्ली में नवंबर के बाद भी दौड़ेंगी बीएस-4 गाड़ियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में रजिस्टर्ड बीएस-4 कॉमर्शियल गाड़ियों पर एक नवंबर 2025 के बाद भी राजधानी में प्रवेश पर रोक नहीं लगेगी। इनकी आवाजाही निर्बाध हो सकेगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक में इसे स्पष्ट किया है।

दरअसल, दीपावली के आसपास दिल्ली में प्रदूषण का स्तर कई गुना तक बढ़ जाता है। इसे नियंत्रित करने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एक नवंबर से बीएस-4 वाहनों के प्रवेश पर रोक के आदेश जारी किए हैं। इससे दिल्ली के करीब 50 हजार से ज्यादा बीएस-4 या इससे कम श्रेणी के मानक वाले व्यावसायिक वाहनों के मालिक परेशान थे। इसे लेकर ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद यह निर्णय लिया गया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि आयोग के सदस्य (तकनीकी) वीरेंद्र शर्मा के साथ इस पर चर्चा हुई। आयोग ने कहा कि बीएस-4 श्रेणी के मानक वाले जो वाहन दिल्ली में रजिस्टर्ड हैं और उनका रजिस्ट्रेशन वैध है, उन्हें राजधानी दिल्ली में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अन्य बाहरी राज्यों में रजिस्टर्ड व्यावसायिक वाहनों को राजधानी दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इनमें मालवाहक और यात्री वाहन दोनों शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि बीएस-4 श्रेणी के व्यावसायिक वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध को लेकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जारी किया गया आदेश स्पष्ट नहीं था। बता दें कि इस आदेश के संबंध में पूर्व में ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के सदस्य दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा से भी मिले थे।

## दिल्ली में झमाझम बारिश से सड़कें बनी स्वीमिंग पूल, कई जगहों पर लंबा जाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में शुक्रवार सुबह हुई झमाझम बारिश के बाद अनेक सड़कों पर भारी जलभराव होने से जगह-जगह जाम लग गया। वहीं, राजधानी में भारी बारिश के बीच दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने अगले कुछ दिनों में और बारिश होने का अनुमान जताया है।

बारिश के चलते दिल्ली के कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे गाड़ियां फंस गईं और लोग पानी में से होकर गुजरे। प्रीत विहार, डीएनडी, मथुरा रोड, विकास मार्ग, आईएसबीटी, गीता कॉलोनी, राजाराम कोहली मार्ग पर ट्रैफिक जाम है। रिंग रोड (सराय काले खा से आईटीओ) पर जाम लगा हुआ है। वहीं महरौली-बदरपुर रोड भी पूरा जाम है और महरौली से लेकर बत्रा हॉस्पिटल तक जाम लगा हुआ है।

सोशल मीडिया पर वायरल रहे वीडियो में दोपहिया वाहन, कारें और मालवाहक वाहन पानी से लबालब भरी सड़कों से गुजरने के लिए संघर्ष करते दिख रहे हैं, जबकि स्कूली बच्चे पानी में पैदल चलकर अपने स्कूल पहुंचते नजर आ रहे हैं। भारी बारिश के बीच दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में



कहा गया है कि भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली में मौसम खराब रहने की संभावना है। हालांकि, दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन फिलहाल सामान्य है। उड़ानों के लेटेस्ट अपडेट के लिए यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें। बता दें कि, मौसम विभाग ने शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तामपान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तामपान 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है। राजधानी में गर्मी और उमस का दौर अब भी जारी है। गुरुवार को दिनभर निकली धूप की वजह से लोगों को 44 डिग्री सेल्सियस जैसी गर्मी का अहसास हुआ।

## अगर कोई भयानक त्रासदी घटित होती है, तो वह राष्ट्रपति पद संभालने के लिए तैयार हूं: उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों अपने फैसलों की वजह से दुनिया भर के देशों की सुर्खियों में बने हुए हैं। ऐसे में उनके पद पर रहने या न रहने को लेकर भी दुनिया बड़े गौर से देख रही है। उनकी सेहत को लेकर भी तमाम तरह की अटकलें लगाई जाती रहती हैं। हालांकि वाइट हाउस और ट्रंप परिवार की तरफ से उनकी सेहत को बिल्कुल सही बताया जाता है। इस सब के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक इंटरव्यू में कहा है कि अगर कोई भयानक त्रासदी घटित होती है, तो वह राष्ट्रपति पद संभालने के लिए तैयार हैं। हालांकि उन्होंने इस बात को भी दोहराया कि ट्रंप का स्वास्थ्य बेहतर है।

यूएस टुडे को दिए इंटरव्यू में जेडी



वेंस ट्रंप के स्वास्थ्य और अपने राष्ट्रपति पद को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति अच्छी स्थिति में हैं, वह अपना शेष कार्यकाल पूरा करेंगे और अमेरिका को महान बनाने के अपने काम में लगे रहेंगे।

जेडी ने आगे कहा, भगवान न करे, कोई ऐसी भयानक घटना होती है, तो मैं पिछले 200 दिनों से ट्रंप के अंडर ट्रेनिंग ले रहा हूं, तो मैं राष्ट्रपति पद संभालने के लिए भी तैयार हूं।

गौरतलब है कि वेंस की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब बार-बार ट्रंप के स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। हाल ही में दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ मुलाकात के दौरान ट्रंप के हाथ पर चोट के निशान देखे गए थे। हाालंकि वाइट हाउस से जब इस चोट के बारे में जानकारी मांगी गई, तो उन्होंने बताया कि बार-बार हाथ मिलाने और एस्पिरिन का इस्तेमाल करने की वजह से यह चोट लगी है। मालूम हो कि ट्रंप के हाथ की यह चोट पहली बार जुलाई में दिखाई दी थी, लेकिन तब इसे बड़ी ही चतुराई के साथ फाउंडेशन से ढ़क दिया गया था।

## ईशनिंदा आरोप का सामना कर रही कैंसर पीड़ित महिला की जमानत खारिज

**रबात, एजेंसी।**
मोरक्को की एक अदालत ने नारीवादी कार्यकर्ता इब्तिसाम लचगर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। लचगर पर ईशनिंदा करने के आरोप हैं। गौरतलब है कि लचगर कैंसर की समस्या से जूझ रही हैं और सितंबर में उनकी सर्जरी होनी है। इसके बावजूद मोरक्को की अदालत ने नारीवादी कार्यकर्ता को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया। इब्तिसाम लचगर का मामला इन दिनों मोरक्को समेत पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। इब्तिसाम लचगर के वकील ने बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान उन्हें स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर रिहा करने की मांग की थी, लेकिन राजधानी रबात



की अदालत ने अपील ठुकरा दी और लचगर को रिहा करने से इनकार कर दिया। लचगर पर एक विवादित टिप्पणी वाली टीशर्ट पहनकर अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का आरोप है। मोरक्को में राजशाही और इस्लाम का अपमान करने की सख्त मनाही और इसे लेकर वहां लंबे समय से कठोर कानून हैं।

## मैक्सिको की सीनेट में विपक्षी नेता-सीनेट अध्यक्ष में हाथापाई

**मैक्सिको सिटी , एजेंसी।** मैक्सिको की सीनेट में बुधवार को उस वक्त हंगामा मच गया, जब एक जोरदार बहस के बाद विपक्षी नेता ने सीनेट अध्यक्ष को पकड़कर धक्का-मुक्की शुरू कर दी। यह सब उस वक्त हुआ, जब सीनेट की कार्यवाही खत्म होने के बाद सांसद राष्ट्रगान गा रहे थे। यह नजारा इतना हैरान करने वाला था कि लाइव स्ट्रीम में पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे सीनेट में कुर्सियां छोड़कर मुक्के चलने लगे। विपक्षी इंस्टीट्यूशनल रिवॉल्यूशनरी पार्टी (पीआरआई) के नेता अलेजांद्रो अलिटो मोरेनो ने सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी के सीनेट अध्यक्ष गेरार्डो फर्नांडीज नोरोना पर हमला बोल



दिया। मोरेनो बार-बार कह रहे थे, मुझे बोलने दो और उन्होंने नोरोना का हाथ पकड़ लिया। नोरोना ने जवाब में कहा, मुझे छूना मत, लेकिन बात यहीं नहीं रुकी। दोनों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। हंगामा एक चर्चा के बाद शुरू हुआ। इसमें मैक्सिको में विदेशी सशस्त्र बलों की मौजूदगी पर तीखी चर्चा हुई थी। नोरोना के मुताबिक, मोरेनो ने कहा, मैं तुझे मार डालूंगा।

# फ्लोरिडा के करदाताओं को 218 मिलियन डॉलर के नुकसान की आशंका

### एलीगेटर अलकाट्राज को बंद करने का आदेश

**ऑरलैंडो, एजेंसी।** फ्लोरिडा के करदाताओं को 218 मिलियन डॉलर का भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, क्योंकि बुधवार (स्थानीय समयानुसार) देर रात एक जज ने एलीगेटर अल्काट्राज के संचालन को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का आदेश देते हुए अपने फैसले को बरकरार रखा। यह राज्य के एवरग्लेड्स में स्थित है और इसे हवाई प्रशिक्षण अड्डे से इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर में बदला गया था। इस केंद्र को एलीगेटर अल्काट्राज नाम दिया गया था। अब यह केंद्र जल्द ही पूरी तरह से खाली हो सकता है।

राज्य द्वारा अदालत में दायर दस्तावेजों के अनुसार, फिलहाल इस केंद्र को बंद करने में ही फ्लोरिडा को 15 से 20 मिलियन डॉलर का खर्च आएगा। अगर इसे दोबारा चालू करने की अनुमति



मिली तो फिर से संरचनाओं को स्थापित करने पर 15 से 20 मिलियन डॉलर और खर्च होंगे। एक राज्य अधिकारी ने अदालती दस्तावेजों में कहा कि फ्लोरिडा आपातकालीन प्रबंधन विभाग को 218 मिलियन डॉलर का अधिकांश निवेश खोना पड़ेगा। सिर्फ कुछ ही दिनों में बने इस केंद्र में बड़े सफेद टेंटों के चारों तरफ जंजीरों से बंधे पिंजरे हैं, जिनके चारों ओर चारपाई बिस्तरों की कतारें लगी हुई हैं।

**इस केंद्र के निर्माण-संचालन के लिए दिए गए हैं 405 मिलियन डॉलर के ठेके:** एपी के हवाले से आई पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लोरिडा ने इस सुविधा के निर्माण और संचालन के लिए कम से कम 405 मिलियन डॉलर के ठेके दिए हैं। अधिकारियों ने शुरू में अनुमान लगाया था कि इसे चलाने में हर साल 450 मिलियन डॉलर लगेंगे। जुलाई के अंत तक ही राज्य 245 मिलियन डॉलर इस केंद्र पर खर्च कर चुका था। यह सुविधा 1 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले महीने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस केंद्र का दौरा किया था और कहा था कि यह पूरे देश में भविष्य के हिरासत केंद्रों का मॉडल हो सकता है।

कई कानूनी चुनौतियों का सामना कर रहा केंद्र

लेकिन शुरुआत से ही यहां गंदगी, अस्वच्छ हालात और बंदियों को कानूनी मदद से वंचित रखने जैसी शिकायतें आती रही हैं। यह केंद्र कई कानूनी चुनौतियों का सामना कर रहा है। बुधवार को अमेरिकी जिला न्यायाधीश कैथलीन विलियम्स ने अपना आदेश दोहराया कि केंद्र को बंद किया जाए, क्योंकि राज्य और संघीय एजेंसियों ने इस क्षेत्र की संवेदनशील आद्रभूमि में डिटेंशन सेंटर बनाने से पहले जरूरी पर्यावरण समीक्षा नहीं की। जज ने संचालन बंद करने के अपने आदेश को स्थगित करने के अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया।

**होमलैंड सुरक्षा विभाग ने कहा आदेश से बाधित होंगी योजनाएं:** मियामी के न्यायाधीश ने कहा कि यहां बंदियों की संख्या पहले ही घट रही है और इससे संघीय सरकार के आव्रजन प्रवर्तन लक्ष्यों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हालांकि, होमलैंड सुरक्षा विभाग के वकीलों का कहना है कि आदेश से उनकी योजनाएं बाधित होंगी। विभाग ने सिर्फ इतना कहा कि वह अदालत के आदेश का पालन कर रहा है और बंदियों को अन्य केंद्रों में शिफ्ट किया जा रहा है। हालांकि होमलैंड सुरक्षा विभाग ने यह नहीं बताया कि पिछले हफ्ते जज के अस्थायी निषेधाज्ञा के बाद से कितने बंदी बचे हैं और कितने बाहर निकाले गए हैं।

# पत्नी की हत्या कर घर में दफनाया

- पुलिस की मौजूदगी में निकाली गयी लाश
- आरोपित गिरफ्तार, कबूल किया जुर्म


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा गांव में एक बेहद ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर उसके शव को घर के अंदर ही दफना दिया। यह घटना तब सामने आई, जब घर से दुर्गंध आने लगी और ग्रामीणों को शक हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति रघु उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। शव को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में खोदकर बाहर निकाला गया।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार भीठा गांव के 30 वर्षीय रघु उरांव की पत्नी 25 वर्षीय फूलो उरांव 24 अगस्त को गांव में आयोजित एक फुटबॉल टूर्नामेंट में नाच-गाकर घर लौटी थी। इसी दौरान रघु उरांव ने उसकी हत्या कर दी और सबूत मिटाने के लिए शव को घर के फर्श के नीचे दफना दिया। यह खौफनाक राज तब उजागर हुआ, जब 28 अगस्त को घर से दुर्गंध आने लगी। चिंतित ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह को दी।

सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने आरोपी रघु उरांव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद दंडाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी और फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में शनिवार को घर की खुदाई की गई, जहां से फूलो उरांव का शव बरामद हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी रघु उरांव का आपराधिक इतिहास रहा है। थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि रघु उरांव मानसिक रूप से कमजोर है। वह 2010 में अपने पिता धनमासी उरांव की हत्या कर चुका है और 2014 में अपनी चाची पर भी जानलेवा हमला कर चुका है। दोनों मामलों में वह जेल भी जा चुका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु का सही कारण और समय पता चलेगा। रघु उरांव ने अपनी पत्नी की हत्या कर साक्ष्य छिपाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा और पुलिस के हत्थे चढ़ गया। यह घटना पूरे लोहरदगा जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग सदमे में हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हमें, कभी ऐसा कुछ होने का अंदाजा नहीं था। फूलो एक सीधी-सादी महिला थी। जब घर से दुर्गंध आने लगी



तो हम सब हैरान थे। यह घटना पूरे गांव के लिए एक सदमा है। वह गांव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी।

## लिया गया ड्राइविंग टेस्ट

**गिरिडीह।** गिरीडीह जिले में बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी, संतोष कुमार के निदेर्शानुसार आज नये ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आए हुए कैंडिडेट को बारवाडीह ग्राउंड,गिरिडीह में ड्राइविंग टेस्ट लिया गया एवं साथ ही सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का अनुपालन के प्रति जागरूक किया। हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में भी जागरूक किया और बताया गया कि सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें। सभी लोगों के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक मोहम्द वाज़िद हसन उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा चालक का शव संदिग्ध परिस्थिति में बरामद

**हजारीबाग।** शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर चौक के पास देर रात एक ई-रिक्शा चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से शहर में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान लोहसिंघना निवासी फैज अहमद उर्फ कैश (35) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि फैज अहमद की सुनियोजित तरीके से हत्या की गई है, क्योंकि उसके गले पर धारदार हथियार से वार का गहरा निशान और चेहरे पर चोट के निशान पाए गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग अस्पताल परिसर में जुट गए और पुलिस प्रशासन से तत्काल मामले का खुलासा करने की मांग करने लगे। आक्रोशित परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो हजारीबाग में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# जूनियर डाक्टरों की हड़ताल से अस्पताल में रहा सन्नाटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** गुरुवार की शाम एसएनएमएमसीएच के आधे दर्जन जूनियर डॉक्टर के साथ हुई मारपीट की घटना ने तूल पकड़ लिया है। गुस्साए जूनियर डॉक्टरों ने शुक्रवार को अस्पताल की ओपीडी सेवा अनिश्चितकालीन बंद करा दिया है और ओपीडी के समक्ष सभी धरना पर बैठ गए है। डॉक्टरों का कहना है कि देर रात्रि प्रबंधन तथा प्रशासन के साथ हुई वार्ता के बाद फिलहाल मध्य रात्रि आपातकालीन सेवा को चालू कर दिया गया है। आज प्रबंधन तथा प्रशासन के साथ बैठक होना है। बैठक में यदि हमारी मांग पूरी नही होती है तो दोपहर के बाद हम आपातकालीन सेवा भी अनिश्चितकाल के लिए ठप कर देंगे।

इधर ओपीडी ठप होने के कारण दूर तरह से इलाज करने आने वाले मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। केंदुआ से इलाज कराने आई 35 वर्षीय सोनी देवी को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा। सोनी बुखार से पीड़ित है उन्होंने कहा इतनी दूर से आए, सोचा डॉक्टर को दिखा लेंगे पर यहां तो हड़ताल है। तोपचांची से आई कुमारी ज्योति अस्पताल पहुंचने के बाद पता चला कि आज तमाम डॉक्टर हड़ताल पर हैं और ओपीडी सेवा भी बंद है। उन्होंने कहा कि वह अस्पताल में जल्दी इलाज करने के कारण घर से सुबह ही निकल गई थी इस दौरान हड़ताल की जानकारी नहो हो सकी। टुंडी से आए अजय गोस्वामी के पैर में दिक्कत है वे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे। कहा अपने पैर की नियमित जांच करानी होती है। आज जांच नहीं हो पाई, जिससे हमें काफी परेशानी हो रही है। अब हमें निजी अस्पताल में जाना पड़ेगा। वहीं जूनियर डॉक्टरों के द्वारा ओपीडी सेवा ठप करने से कई सीनियर डॉक्टर भी अस्पताल नहीं पहुंचे। जिस कारण शुक्रवार को अस्पताल के टीबी विभाग, एंटी रेबीज, एक्स-रे अल्ट्रासाउंड समेत जांच घर तथा विभिन्न ओपीडी चैम्बरों में सन्नाटा पसरा रहा।

## नदी में नहाने गये चार छात्र डूबे

दुमका। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बाबूपुर पंचायत स्थित मिनी गोवा में गुरुवार की शाम चार लड़के बह गए। सभी लड़के दोस्त थे और जिला स्कूल के छात्र बताए जाते हैं। घर वाले रात से ही नदी के किनारे बैठे हुए। पुलिस भी शव की तलाश में जुटी है। बताया जाता है कि जिला स्कूल का छात्र आर्यन अपने तीन दोस्त हर्ष, कृष्ण सिंह और एक अन्य छात्र आर्यन गुरुवार की शाम को तीन बजे मिनी गोवा के नाम से मशहूर मयूराक्षी नदी में नहाने के लिए गए थे। शाम सात बजे तक कोई वापस नहीं आए तो घर वालों ने तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद रात भर चारों लड़कों का कुछ नहीं पता चला। शुक्रवार की सुबह सूचना मिलते ही जामा और मुफ्फसिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।पुलिस को एक लड़के का कपड़ा और चप्पल भी बरामद किया है। कयास लगाया जा रहा है कि चारों लड़के बह गए हैं। इनमें आर्यन कुमार एसपी कॉलेज में प्रोफेसर डॉक्टर कलानंद ठाकुर का बेटा है।

# पीएम के विरूद्ध अपशब्द पर राजनीति में संग्राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार में कांग्रेस नेतृत्व में निकाली जा रही वोट अधिकार यात्रा को लेकर अब राजनीति गरमा गई है। इस यात्रा के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपशब्द बोले जाने का मामला सामने आने के बाद भाजपा ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर कड़ा रुख अपनाया है। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने इस घटनाक्रम की कड़ी निंदा करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला।

सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सर्वमान्य नेता हैं।

यात्रा के दौरान उनके साथ-साथ उनकी दिवंगत मां के खिलाफ भी जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया गया, उसने पूरे देश की 140 करोड़ जनता को शर्मसार कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में न तो संस्कार हैं और न ही राष्ट्रवाद।

भाजपा सांसद ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह वही पार्टी है जिसने नेशनल हेराल्ड घोटाला किया और जिसके नेता राहुल गांधी बेल पर बाहर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने इस कृत्य पर शर्म आनी चाहिए।

दीपक प्रकाश ने कहा कि आज की तारीख में देश की जनता राहुल गांधी की बातों को गंभीरता से नहीं लेती। उन्होंने दावा किया कि बिहार में कांग्रेस की वोट अधिकार यात्रा पूरी तरह फ्लॉप हो रही है और जनता पीएम मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों से प्रभावित है।

सांसद ने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस की हालत इतनी खराब होगी कि पार्टी डबल डिजिट तक भी नहीं पहुंच पाएगी। उन्होंने कहा कि जनता अब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के झूठे वादों और अपमानजनक राजनीति को समझ चुकी है।

# अपराधों की लंबी फेहरिस्त के आगे पुलिस नजर आ रही बौनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड की उपराजधानी दुमका में पिछले छह महीनों से आपराधिक घटनाओं ने आम लोगों को दहशत में डाल दिया है। मार्च से अगस्त 2025 के बीच हत्या, सामूहिक दुष्कर्म और दुष्कर्म के बाद हत्या जैसी वीभत्स वारदातों ने न सिर्फ क्रूरता की हदें पार कर दी हैं, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई के बावजूद इन घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या दुमका अब अपराधियों के लिए एक सुरक्षित ठिकाना बन गया है?

बुधवार को ही अल सुबह गोपीकांदर थाना क्षेत्र के टेसाफुली गांव में खून से लथपथ एक शादीशुदा युवती खुशबू कुमारी पर चाकू से गर्दन व गाल पर जानलेवा हमला करने की खबर सामने आई। फिलहाल खुशबू दुमका के फूलोझानो मेडिकल कालेज व अस्पताल में इलाजरत है। अब तक जानकारी के मुताबिक खुशबू अपने पति वीरेन महतो के साथ जंगल में घूमने गई थी। अपराधी पकड़े नहीं जा सके हैं।

सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान संकाय के व्याख्याता डॉ. स्वतंत्र कुमार सिंह के अनुसार, ׅये घटनाएं हमारे सामाजिक ताने-बाने में बिखराव और असंतोष का परिणाम हैं। रचनात्मक बातों की जगह नकारात्मकता और तीव्र प्रतिक्रिया देने की प्रवृत्ति हिंसक वारदातों का कारण बन रही है।ׅ यह बयान बताता है कि दुमका में सिर्फ आपराधिक समस्या नहीं, बल्कि गहरी सामाजिक समस्या भी पनप रही है।

पुलिस का दावा है कि अधिकांश मामलों में उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अमिता रक्षित का कहना है कि महिला हिंसा खासकर आदिवासी और पहाड़िया महिलाओं के साथ होने वाली घटनाएं चिंता का विषय हैं। वे इन मामलों में स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को जल्द सजा दिलाने की मांग करती हैं।

यह स्थिति दुमका की आम जनता में भय का माहौल बना रही है। एक तरफ पुलिस गिरफ्तारी का दावा कर रही है तो दूसरी तरफ अपराधों की क्रूरता और संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही। सवाल यह है कि क्या दुमका अपनी उपराजधानी वाली पहचान खोकर 'क्राइम कैपिटल' बनने की राह पर है?

## गला घोंटकर प्रेमिका की हत्या

**हजारीबाग।** झारखंड के बोकारो से रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। प्रेमी की पिटाई से किशोरी का गुस्सा इस हदतक चरम पर पहुंचा कि उसने मां की ही गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने अपनी मां की हत्या की आरोपित किशोरी को चिकित्सकीय जांच के बाद बुधवार को न्यायालय में पेश किया।

किशोरी को रिमांड होम में भेजे जाने की तैयारी है। किशोरी के पिता ने 18 अगस्त को बेटी, उसके प्रेमी और प्रेमी के परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार किशोरी ने स्वीकार किया कि पड़ोस में रहने वाले युवक से वह प्रेम करती है। इसकी जानकारी होने पर 16 अगस्त को किशोरी की मां और परिवार के अन्य सदस्यों ने प्रेमी की पिटाई कर दी और बेटी को उससे दूर रहने की सलाह दी। यह बात किशोरी को नागवार गुजरी।

अगले दिन 17 अगस्त की रात जब उसके पिता पड़ोस के गांव में पूजा के लिए गए थे।

# कई ट्रेनों को किया गया रद्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** आंध्र प्रदेश के विजयनगरम स्टेशन यार्ड में मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण दक्षिण जाने वाली ट्रेनों के पहिए थम गए हैं। कई पैसेंजर ट्रेनों को रद कर दिया गया है। लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनें अलग-अलग स्टेशन पर रोक दी गई हैं।

गुरुवार को रवाना हुई धनबाद-अलेप्पी एक्सप्रेस के पहिए भी थम गए हैं। विजयनगरम से ठीक पहले बोब्बिली स्टेशन पर छह घंटे से अलेप्पी एक्सप्रेस खड़ी है।

अलेप्पी से धनबाद की ओर से चलने वाली ट्रेन भी आंध्र प्रदेश के अन्नावरम स्टेशन के पास खड़ी है। रेल परिचालन सामान्य होने को लेकर अब तक कोई सूचना जारी नहीं की गई है।

भारी बारिश से रेलवे ट्रैक प्रभावित होने के कारण जम्मू जाने वाली ट्रेनें



अब भी प्रभावित हैं। धनबाद होकर चलने वाली कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस 29 अगस्त को रद कर दी गई है। वापसी में जम्मूतवी से कोलकाता के बीच चलने वाली ट्रेन जम्मू तवी के बदले लुधियाना से चलाई जाएगी। टाटा से जम्मूतवी जाने वाली ट्रेन अमृतसर तक जाएगी। हावड़ा से आसनसोल, जसीडीह होकर जम्मू तवी तक जाने वाली हिमगिरी एक्सप्रेस भी आज रद कर दी गई है। सूचना में बताया गया कि कठुआ-माधोपुर समेत पंजाब के कई क्षेत्रों में जलजमाव के कारण ट्रेनें रद्द की गई।

# प्रदेश भाजपाध्यक्ष बाबू लाल मरांडी ने लगाया हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप

## भ्रष्टाचार और सबूत मिटाने की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मंगलवार की रात एक चौंकाने वाली घटना की जानकारी मिली। मरांडी ने आरोप लगाया कि तहत उत्पाद विभाग से एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) द्वारा भारी मात्रा में कागजात रात के अंधेरे में गुप्त तरीके से ले जाए गए हैं। बाबूलाल ने इस कार्रवाई को सामान्य प्रक्रिया से अलग, पूरी तरह संदिग्ध और योजनाबद्ध बताया।

बाबूलाल ने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई राज्य के डीजीपी के सीधे हस्तक्षेप और निगरानी में हुई है, जबकि वे स्वयं अवैध रूप से पद पर बैठे हैं। उन्होंने सवाल खड़ा किया कि आखिरकार एक ट्रक भरकर कागजात आधी रात में क्यों हटाए गए? क्या यह कदम किसी बड़े भ्रष्टाचार के सबूतों को मिटाने की साजिश है?

मरांडी ने कहा कि यह कार्रवाई कुछ चुनिंदा अधिकारियों और राजनीतिक सरगनाओं को बचाने के लिए की गई है। उनके अनुसार, यह प्रयास सीधे-सीधे ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों की भविष्य में संभावित जांच से पहले महत्वपूर्ण साक्ष्यों को नष्ट करने के मकसद से किया गया। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार और घोटालों के सबूतों को मिटाने की खुली कोशिश है।

भाजपा नेता ने कहा कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि किसे बचाने के लिए यह खेल खेला जा रहा है और किसके इशारे पर सबूत मिटाए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या बिना फोटोकॉपी करवाए और विधिवत जब्ती सूची बनाए, किसी भी विभाग के कागजात को रात में गुपचुप तरीके से उठाकर ले जाने का कोई प्रावधान है? क्या यह मुख्यमंत्री की जानकारी और सहमति से हुआ है या नहीं?

मरांडी ने अखबारों का हवाला देते हुए कहा कि पहले भी एसीबी कुछ ऐसी फाइलें उठा चुकी है, जिसके कारण शराब दुकानों के अगले आवंटन में कठिनाई खड़ी हो गई है और इससे राजस्व को



संभावित हानि हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से सीधे सवाल किया कि आखिर इस गंभीर मामले पर उनका रुख क्या है और क्या वे इसकी निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करेंगे।

मरांडी ने अपने बयान में कहा कि चाहे भ्रष्टाचार में लिप्त लोग कितने भी चालाक क्यों न हों, इतिहास गवाह है कि कोई न कोई सुराग हमेशा बचा रह जाता है। यही सुराग एक दिन पूरे खेल को उजागर करेंगे और जिम्मेदार लोगों की सच्चाई सामने आएगी।

# विधायक ने चौपारण की सड़कों की बदहाली पर उठाया सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची/हजारीबाग। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने चौपारण प्रखंड की जर्जर सड़कों का मुद्दा जोर-शोर से उठाया।

विधायक ने तारांकित प्रश्न के तहत सरकार से पूछा कि क्या यह सच है कि चौपारण प्रखंड की कई प्रमुख सड़कें बेहद जर्जर स्थिति में हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है?

जवाब देते हुए ग्रामीण कार्य विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सवाल को आंशिक रूप से स्वीकार किया। उन्होंने माना कि सड़कों की मरम्मत न होने से जनता को कठिनाई हो रही है।

मंत्री ने जानकारी दी कि पीडब्ल्यूडी रोड से हथिया होते हुए चयकला तक सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है और निविदा प्रक्रिया जारी है।

बारामोड़ से हारपुर नहर होते हुए मंझौलिया टावर तक का मार्ग कच्चा है, जिसका निर्माण विभागीय नीति और बजटीय प्रावधानों के अनुसार कराया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले पाँच वर्ष या उससे पूर्व निर्मित क्षतिग्रस्त ग्रामीण पथों को मजबूत करने के लिए विशेष योजना चलाई जा रही है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि बजटीय प्रावधानों के अनुरूप चौपारण की अन्य क्षतिग्रस्त सड़कों के जीर्णोद्धार और निर्माण कार्यों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं.: सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-नीलामी/2025** **दिनांक : 28.08.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण इस प्रकार है:- **नीलामी सूची सं.: एएसएन-एडीवीटी-12-09; नीलामी प्रारंभ तिथि एवं समय:** 12.09.2025 को 11.00 बजे; **अनुक्रम सं. एवं लॉट सं.** क्रमानुसार: **एए/1;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर21-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/2;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर12-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)] **एए/3;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर10-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/4;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर23-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/5;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर25-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/6;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर28-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/7;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर36-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)] **एए/8;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर39-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/9;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर7-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/10;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर19-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/11;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर32-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/11;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर32-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/12;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर1-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/13;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर14-25-1 [विज्ञापन ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/14;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर17-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/15;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर26-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/16;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर37-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/17;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर18-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/18;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर3-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/19;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर9-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/20;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर20-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (पूरा चेहरा)]। **एए/21;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर8-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/22;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर2-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/23;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर27-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/24;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर29-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/25;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर33-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/26;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर34-25-1 [विज्ञापन - ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/27;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर35 25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/28;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर22-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/29;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर31-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/30;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर38-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/31;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर40-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/32;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर5-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एए/33;** एडीवीटी-ईएफएफ-एस1-एमईएमयूआर6-25-1 [विज्ञापन-ट्रेन एक्सटीरियर (संपूर्ण भाग)]। **एबी /1;** एडीवीटी-एएसएन-एएसएनजे-ओएच-4-25-1 (विज्ञापन-घर से बाहर)। **एसी/1;** एडीवीटी-एएसएन-एएसएन-ओएसडी-112-25-1 [विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (डिजिटल)]। **विवरण-** प्रत्येक अनुक्रम सं. - एए/1, एए/2, एए/3, एए/4, एए/5, एए/6, एए/9, एए/10, एए/12, एए/13, एए/14, एए/15, एए/17, एए/18, एए/19, एए/20, एए/21, एए/22, एए/23, एए/28, एए/32 और एए/33 के लिए आसनसोल मंडल पर चलने वाले 12 कोच एमईएमयू रेक की पूरी साइड दीवारों (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार अधिकार प्रदान करना; **विवरण-** प्रत्येक अनुक्रम सं. - एए/7, एए/8, एए/11, एए/16, एए/24, एए/25, एए/26, एए/27, एए/29, एए/30 एवं एए/31 के लिए आसनसोल मंडल पर चलने वाले 08 कोच एमईएमयू रेक की संपूर्ण साइड दीवारों (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार अधिकार प्रदान करना। **विवरण-** आसनसोल मंडल में ओओएच नीति (क्षेत्र-1500 वर्ग फीट) के तहत दुमका स्टेशन के स्टेशन परिसंचारी क्षेत्र में 03 वर्ष की अवधि के लिए क्रम सं. एबी/1 के लिए वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। **विवरण-** आसनसोल मंडल में अनुक्रम सं. एसी/1 के लिए आसनसोल रेलवे स्टेशन के पीआरएस टिकट काउंटर और यूटीएस टिकट काउंटर के ऊपरी हिस्से में बैकलिट डिस्प्ले बोर्ड (क्षेत्र-168 वर्ग फीट) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं तथा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपर्युक्त ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-173/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# होटल का गंदा पानी गिर रहा सड़क पर

## लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनवार।** रांची-दुमका मुख्य मार्ग पर स्थित गंगापुर के पास संचालित भवानी होटल से निकलने वाला पानी सड़क पर ही छोड़ दिया जा रहा है। इससे सड़क तो खराब हुई ही है राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। होटल से निकलने वाला पानी के कारण कई स्थान पर सड़क उखड़ गई है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है, जिस कारण आए दिन राहगीरों को सड़क दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है।

राहगीरों की मानें तो गाड़ी स्पीड में रहने के कारण लोग अचानक गड्ढों के समीप आ जाते हैं और असंतुलित होकर गिर पड़ते हैं। लोगों ने बताया कि आदर्श कॉलेज राजधनवार के बगल स्थित मुख्य मार्ग के बगल में संचालित भवानी होटल के संचालक गंदे पानी को मुख्यमार्ग में ही छोड़ दे रहा है। देवघर-दुमका रांची की मुख्य सड़क होने के कारण बसों का भी आना जाना लगा रहता है।

बता दें कि होटल संचालक की मनमानी के कारण सड़क की हालत खराब हो रही है, लेकिन किसी का ध्यान नहीं है। सड़क से हर दिन अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है लेकिन आज तक किसी ने सड़क की खराब हालत पर ध्यान नही दिया।

आदर्श कॉलेज राजधनवार के बगल में भवानी होटल का संचालन किया जा रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों विद्यार्थियों का आना जाना लगा रहता है, लेकिन गंदे पानी की दुर्गंध से विद्यार्थियों को इस मार्ग से आवागमन करना मुश्किल हो रहा है।

# बाबा बैद्यनाथ मंदिर कॉरिडोर निर्माण को ले जनहित याचिका दायर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ मंदिर कॉरिडोर निर्माण के लिए सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने झारखंड हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर किया है। अपने अधिवक्ता के माध्यम से दायर याचिका में सांसद ने चार प्रमुख मुद्दों पर माननीय न्यायालय से आग्रह किया है। पीआइएल में कहा गया है कि बाबा मंदिर में कॉरिडोर का निर्माण करोड़ों तीर्थयात्री की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाए।

मंदिर के सिंह द्वार और आंतरिक स्वरूप से छेड़छाड़ किए बिना किया जाए। मंदिर के आसपास लखराज स्वरूप की जमीन है, जिस पर रहने वाले को मालिकाना हक के साथ उनको मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा स्थानीय लोगों को भी बिना कतार में लगे प्रतिदिन पूजा करने की विशेष सुविधा दी जाए।

जनहित याचिका में, याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि गलियारे का निर्माण तुरंत शुरू किया जाए। अनुमोदित योजना और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार समयबद्ध काम हो। माननीय न्यायालय के तत्वावधान में एक उच्च-स्तरीय निगरानी समिति की निरंतर निगरानी में काम पूरा कराया जाए।

याचिकाकर्ता ने कहा है कि गलियारे का निर्माण इस बात को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए कि गलियारे की प्राचीन संरचना को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। ऐतिहासिक सिंह द्वार और मंदिर के आंतरिक परिसर को नुकसान पहुंचाने या बदलने से पूरी तरह बचना चाहिए, जो मूल गर्भगृह का अभिन्न अंग हैं और लाखों भक्तों द्वारा पूजनीय हैं।

याचिकाकर्ता ने आग्रह किया है कि माननीय न्यायालय द्वारा एक उच्च-स्तरीय निगरानी समिति में एक निश्चित समय-सीमा के भीतर कोरिडोर को पूरा करने का आदेश दिए जाने की तत्काल आवश्यकता है।

सांसद ने याचिका में आग्रह किया है कि कॉरिडोर से प्रभावित सभी लखराज काश्तकारों का ध्यान रखा जाए।मुआवजे के प्रयोजनों के लिए मालिक के रूप में मान्यता मिले। इसके साथ यह सुनिश्चित किया जाए कि कानून के तहत देय सभी मुआवजे का शीघ्र वितरण हो। उनको मालिकाना हक व मुआवजा देने का भी आग्रह किया है।

जनहित याचिका में स्थानीय लोगों के लिए भी आग्रह किया गया है। देवघर के वास्तविक स्थानीय निवासियों जो तीर्थयात्रा गतिविधियों में सहायता और समर्थन करते हैं। उनको मंदिर के साथ उनके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जुड़ाव को मान्यता देते हुए। मंदिर में सुबह के अनुष्ठानों के बाद एक से दो घंटा के लिए बिना सामान्य भक्तों की कतार में लगे दर्शन की सुविधा मिले।

इस याचिका के बाद अब झारखंड हाई कोर्ट को इस पर सुनवाई करनी होगी। कोर्ट इस मामले में सरकार मंदिर प्रबंधन और अन्य संबंधित पक्षों से जवाब मांग सकती है। कोर्ट यह भी तय कर सकती है कि क्या वास्तव में एक निगरानी समिति की आवश्यकता है या नहीं। यह पूरी प्रक्रिया यह तय करेगी कि बाबा बैद्यनाथ धाम का भविष्य कैसा होगा? क्या यह एक आधुनिक सुविधा केंद्र बनेगा या अपनी प्राचीनता को बरकरार रखते हुए विकसित होगा।